

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853 9802414328

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब, बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

राष्ट्रीय सलाहकार संपादक-श्री कृष्णराज अरुण अध्यक्ष,नॉर्थ जोन- न्यूजपेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया NAI दिल्ली 92.

वर्षः 1 अंकः 174 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 09 अप्रैल 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


## 'कोई भी हमारी भ्रष्टाचार की जांच न करे..., विपक्ष पर PM मोदी का तंज,

### बोले– उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने भी झटका दिया

हैदराबाद. पीएम नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए ईडी-सीबीआई की जांच पर सवाल उठाने वाले विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष भी किया है. पीएम मोदी ने कहा कि वह हमेशा से ही जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते रहे हैं. केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने इस्तेमाल का आरोप लगाने वाले कुछ राजनीतिक दलों को तो अब कोर्ट ने भी झटका दे दिया है.




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद पहुंचकर तेलंगाना में 11,360 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया. पीएम मोदी ने हैदराबाद में सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई. इसी दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित कर सरकार की योजनाएं गिनाईं तो वहीं विपक्ष पर भी निशाना साधा. पीएम ने कहा कि विपक्ष ने जांच एजेंसियों के गलत इस्तेमाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां भी उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा.

पीएम नरेंद्र मोदी ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कुछ दिन पहले कुछ राजनीतिक दल कोर्ट में सुरक्षा मांगने गए थे. उनका कहना था कि कोई हमारी भ्रष्टाचार से भरी किताबों की जांच करने की मांग न करे, लेकिन कोर्ट ने उन्हें झटका दे दिया. पीएम ने कहा कि इन किताबों की जांच तो होकर रहेगी.

## निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो से निवेश प्रक्रिया में आएगी तेजी

**दैनिक समाज जागरण चंडीगढ़ CPH एडिटर के आर अरुण राजधानी शिमला ब्यूरो टीना ठाकुर**




**हिमाचल में 10 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े प्लांट**

शिमला- हिमाचल राज्य सरकार उद्योग क्षेत्र को सक्षम आदर्श और शसक्त उद्यमिता के रास्ते मजबूत करने के लिए कई प्रभावी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में राज्य के भीतर निवेशकों को एकल छत सुविधा तंत्र के माध्यम से व्यापार में सुगमता और अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने में विलम्ब को कम करने के लिए प्रदेश में ह्यनिवेश प्रोत्साहन ब्यूरोह्व की स्थापना का प्रस्ताव है।बता दें कि यह ब्यूरो हिमाचल को देश का आदर्श निवेश अनुकूल राज्य बनाएगा और निवेशकों को ह्यप्लग-एंड-प्ले इंटरफेसह्व प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राज्य सरकार पर्यटन, आईटी, सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और अन्य क्षेत्रों में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद कर रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने में निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो से न केवल राज्य में निवेश आने से राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि उद्योग क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के लिए 90 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे ।

**मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देश पर निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो पुरानी एकल खिड़की प्रणाली के स्थान पर कार्य करेगा और इसमें निवेश प्रस्तावों को स्वीकृतियां प्रदान करने की शक्तियां निहित होंगी।**

इस निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो की स्थापना उद्योग विभाग के अंतर्गत की जा रही है और सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को इसमें शामिल किया जाएगा ताकि निवेशकों को प्रदेश में उद्योग-मित्र वातावरण प्रदान किया जा सके और उन्हें निवेश से सम्बंधित किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके साथ ही अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि निवेशकों की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान हो और कार्य में विलम्ब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के लिए दण्डात्मक प्रावधान भी होगा।

प्रदेश सरकार विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने लिए निवेश नीति की दिशा में भी कारगर प्रयास कर रही है। भविष्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार ने समग्र निवेश नीति तैयार करके राज्य में लागू करने का निर्णय लिया है। इससे निवेशकों को तीव्र और बहुआयामी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा सुक्खू राज्य सरकार प्रदेश में रेल सम्पर्क और सड़कों के विस्तार पर विशेष बल दे रही है। इससे उद्योगों को कच्चे माल और तैयार उत्पादों के परिवहन में सुविधा होगी।

**पर्यावरण के अनुकूल उद्योगों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), जैव प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन, फार्मा इकाइयों आदि से सम्बंधित इकाइयों पर विशेष बल दिया जा रहा है।**
**पर्यटन और सम्बंधित क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने पर भी बल दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 तक राज्य को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है क्योंकि इसमें निवेश और रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।**

हिमाचल सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों से लेकर बड़े उद्योगों को विभिन्न सुविधाएं और लाभ समय-समय पर प्रदान किए जा रहे हैं। ऊना में बल्क ड्रग पार्क और फार्मा सेक्टर के कार्यान्वयन के लिए उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में राज्य कार्यान्वयन एजेंसी (एसआईए) कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा नालागढ़ में मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क के लिए 2110 करोड़ रुपये के समझौते ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए है।

## दैनिक समाज जागरण नोएडा ग्रुप एडिटर्स बोर्ड के चेयरमैन बनाए गए श्री कृष्णराज अरुण

नोएडा दैनिक समाज जागरण डेस्क- देश में तेजी से फैल रहे कई राज्यों में २ संस्करणों में नोएडा से संचालित दैनिक समाज जागरण के सलाहकार संपादक श्री कृष्ण अरुण को ग्रुप एडिटर्स बोर्ड में चेयरमैन के रूप में अधिकृत किया गया है।

श्री अरुण प्रसिद्ध समाचार पत्रों की संस्था न्यूजपेपर्स ऐसोसिएशन आफ इंडिया दिल्ली के उत्तरी भारत एवम वेस्ट जोन मुंबई के चेयरमैन होने के साथ साथ दैनिक समाज जागरण के हरियाणा में सीपीएच एडिशन के एडिटर भी हैं। वे पूर्व पीएम भारतरत्न नंदा के परमशिष्य एवम गुलजारीलाल नन्दा फाउंडेशन के चेयरमैन भी हैं।

दैनिक समाज जागरण पब्लिकेशन के प्रमुख एवम प्रधान संपादक श्री रमन कुमार झा ने श्री अरुण को समाचार पत्र की विकास यात्रा को सभी स्तरों पर भूमिका निर्वाह के लिए अधिकृत किया है।

श्री अरुण ने दैनिक समाज जागरण के प्रबंधन के निर्णय का स्वागत करते हुए ग्रुप एडिटर्स बोर्ड चेयरमैन के दायित्व को पूरी निष्ठा से कर्तव्य निर्वाह का भरोसा दिलाया।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के हर हिस्से में समाचार पत्र के हर एडिशन में संसाधन सम्पन्न श्रेष्ठ व्यक्तिव सुयोग्य पात्रों को बोर्ड आफ डायरेक्टर चयनित करेंगे। सभी सहकारिता सदस्य उद्यमी होंगे जिनमें श्री रमन कुमार झा, श्री कृष्णराज अरुण, डा ज्योत्सना जुली झा, विष्णु सिकरवार, हरकेश सैनी, उषा नेनवाल, अनिल पांडे, अभिनेत्री दीप्ति,सहित 11सदस्यीय समिति बोर्ड आफ डायरेक्टर सूची में शामिल हैं।

श्री अरुण ने कहा कि अब यह समाचार पत्र भारत रत्न नंदा के मीडिया मिशन नैतिक शक्ति के रूप में समाज जागरण के दायित्व निर्वाह को पूरा करेगा।

उन्होंने आज समाचार पत्र की प्रबंध निदेशक ज्योत्सना जुली एवम अन्य सदस्यों के समक्ष घोषणा में कहा कि वे केवल अपने सीपी एच संस्करण हरियाणा से ही मीडिया उद्योग व्यवसाय के हक दार होंगे अन्य किसी संस्करण से या नोएडा से कोई कमाई वेतन नहीं लेंगे यह पद खुद त्यागपत्र देने तक स्थाई रहने का जो सम्मान मिला है उसका हम पूरा सम्मान रखेंगे।

दैनिक समाज जागरण डिजिटल चैनल हो या प्रिंट मीडिया दोनो ही समाज के हकों के लिए जन आंदोलित मीडिया मिशन रहेगी। सहकारिता मिशन का रूप होगा दैनिक समाज जागरण

अपने घोषणा पत्र में उन्होंने कहा कि देनिक समाज जागरण भारत रत्न नंदा जी के लक्ष्य को ध्यान में रखकर केवल उनका पद जनसेवा पत्रकरिता के रूप में स्वैच्छिक योगदान पद रहेगा।

8 उम्मीदवार पात्रों में से महिला उद्यमी को बनाएंगे पात्र-

"राजधानी दिल्ली संस्करण स्वाधीनता दिवस से दैनिक समाज जागरण प्रकाशन की तैयारी

डिजिटल चैनल भी होगा समाज जागरण का दिल्ली में-

हरियाणा कालाआम से भी संचालित होगा डिजिटल चैनल-

बता दें कि श्री कृष्णराज अरुण को उनके घोषणा पत्र में स्वैच्छिक योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रकाशन की प्रबंध निदेशक जुली ज्योत्सना झा ने देनिक समाज जागरण ग्रुप एडिटर्स बोर्ड चेयरमैन पद की सहमति देने के बाद यह सबसे खास रहा कि श्री अरुण जी के घोषणा पत्र अनुसार अवेतनिक रहेंगे उनका प्रकाशन सीपीएच एडिशन ही उनका मीडिया उद्यम व्यवसाय उद्योग होगा।



**(दैनिक समाज जागरण नोएडा प्रकाशन के ग्रुप आफ एडिटर्स चेयरमैन चयनित श्री कृष्णराज अरुण)**

उन्होंने कहा कि हम पूर्ण समर्थन के साथ उनके गुरुत्व मार्गदर्शन में नोएडा राष्ट्रीय मुख्यालय उनके निदेशों के पालन का संकल्प ले चुका है ताकि पूर्व पीएम भारतरत्न नंदा जी के सपने साकार किए जा सकें।

## ...तो भगवान राम की धरती अयोध्या में पर्यटकों को मिलेगा फ्लाई रेस्टोरेंट में भोजन

**–हेलीकॉप्टर से यात्रा के साथ ही पर्यटकों को मिल सकती है यह यूनिक सेवा भी**

**–160 फीट आसमान में भोजन देने की सेवा फ्लाइ रेस्टोरेंट अभी है नोएडा में**

**शशिकांत ओझा ब्यूरोचीफ समाज जागरण**

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में भगवान राम का प्रसिद्ध मंदिर तो बन ही रहा है। देश दुनिया के पर्यटकों के लिए पर्यटन विभाग विशेष तैयारी करने की कार्ययोजना पर काम कर रहा है। शीघ्र ही अयोध्या में पर्यटकों को आसमान में भोजन की सेवा फ्लाई रेस्टोरेंट की सुविधा मिल सकती है। अयोध्या की हेलीकॉप्टर से सैर की योजना पर तो काम चल ही रहा है।

अयोध्या में बनेगा फ्लाई रेस्टोरेंट, पर्यटक 160 फीट ऊपर आसमान में लेंगे स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद। यह योजना अभी नोएडा में है।





अयोध्या में हेलीकॉप्टर से हवाई यात्रा करने के साथ ही पर्यटक आसमान में स्वादिष्ट खाने का स्वाद ले सकेंगे। पर्यटन विभाग इसके लिए फ्लाई रेस्टोरेंट खुलवाने की तैयारी में हैं। जो गोवा और नोएडा की तर्ज पर होगा। जहां लोग जमीन से 160 फीट ऊपर खाना स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ ले सकेंगे। यह रेस्टोरेंट पब्लिक, प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर आधारित होगा। जिसके लिए विभाग ने पूरे देश के निवेशकों से आवाहन किया है। इच्छुक उद्यमियों को विभाग 20% सब्सिडी के साथ उनके इच्छा के अनुरूप जमीन भी मुहैया कराएगा। अयोध्या में पर्यटक फ्लाई रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट खाने का स्वाद ले सकेंगे। श्रीराम की नगरी अयोध्या में एक तरफ मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है, तो दूसरी तरफ पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए केंद्र और यूपी सरकार अयोध्या आने वाले पर्यटक के लिए हर सुविधा मुहैया कराने का प्रबंध कर रही है। सरकार गोवा, अहमदाबाद, मुंबई, नोएडा और बंगलौर की तर्ज पर अयोध्या में भी फ्लाई रेस्टोरेंट खोलने की तैयारी में है। जो यूपी का दूसरा रेस्टोरेंट होगा। इससे पहले नोएडा के सेक्टर-38 में फ्लाई रेस्टोरेंट 2019 में खुला था। फ्लाई रेस्टोरेंट में बैठकर अयोध्या को आसमान से देखने को मिलेगा मौका।

### नयाघाट और गुप्तारघाट निवेशकों की पसंद

अयोध्या आने वाले हर निवेशकों की पहली पसंद नया घाट और गुप्तारघाट है। उद्यमी जहां तैयार होंगे, वहां फ्लाई रेस्टोरेंट स्थापित करने के लिए जमीनें दी जाएगी। रेस्टोरेंट स्थापित करने की समय सीमा अभी निर्धारित नहीं की गई है।

## बूथ कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा नेता : लालजी वर्मा

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



जौनपुर। समाजवादी पार्टी के 73 लोकसभा जौनपुर व 74 लोकसभा मछलीशहर के बूथ गठन हेतु नगर के हिन्दी भवन में आयोजित कार्यकर्ता बैठक के मुख्य अतिथि बूथ गठन प्रभारी, राष्ट्रीय महासचिव, विधायक लालजी वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा नेता हमारा बूथ पर है जो समाजवादी पार्टी को वोट दिलाने और अपना बूथ जिताने का काम करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का निर्देश है कि हमारे बूथों कार्यकताओं का सम्मान हमारे लिए सर्वप्रिय है। जो नेता उनका सम्मान नहीं करेगा, उसे कभी सम्मान नहीं मिलेगा। आप लोगों की बदौलत ही देश से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया जायेगा। भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है। पुलिस फर्जी एनकांउन्टर करती है। श्री वर्मा ने कहा कि अब 2024 का चुनाव देखकर वोट के लिए भाजपा सरकार शिलान्यास कर रही है। केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार ने अब तक 17 बजट प्रस्तुत किये हैं लेकिन आम जनता की आर्थिक स्थिति में सुधार होने के बजाय और दयनीय होती जा रही है।

सपा जिलाध्यक्ष डा. अवध नाथ पाल ने कहा कि बूथ स्तर तक का गठन समाजवादी पार्टी हर जाति व धर्म के लोगों को साथ जोड़कर चलना ही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य है। हमारे बूथों नेताओं का सम्मान ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है।

इस अवसर पर विधायक पंकज पटेल, पूर्व विधायक लल्लन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव, लाल बहादुर यादव, राम यादव, राज नरायन बिन्द, मो. अरशद खान, सुषमा पटेल, दीपचंद्र सोनकर, कैलाश सोनकर, बिरजू राम, राज बहादुर यादव, यशवंता यादव, राकेश मौर्या, राहुल त्रिपाठी, राजन यादव, राजेंद्र टाइगर, श्रवण जायसवाल गांधी, राजेश यादव, दीपचंद राम, भानु प्रताप मौर्या, शिवजीत यादव, नीरज पहलवान, सोचन राम विश्कर्मा, रमेश साहनी, कमालुद्दीन अंसारी, इरशाद अंसारी, अली मंजर डेजी, दिनेश यादव फौजी, अनिल फौजी, मालती निषाद, शबनम नाज, मनोज मौर्या सहित तमाम सपाजन उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

### कार्यकताओं के सवाल पर हुआ बवाल, हुई धक्का–मुक्की, भड़का आक्रोश

समाजवादी पार्टी की लोकसभा सदर एवं मछलीशहर के बूथ कमेटी के गठन एवं सुझाव हेतु हिंदी भवन में कार्यकर्ता बैठक हुई जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी, राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक लालजी वर्मा मौजूद थे। जौनपुर जिलाध्यक्ष डॉ अवधनाथ पाल के आश्वासन के बाद भी कार्यकताओं को मंच से बोलने नहीं दिया गया। जब वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र यादव टाइगर, अली मंजर डेजी जैसे वरिष्ठ कार्यकताओं ने सवाल उठाया तो उनके साथ धक्का–मुक्की की गयी। इतना ही नहीं, मंच से कहा गया कि सभी लोग अपने मोबाइल का स्विच ऑफ कर दें। इस घटना का वीडियो और फोटो न बनायें। इससे कार्यकताओं में बड़ा रोष देखा गया। वहीं इसको लेकर जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीणांचलों तक चचाओं का बाजार भी गर्म हो गया।



## निमाणर्धीन थाना भवन के ठेकेदार व मुंशी से रंगदारी मांगने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

जमुई/ जमुई के चकाई थानाक्षेत्र के बीचकोड़वा में निर्माणधीन थाना भवन के ठेकेदार व मुंशी से रंगदारी की मांग किये जाने के मामलें में पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है ।जानकारी देते हुए चकाई पुलिस ने बताया कि निर्माणधीन थाना भवन के ठेकेदार और मुंशी से रंगदारी मांगे जाने की सूचना चकाई थाना में प्राप्त हुआ. जिसमें रंगदारी नहीं देने पर काम बंद करने एवं जान मारने की धमकी भी दिया।जिसके बाद आवेदक मृत्युंजय कुमार सिंह ने चकाई थाना में लिखित आवेदन दिया।पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन के दिशा निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें पुअनि विजय कुमार,डीआईयू एवं पदाधिकारी बल शामिल होकर त्वरित कार्रवाई करते हुये रंगदारी मांगने वाले अभियुक्त छोटू कुमार यादव को उसके घर रंगनियां थाना चकाई से गिरफ्तार किया।जिसमें उसने स्वीकार किया कि अरबिंद यादव के नाम पर ठेकेदार एवं मुंशी से रंगदारी मांगा।वही अभियुक्त ने पुलिस के डर से अपना मोबाईल एवं सीम को तोड़कर एक कुंआ में फेंक दिया।साथ ही बताया कि पकड़े गये अभियुक्त पर चकाई थाना में कई मामला दर्ज है और कुछ दिन पूर्व एक मामलें में वह जेल जा चुका है. जिसके बाद वह सप्ताह पूर्व जेल से निकला और निकलते ही रंगदारी मांगा। वही पकड़े गये अभियुक्त पर कागजी कार्रवाई करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया गया।

# राहुल सांकृत्यायन

**जीवन परिचय**

राहुल सांकृत्यायन जी का जन्म 9 अप्रैल, 1893 को पन्दहा ग्राम, ज़िला आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) में हुआ। राहुल सांकृत्यायन के पिता का नाम गोवर्धन पाण्डे और माता का नाम कुलवन्ती था। इनके चार भाई और एक बहिन थी, परन्तु बहिन का देहान्त बाल्यावस्था में ही हो गया था। भाइयों में ज्येष्ठ राहुल जी थे। पितृकुल से मिला हुआ उनका नाम 'केदारनाथ पाण्डे' था। सन् 1930 ई. में लंका में बौद्ध होने पर उनका नाम 'राहुल' पड़ा। बौद्ध होने के पूर्व राहुल जी 'दामोदर स्वामी' के नाम से भी पुकारे जाते थे। 'राहुल' नाम के आगे 'सांस्कृत्यायन' इसलिए लगा कि पितृकुल सांकृत्य गोत्रीय है।

बाल्य काल

राहुल जी का बाल्य जीवन ननिहाल अर्थात पन्दहा ग्राम में व्यतीत हुआ। राहुल जी के नाना का नाम था पण्डित राम शरण पाठक, जो अपनी युवावस्था में फौज में नौकरी कर चुके थे। नाना के मुख से सुनी हुई फौजी जीवन की कहानियाँ, शिकार के अद्भुत वृत्तान्त, देश के विभिन्न प्रदेशों का रोचक वर्णन, अजन्ता-एलोरा की किवदन्तियों तथा नदियों, झरनों के वर्णन आदि ने राहुल जी के आगामी जीवन की भूमिका तैयार कर दी थी। इसके अतिरिक्त दर्जा तीन की उर्दू किताब में पढ़ा हुआ 'नवाजिन्दा-बाजिन्दा' का शेर

सैर कर दुनिया की गाफिल ज़िन्दगानी फिर कहाँ,<br>
ज़िन्दगी गर कुछ रही तो नौजवानी फिर कहाँ

राहुल जी को दूर देश जाने के लिए प्रेरित करने लगा। कुछ काल पश्चात घर छोड़ने का संयोग यों उपस्थित हुआ कि घी की मटकी सम्भाली नहीं और दो सेर घी जमीन पर बह गया। अब नाना की डाँट का भय था, नवाजिन्दा बाजिन्दा का वह शेर और नाना के ही मुख से सुनी कहानियाँ इन सबने मिलकर केदारनाथ पाण्डे (राहुल जी) को घर से बाहर निकाल दिया।

**जीवन यात्रा**

राहुल जी की जीवन यात्रा के अध्याय इस प्रकार हैं-

पहली उड़ान वाराणसी तक<br>
दूसरी उड़ान कलकत्ता तक<br>
तीसरी उड़ान पुनः कलकत्ता तक

इसके बाद पुनः वापस आने पर हिमालय की यात्रा पर गये, सन् 1990 ई. से 1914 ई. तक वैराग्य से प्रभावित रहे और हिमालय पर यायावर जीवन जिया। वाराणसी में संस्कृत का अध्ययन किया। परसा महन्त का सहचर्य मिला, आगरा में पढ़ाई की, लाहौर में मिशनरी कार्य किया, इसके बाद पुनः 'घुमक्कड़ी का भूत' हावी रहा। कुर्ग में भी चार मास तक रहे।

राजनीति में प्रवेश (1921-27)

राहुल सांकृत्यायन ने छपरा के लिए प्रस्थान किया, बाढ़ पीड़ितों की सेवा की, स्वतंत्रता आंदोलन में सत्याग्रह में भाग लिया और उसमें जेल की सजा मिली, बक्सर जेल में छः मास तक रहे, ज़िला कांग्रेस के मंत्री रहे, इसके बाद नेपाल में डेढ़ मास तक रहे, हजारी बाग जेल में रहे। राजनीतिक शिथिलता आने पर पुनः हिमालय की ओर गये, कौंसिल का चुनाव भी लड़ा।

लंका के लिए प्रस्थान (1927)

राहुल सांकृत्यायन ने लंका में 19 मास प्रवास किया, नेपाल में अज्ञातवास किया, तिब्बत में सवा बरस तक रहे, लंका में दूसरी बार गये, इसके बाद सत्याग्रह के लिए भारत में लौटकर आये। कुछ समय बाद लंका के लिए तीसरी बार प्रस्थान किया।

**यात्राएँ (1932-33)**

राहुल सांकृत्यायन ने इंग्लैण्ड और यूरोप की यात्रा की। दो बार लद्दाख यात्रा, दो बार तिब्बत यात्रा, जापान, कोरिया, मंचूरिया, सोवियत भूमि (1935 ई.), ईरान में पहली बार, तिब्बत में तीसरी बार 1936 ई. में, सोवियत भूमि में दूसरी बार 1937 ई. में, तिब्बत में चौथी बार 1938 ई.में यात्रा की।

आंदोलन (1938)

किसान मजदूरों के आन्दोलन में 1938-44 तक भाग लिया, किसान संघर्ष में 1936 में भाग लिया और सत्याग्रह भूख हड़ताल किया।

**सजा, जेल और एक नये जीवन का प्रारम्भ**

राहुल सांकृत्यायन जी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बने। जेल में 29 मास (1940-42 ई.) रहे। इस-



के बाद सोवियत रूस के लिए पुनः प्रस्थान किया। रूस से लौटने के बाद राहुल जी भारत में रहे और कुछ समय के पश्चात चीन चले गये, फिर लंका चले गये।

**महान पर्यटक**

राहुल जी की प्रारम्भिक यात्राओं ने उनके चिंतन को दो दिशाएँ दीं। एक तो प्राचीन एवं अवार्चीन विषयों का अध्ययन तथा दूसरे देश-देशान्तरों की अधिक से अधिक प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करना। इन दो प्रवृत्तियों से अभिभूत होकर राहुल जी महान् पर्यटक और महान् अध्येता बने।

**धर्म**

कट्टर सनातनी ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर भी सनातन धर्म की रूढ़ियों को राहुल जी ने अपने ऊपर से उतार फेंका और जो भी तर्कवादी धर्म या तर्कवादी समाजशास्त्र उनके सामने आते गये, उसे ग्रहण करते गये और शनैः शनैः उन धर्मों एवं शास्त्रों के भी मूल तत्वों को अपनाते हुए उनके बाह्य ढाँचे को छोड़ते गये।

सनातन धर्म से, आर्य समाज से और बौद्ध धर्म से साम्यवाद-राहुल जी के सामाजिक चिन्तन का क्रम है, राहुल जी किसी धर्म या विचारधारा के दायरे में बँध नहीं सके। 'मज्झिम निकाय' के सूत्र का हवाला देते हुए राहुल जी ने अपनी 'जीवन यात्रा' में इस तथ्य का स्पष्टीकरण इस प्रकार किया है-

ह्लबड़े की भाँति मैंने तुम्हें उपदेश दिया है, वह पार उतरने के लिए है, सिर पर ढोये-ढोये फिरने के लिए नहीं-तो मालूम हुआ कि जिस चीज को मैं इतने दिनों से ढूँढता रहा हूँ, वह मिल गयीह्व।

**मेधावी व्यक्तित्व के धनी**

यद्यपि राहुल जी के जीवन में पर्यटक वृत्ति सदैव प्रधान रही, परन्तु उनका पर्यटन केवल पर्यटन के लिए ही नहीं रहा। पर्यटन के मूल में अध्ययन की प्रवृत्ति सर्वोपरि रही। अनेक धार्मिक एवं राजनीतिक वलयों में रहने के बाद भी उनके अध्ययन एवं चिन्तन में कभी जड़ता नहीं आने पायी। राहुल जी बाल्यकाल से ही मेधावी थे। समूचे दर्जे में अव्वल होना उनके लिए साधारण बात थी। परिस्थितियों के अनुसार जिस विषय के सम्पर्क में वे आये, उसकी पूरी जानकारी प्राप्त करना उनका व्यक्तिगत धर्म बन गया। वाराणसी में जब संस्कृत से अनुराग हुआ, तो सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य एवं दर्शनादि को पढ़ लिया। कलकत्ता में अंग्रेजी से पाला पड़ा तो कुछ समय में अंग्रेजी के ज्ञाता बन गये। आर्य समाज का जब प्रभाव पड़ा तो वेदों को मथ डाला। बौद्ध धर्म की ओर जब झुकाव हुआ तो पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, तिब्बती, चीनी, जापानी, एवं सिंहली भाषाओं की जानकारी लेते हुए सम्पूर्ण बौद्ध ग्रन्थों का मनन किया और सर्वश्रेष्ठ उपाधि 'त्रिपिटिका चार्य' की पदवी पायी। साम्यवाद के क्रोड़ में जब राहुल जी गये तो कार्ल मार्क्स, लेनिन तथा स्तालिन के दर्शन से पूर्ण परिचय हुआ। प्रकारान्तर से राहुल जी इतिहास, पुरातत्त्व, स्थापत्य, भाषाशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र के अच्छे ज्ञाता थे।

**घुमक्कड़ी स्वाभाव**

**राहुल सांकृत्यायन प्रतिमा**

राहुल सांकृत्यायन का मानना था कि घुमक्कड़ी मानव-मन की मुक्ति का साधन होने के साथ-साथ अपने क्षितिज विस्तार का भी साधन है। उन्होंने कहा भी था कि- "कमर बाँध लो भावी घुमक्कड़ों, संसार तुम्हारे स्वागत के लिए बेकरार है।" राहुल ने अपनी यात्रा के अनुभवों को आत्मसात करते हुए ह्यघुमक्कड़ शास्त्रह्व भी रचा। वे एक ऐसे घुमक्कड़ थे जो सच्चे ज्ञान की तलाश में था और जब भी सच को दबाने की कोशिश की गई तो वह बागी हो गये। उनका सम्पूर्ण जीवन अन्तर्विरोधों से भरा पड़ा है।

बड़े की भाँति मैंने तुम्हें उपदेश दिया है, वह पार उतरने के लिए है, सिर पर ढोये-ढोये फिरने के लिए नहीं-तो मालूम हुआ कि जिस चीज को मैं इतने दिनों से ढूँढता रहा हूँ, वह मिल गयीह्व।- राहुल सांकृत्यायन

वेदान्त के अध्ययन के पश्चात जब उन्होंने मंदिरों में बलि चढ़ाने की परम्परा के विरुद्ध व्याख्यान दिया तो अयोध्या के सनातनी पुरोहित उन पर लाठी लेकर टूट पड़े। बौद्ध धर्म स्वीकार करने के बावजूद वह इसके ह्यपुनर्जन्मवादह्व को नहीं स्वीकार पाए। बाद में जब वे मार्क्सवाद की ओर उन्मुख हुए तो उन्होंने तत्कालीन सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी में घुसे सत्तालोलुप सुविधापरस्तों की तीखी आलोचना की और उन्हें आन्दोलन के नष्ट होने का कारण बताया। सन् 1947 में अखिल भारतीय साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रूप में उन्होंने पहले से छपे भाषण को बोलने से मना कर दिया एवं जो भाषण दिया, वह अल्पसंख्यक संस्कृति एवं भाषाई सवाल पर कम्युनिस्ट पार्टी की नीतियों के विपरीत था। नतीजन पार्टी की सदस्यता से उन्हें वंचित होना पड़ा, पर उनके तेवर फिर भी नहीं बदले। इस कालावधि में वे किसी बंदिश से परे प्रगतिशील लेखन के सरोकारों और तत्कालीन प्रश्नों से लगातार जुड़े रहे। इस बीच मार्क्सवादी विचारधारा को उन्होंने भारतीय समाज की ठोस परिस्थितियों का आंकलन करके लागू करने पर जोर दिया। अपनी पुस्तक ह्यवैज्ञानिक भौतिकवादह्व एवं ह्यदर्शन-दिग्दर्शनह्व में इस सम्बन्ध में उन्होंने सम्यक प्रकाश डाला। अन्ततः सन् 1953-54 के दौरान पुनः एक बार वे कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बनाये गये।

**साहित्यिक जीवन**

अपनी 'जीवन यात्रा' में राहुल जी ने स्वीकार किया है कि उनका साहित्यिक जीवन सन 1927 से प्रारम्भ होता है। वास्तविक बात तो यह है कि राहुल जी ने किशोरावस्था पार करने के बाद ही लिखना शुरू कर दिया था। जिस प्रकार उनके पाँव नहीं रुके, उसी प्रकार उनके हाथ की लेखनी भी कभी नहीं रुकी। उनकी लेखनी से विभिन्न विषयों पर प्रायः 150 से अधिक ग्रन्थ प्रणीत हुए हैं। प्रकाशित ग्रन्थों की संख्या सम्भवतः 129 है। लेखों, निबन्धों एवं वक्तृतताओं की संख्या हजारों में हैं।

# विषम परिस्थितियों में मनोबल संयम और साहस ही मनुष्य के सच्चे साथी'

सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,

पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैं' यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है' मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है' मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है' एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊजार्वान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है' जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं' आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊजार्वान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए'

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है ।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्त्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है ।आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें,जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं।

जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना,अपनी क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। इसीलिए जीवन में सफलता के लिए मानसिक स्थिति में दृढ़ता, कठोर संकल्प

,एवं निरंतर श्रम अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। अपने जीवन को सफल बनाने एवं श्रेष्ठ जीवन की निर्मात्रि आपकी इच्छा शक्ति ऊर्जा और मानसिक संतुलन ही है। यदि मानसिक संतुलन में हताशा आई तो परिणाम ऋणआत्मक भी हो सकते हैं,और यही कारण है कि चिंतकों दार्शनिकों और महान अध्यापकों ने कहा है कि मन को सदैव ऊजार्वान और सकारात्मक सोच से परिपूर्ण रख लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।



संजीव ठाकुर,चिंतक,लेखक,
रायपुर छत्तीसगढ़

# भारतीय संस्कृति

परिचय इतिहास भूगोल संविधान धर्म कृषि वन्य जीवन भाषा शिक्षा कला संस्कृति खानपान रक्षा राज्य पर्यटन आलेख

भारतीय संस्कृति

भारतीय संस्कृति के विभिन्न रूप

विवरण भारतीय संस्कृति भारत के विस्तृत इतिहास, साहित्य, विलक्षण भूगोल, विभिन्न धर्मों तथा उनकी परम्पराओं का सम्मिश्रण है। भारतीय संस्कृति को 'देव संस्कृति' कहकर भी सम्मानित किया गया है।

मुख्य भाषाएँ असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, मराठी, मलयालम, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, तमिल, तेलुगु, उर्दू, सिंधी, कोंकणी, मणिपुरी, बोडो, डोगरी, मैथिली, संथाली आदि

साहित्य-दर्शन वेद, उपनिषद, पुराण, गीता, जैन साहित्य, बौद्ध साहित्य, वैशेषिक दर्शन, सांख्य दर्शन, दर्शन शास्त्र, जैन दर्शन, बौद्ध दर्शन आदि

धर्म हिन्दू, इस्लाम, जैन, बौद्ध, पारसी, सिक्ख धर्म, ईसाई

कला स्थापत्य कला, मूर्तिकला, चित्रकला, नृत्यकला, भारतीय संगीत (गायन, वादन)

प्रतीक ॐ, तुलसी, गाय, स्वस्तिक, पीपल, सूर्य, दीपक, तिलक, शिवलिंग, कमल, शंख आदि

मुख्य त्योहार दीपावली, रक्षाबंधन, होली, ईद-उल-फि तर, लोहड़ी, पोंगल, वैशाखी, विशु, बिहू

उत्सव और मेले कुम्भ मेला, यम द्वितीया, गुरु पूर्णिमा, जगन्नाथ रथयात्रा, खजुराहो नृत्य महोत्सव, अम्बुवासी मेला, पुष्कर मेला आदि

खान-पान भारतीय भोजन (निरामिष एवं सामिष)

मुख्य खेल कबड्डी, शतरंज, हॉकी, क्रिकेट, खो-खो, गुल्ली डंडा, निशानेबाजी, कुश्ती, मुक्केबाजी आदि

भारत के बहु-सांस्कृतिक भण्डार और विश्वविख्यात विरासत के सतत अनुस्मारक के रूप में भारतीय इतिहास के तीन हजार से अधिक वर्ष की जानकारी और अनेक सभ्यताओं के विषय में बताया गया है। भारत के निवासी और उनकी जीवन शैलियाँ, उनके नृत्य और संगीत शैलियाँ, कला और हस्तकला जैसे अन्य अनेक विधाएँ भारतीय संस्कृति और विरासत के विभिन्न वर्णों को प्रस्तुत करती हैं, जो देश की राष्ट्रीयता का सच्चा चित्र प्रस्तुत करते हैं। इस खण्ड में उन सभी तत्वों को शामिल किया गया है जो भारत की संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं। भारत की संस्कृति कई चीजों को मिला-जुलाकर बनती है जिसमें भारत का लम्बा इतिहास, विलक्षण भूगोल और सिन्धु घाटी की सभ्यता के दौरान बनी और आगे चलकर वैदिक युग में विकसित हुई, बौद्ध धर्म एवं स्वर्ण युग की शुरूआत और उसके अस्तगमन के साथ फली-फूली अपनी खुद की प्राचीन विरासत शामिल हैं। इसके साथ ही पड़ोसी देशों के रिवाज, परम्पराओं और विचारों का भी इसमें समावेश है। भारतीय संस्कृति विश्व की प्रधान संस्कृति है, यह कोई गर्वोक्ति नहीं, बल्कि वास्तविकता है। हजारों वर्षों से भारत की सांस्कृतिक प्रथाओं, भाषाओं, रीति-रिवाजों आदि में विविधता बनी रही है जो कि आज भी विद्यमान है और यही अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की महान् विशेषता है।

सिंधु घाटी सभ्यता कालीन बर्तन

800 ई. से 1200 ई. का काल आर्थिक और सामाजिक जीवन तथा धर्म के लिए उपयुक्त है। आर्थिक व्यवस्था, समाज, धार्मिक विश्वास तथा मानव विचार राजनीति से कहीं कम परिवर्तनशील है। इसीलिए ऐसी कई विशेषताएँ जो नौवीं शताब्दी के पूर्व पायी जाती थीं, अभी भी जारी थीं। पर साथ ही कुछ ऐसी भी बातें थीं, जिससे इस काल को पहले के युग से भिन्न माना जाता है। सामान्यतः इस ऐतिहासिक काल में नए तत्वों के साथ पुराने तत्त्व भी विद्यमान रहते हैं, पर परिवर्तन की दिशाएँ भिन्न रहती हैं।

**वाणिज्य और व्यापार**

उत्तर काल में यह काल सामान्यतः जड़ता तथा ह्रास का काल माना जाता है। इसका मुख्य कारण यह था कि सातवीं शताब्दी और दसवीं शताब्दी के बीच वाणिज्य और व्यापार में गतिरोध आ गया था। इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में नगरों तथा नागरिक जीवन का ह्रास हुआ। वाणिज्य और व्यापार में गतिरोध का मुख्य कारण पश्चिम में रोमन साम्राज्य का पतन था। जिसके साथ भारत का बड़े पैमाने पर तथा मुनाफे का व्यापार होता था। भारत में कभी भी बड़ी मात्रा में सोने और चाँदी के खनन का काम नहीं हुआ। सोना और चाँदी जिसके लिए भारत विख्यात था, वह भारत के लाभकारी व्यापार के कारण था क्योंकि मुनाफे के रूप में यहाँ सोना और चाँदी आते थे। इस्लाम के उदय से भी, जिससे सासानीद (ईरानी) जैसे प्राचीन साम्राज्यों का पतन हो गया, भारत के व्यापार और विशेष कर जमीन के रास्ते होने वाले व्यापार पर बहुत असर पड़ा। परिणामस्वरूप उत्तरी भारत में आठवीं और दसवीं शताब्दी के बीच नई स्वर्ण मुद्राओं की बहुत कमी हो गई। पश्चिम एशिया तथा उत्तरी अफ्रीका में विस्तृत और शक्तिशाली अरब साम्राज्य में ऐसे कई क्षेत्र शामिल थे जिनमें बड़ी मात्रा में खानों से स्वर्ण निकाला जाता था। अरब स्वयं भी समुद्र प्रेमी व्यक्ति थे। भारतीय कपड़ों, मसालों तथा लोबान के लिए अमीर अरब शासकों की माँग के कारण भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के द्वीपों को मसालों के द्वीप के नाम से जाना जाता था। नौवीं और दसवीं शताब्दी के बीच कई अरब यात्री पश्चिमी तट के नगरों में आए और उन्होंने देश की तत्कालीन स्थिति का विवरण किया है। दसवीं शताब्दी के बाद उत्तर भारत में विदेश व्यापार और वाणिज्य में धीरे-धीरे फिर वृद्धि हुई। व्यापार के इस पुनरुत्थान से सबसे अधिक लाभ मालवा और गुजरात को पहुँचा। गुजरात में चंपानेर और अंकिलेश्वर जैसे कई नगरों की नींव इसी काल में पड़ी। उन दिनों भारत की जनसंख्या दस करोड़ से भी कम थी, अर्थात आज की तुलना में, छटे हिस्से से भी कम थी। देश का एक बड़ा भाग जंगलों से ढका था जिनमें जंगली पशुओं के अलावा ऐसे कबीले थे जो राहगीरों को लूट लेते थे। नदियों पर पुल नहीं थे और बरसात के मौसम में सड़कें बहुत खराब हो जाती थीं। इन कारणो से उन दिनों यात्रा, चाहे व्यापार हो या फिर शौक के लिए, कभी भी खतरे से खाली नहीं थी। सुरक्षा के ध्यान से व्यापारी तथा अन्य लोग कारवों में चलते थे जिसकी सुरक्षा उनके अपने सैनिक करते थे। इसके बावजूद कभी-कभी साहसी लुटेरे उन्हें लूट लेते थे।

**बच्चे के साथ महिला, मोन, नागालैंड उपजातियों का रूप**

उस समय की कहानियों की किताबों में यात्रा के खतरों का बड़ा रोचक वर्णन मिलता है। गाँवों में जीवन और सम्पत्ति की असुरक्षा से यात्रा और भी कठिन थी और इस कारण भी वाणिज्य और व्यापार का ह्रास हुआ। इससे एक नये समाज का उदय हुआ जिसमें ग्रामीण क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से अधिक आत्म-निर्भर होते गए। कुछ लोग समाज के इस विकास को सामंतवाद के विकास के साथ जोड़ते हैं। आंतरिक व्यापार के ह्रास से उत्तर भारत में व्यापार संघ, जिन्हें श्रेणी और संघ कहा जाता था, भी कमजोर पड़े। इन व्यापार संघों में अधिकतर विभिन्न जाति के लोग थे पर श्रेणियों के आचरण के अपने नियम थे जो इसके सभी सदस्यों को मानने पड़ते थे। वे पैसों के लेन-देन तथा दान प्राप्त करने का भी अधिकार रखते थे। वाणिज्य और व्यापार के ह्रास के साथ-साथ इन संघों का महत्त्व भी कम हो गया। इस काल में इन संघों द्वारा दान प्राप्त करने की बहुत कम चर्चा उपलब्ध है। कालान्तर में कुछ पुरानी श्रेणियों ने उपजातियों का रूप धारण कर लिया, उदाहरणार्थ - दास, वैश्यों की एक उपजाति बन गया। व्यापारी वर्ग अधिकतर जैन धर्म के समर्थक थे, इसलिए उनके साथ जैन धर्म भी कमजोर पड़ गया।

वाणिज्य और व्यापार के ह्रास की झलक इस काल की विचारधारा में भी मिलती है। इस काल में रचित कुछ धर्मशास्त्रों ने विदेश यात्रा को निषिद्ध माना है। उनके अनुसार उस जगह नहीं जाना चाहिए जहाँ मुंज घास नहीं उगती हो और जहाँ काले हिरण विचरण नहीं करते हों। कहने का तात्पर्य यह है कि भारत के बाहर की यात्रा नहीं करनी चाहिए। इनके अनुसार नमकीन समुद्र की यात्रा करने से आदमी दूषित हो जाता है। यह अवश्य था कि इन प्रतिबन्धों को सभी पूरी तरह नहीं मानते थे। भारतीय व्यापारियों, दार्शनिकों, चिकित्साशास्त्रियों तथा हस्तकला विशेषज्ञों के वृत्तान्त मिलते हैं जिन्होंने पश्चिम एशिया में बगदाद तथा अन्य शहरों की यात्रा कीं। धर्मशास्त्रों का प्रतिबन्ध शायद ब्राह्मणों के लिए ही था या फिर वे इस भय से लगाए गए थे कि कहीं भारतीय बड़ी संख्या में विदेश जाकर ऐसे विरोधी धार्मिक विचार या सामाजिक समानता के विचार भारत में न ले आएँ जो ब्राह्मणों और शासक वर्ग को अमान्य हों।

**धर्मशास्त्रों द्वारा समुद्र यात्रा पर प्रतिबन्ध अंकोरवाट, कंबोडिया**

समुद्र यात्रा पर धर्मशास्त्रों द्वारा लगाए गए प्रतिबन्धों का दक्षिण-पूर्व एशिया तथा चीन के साथ होने वाले व्यापार पर कोई असर नहीं पड़ा। भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के बीच छठी शताब्दी से ही बड़े पैमाने पर व्यापार आरम्भ हो गया था। उस क्षेत्र के देशों का विस्तृत भौगोलिक ज्ञान उस समय के साहित्य में परिलक्षित है। 'हरिसेन' की 'वृहतकथा कोष' जैसी उस काल की किताबों में इस क्षेत्र के पहनावे और भाषाओं आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की है। इस क्षेत्र में चमत्कारी समुद्रों में भारतीय व्यापारियों की कई रोमांचकारी कहानियाँ हैं जो बाद में विख्यात 'सिंदबाद की कहानियों' का आधार बनी। अनेक भारतीय व्यापारी इन देशों में बस तक गए और कुछ लोगों ने स्थानीय लोगों से शादी-विवाह भी कर लिया। व्यापारियों के पीछे-पीछे धर्म प्रचारक भी आए और इस प्रकार इस क्षेत्र में बौद्ध तथा हिन्दू धर्मों का प्रादुर्भाव हुआ। जावा में बोरोबोदुर के बौद्ध तथा अंकोरवाट के हिन्दू मन्दिरों से हमें इस क्षेत्र में इन धर्मों के प्रचार के बारे में पता चलता है। इस क्षेत्र के कुछ शासक हिन्दू धर्म से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने भारत के साथ व्यापारिक तथा सांस्कृतिक सम्बन्धों का स्वागत किया। इस प्रकार भारतीय और स्थानीय संस्कृतियों के सम्मिश्रण से नयी सांस्कृतिक और साहित्यिक धाराओं का जन्म हुआ।

जावा और सुमात्रा आदि की यात्रा के लिए मुख्य भारतीय बंदरगाह बंगाल का ताम्रलिप्ति था। इस काल की कई कहानियों में हमें भारतीय व्यापारियों की ताम्रलिप्ति से सुवर्णद्वीप (आधुनिक इंडोनेशिया) और कटाहा (मलाया में केदाह) की यात्रा के लिए रवाना होने की चर्चा मिलती है। जावा के चौदहवीं शताब्दी के एक लेखक के अनुसार वहाँ बड़ी संख्या में जम्बूद्वीप (भारत), कर्नाटक (दक्षिण भारत) तथा गौड़ (बंगाल) के लोग बड़े-बड़े जहाजों में आते थे। इस व्यापार में गुजरात के व्यापारी भी भाग लेते थे।

**भारत और चीन का व्यापार**

भारत का दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार स्वयं में महत्त्वपूर्ण तो था ही इसके साथ-साथ वह भारत और चीन के व्यापार के लिए केन्द्र का कार्य भी करता था। आमतौर पर चीनी जहाज मोलस्का द्वीपों के आगे नहीं आते थे। उधर भारत और चीन के बीच का सड़क मार्ग उस काल में तुर्क, अरब तथा चीनियों के बीच संघर्ष के कारण सुरक्षित नहीं रह गया था। इसके स्थान पर भारत और चीन के बीच का समुद्री मार्ग अधिक महत्त्व का होता जा रहा था। चीन के विदेश व्यापार के लिए वहाँ का प्रमुख बंदरगाह कैटन, या जैसा कि अरब यात्री पुकारते थे, काफु था। भारत से बौद्ध विद्वान् भी समुद्र मार्ग से चीन जाते थे। चीनी इतिहासकारों ने लिखा है कि दसवीं शताब्दी के अंत तथा ग्यारहवीं शताब्दी के आरम्भ में चीनी राजदरबार में जितने भारतीय भिक्षु थे, उतने चीन के इतिहास में पहले कभी नहीं रहे। कुछ और पहले के काल के चीनी वृत्तान्त के अनुसार कैटन नदी भारत, फारस और अरब से आने वाले जहाजों से भरी रहती थी। इसके अलवा कैटन में तीन हिन्दू मन्दिर थे जिनमें भारतीय ब्राह्मण रहते थे। चीनी समुद्र में भारतीयों की उपस्थिति के बारे में हमें जापानी सूत्रों से भी पता चलता है। इनके अनुसार जापान में कपास के परिचय का श्रेय दो भारतीयों को है। जो अपनी समुद्री यात्रा के दौरान लहरों के जोर से गलती से जापान पहुँच

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# हिमाचल कांगड़ा बनेगी पर्यटन राजधानी: बोले सीएम ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु

## आधुनिक सुविधाओं के आधार पर विकसित होगा पर्यटन क्षेत्र का आधारभूत ढांचा

**– दैनिक समाज जागरण –**
**सीपीएच डेस्क प्रमुख कृष्ण राज अरुण**

शिमला - टीना ठाकुर ब्यूरो चीफ -मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के तौर पर विकसित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। इस दिशा में सरकार ने कांगड़ा जिला में विभिन्न परियोजनाओं का ब्लूप्रिंट तैयार किया है, जिसका उद्देश्य पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है ताकि पर्यटकों का अनुभव देवभूमि के प्रति और बेहतर हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिला में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां सुंदर धौलाधार पर्वत, ऐतिहासिक मंदिर और साहसिक गतिविधियों की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। राज्य सरकार जिला कांगड़ा में पारम्परिक पर्यटक स्थलों में आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए एशियन डिवेल्पमेंट बैंक द्वारा स्वीकृत 390 करोड़ रुपये व्यय करेगी। इससे जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने से स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ राज्य की आर्थिकी भी सशक्त होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कांगड़ा जिला के धरोहर गांव परागपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स बनाने का निर्णय लिया है। पालमपुर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए भी कई योजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिसमें एक उन्नत किस्म का रिजॉर्ट, 24 घंटे के लिए पर्यटन गांव, एक आधुनिक रोलर स्केटिंग रिंक और एक वेलनेस सेंटर का निर्माण करना प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के बनखंडी में 180 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की है, जिसमें एक आधुनिक चिड़ियाघर बनाया जाएगा। इसके लिए 300 करोड़ की अनुमानित लागत पर आधारित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु ने कहा कि कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने में धर्मशाला में पर्यटकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का फाउंटेन, कन्वेंशन सेंटर, फूड कोर्ट और पार्किंग की सुविधा के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने पौंग बांध में हाउस बोट, क्रूज, याच और जलक्रीड़ा गतिविधियों को शुरू करने का निर्णय भी लिया है। नूरपुर और नगरोटा बगवां क्षेत्र में सड़क किनारे आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा देकर साहसिक पर्यटन के व्यवसाय को मजबूत करना है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्यनई मंजिल नई राहें योजनाह्न के तहत जिला कांगड़ा में 20.59 करोड़ रुपये, ऐतिहासिक मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 46 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। लाखों लोगों की आस्था के प्रतीक आदि हिमानी मंदिर से चामुंडा मंदिर तक रोपवे के निर्माण के लिए भी राज्य सरकार प्रयास कर रही है। जिला में फूड क्राफ्ट संस्थान धर्मशाला को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के रूप में उन्नत करने के लिए 11.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दो चरणों में कांगड़ा हवाई अड्डे के रन-वे की लम्बाई 1376 से बढ़ाकर 3010 मीटर करने की योजना बना रही है। साथ ही रक्कड़ में हेलीपोर्ट बनाने का भी प्रस्ताव है, जिसके लिए एफसीए केस अपलोड किया जा चुका है।

# हिमाचल राज्य सरकार उद्योग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई प्रभावी कदम उठा रही

***मजबूत निवेश से सुदृढ़ होगी प्रदेश की आर्थिकी***

***निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो से निवेश प्रक्रिया में आएगी तेजी***

**शिमला टीना छाकुर**

राज्य सरकार उद्योग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई प्रभावी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में राज्य के भीतर निवेशकों को एकल छत सुविधा तंत्र के माध्यम से व्यापार में सुगमता और अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने में विलम्ब को कम करने के लिए प्रदेश में ह्यनिवेश प्रोत्साहन ब्यूरोह्न की स्थापना का प्रस्ताव है। यह ब्यूरो हिमाचल को देश का आदर्श निवेश अनुकूल राज्य बनाएगा और निवेशकों को ह्यप्लग-एंड-प्ले इंटरफेसह्न प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राज्य सरकार पर्यटन, आईटी, सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और अन्य क्षेत्रों में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद कर रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने में निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो से न केवल राज्य में निवेश आने से राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि उद्योग क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के लिए 90 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे ।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देश पर निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो पुरानी एकल खिड़की प्रणाली के स्थान पर कार्य करेगा और इसमें निवेश प्रस्तावों को स्वीकृतियां प्रदान करने की शक्तियां निहित होंगी। इस निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो की स्थापना उद्योग विभाग के अंतर्गत की जा रही है और




सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को इसमें शामिल किया जाएगा ताकि निवेशकों को प्रदेश में उद्योग-मित्र वातावरण प्रदान किया जा सके और उन्हें निवेश से सम्बंधित किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि निवेशकों की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान हो और कार्य में विलम्ब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के लिए दण्डात्मक प्रावधान भी होगा।

प्रदेश सरकार विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने लिए निवेश नीति की दिशा में भी कारगर प्रयास कर रही है। भविष्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार ने समग्र निवेश नीति तैयार करके राज्य में लागू करने का निर्णय लिया है। इससे निवेशकों को तीव्र और बहुआयामी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा राज्य सरकार प्रदेश में रेल सम्पर्क और सड़कों के विस्तार पर विशेष बल दे रही है। इससे उद्योगों को कच्चे माल और तैयार उत्पादों के परिवहन में सुविधा होगी। पर्यावरण के अनुकूल उद्योगों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), जैव प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन, फार्मा इकाइयों आदि से सम्बंधित इकाइयों पर विशेष बल दिया जा रहा है। पर्यटन और सम्बंधित क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने पर भी बल दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 तक राज्य को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है क्योंकि इसमें निवेश और रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों से लेकर बड़े उद्योगों को विभिन्न सुविधाएं और लाभ समय-समय पर प्रदान किए जा रहे हैं। ऊना में बल्क ड्रग पार्क और फार्मा सेक्टर के कार्यान्वयन के लिए उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में राज्य कार्यान्वयन एजेंसी (एसआईए) कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा नालागढ़ में मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क के लिए 2110 करोड़ रुपये के समझौते ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए है।


# आवश्यकता

***हिमाचल पंजाब हरियाणा के हर जिले को तुरंत *दैनिक समाज जागरण" नोएडा से प्रकाशित समाचार पत्र को फ्रेस युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने घर के आसपास नगर क्षेत्र में रिपोटिंग के लिए इच्छुक हो-**

***बायोडाटा अन्य प्रमाणिकता डिटेल एक खास खबर के साथ अनुभव सेंड करें -व्हाट्सएप 9802414328-**


# चंडीगढ़ में पानी की किल्लत को देखते हुए नगर निगम प्रशासन अलर्ट

*15अप्रैल से प्रशासन की टीमें घर घर सुबह 5बजे से चैक करेंगी*
*अगर फालतू पानी बर्बाद हुआ तो 52सौ रुपए का होगा चालान*

**दैनिक समाज जागरण**
**सीपीएच प्रमुख**
**के आर अरुण**

चंडीगढ़/ पानी की किल्लत को देखते हुए पानी बर्बाद करने वालों को अब नगर निगम प्रशासन सख्त एक्सन लेते हुए भारी जुमार्ना 52/सौ रुपए लगाने की कार्यवाही कर सकता है।

आगामी 15अप्रैल से घर घर पानी कनेक्शन चेक होंगे जहां भी पानी की बरबादी दिखेगी वहीं 52सौ रुपए का चालान कटेगा जो पानी बिल के साथ अदा होगा। वार्निंग के साथ यदि फिर भी पानी बर्बाद करना




उपभोक्ता ने नहीं छोड़ा तो कनेक्शन काट दिया जाएगा।

महानगर में नगर निगम कई टीम भेज रहा है जो अधिकारी पुलिस बल के साथ यह ठोस कार्यवाही करेंगे।

पानी की बरबादी पर देश में भारी रोकथाम के रास्ते बनाए जा रहे हैं क्योंकि पानी की खपत में लोगों की जरूरत को पूरा करने में अड़चन ना आए इस लिए यह कदम उठाए गए हैं।

## चंडीगढ़ में लगा 'मिलेट्स मेला', कृषि मंत्री ने कहा...श्रीअन्न का होगा अभूतपूर्व विकास

चंडीगढ़: मिलेट्स एग्री एंड राइजिंग हरियाणा एक्सपो की शुरूआत की गई. हरियाणा के कृषि और पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने शुक्रवार को एक्सपो का उद्घाटन किया. एक्सपो में किसानों के लिए कृषि की अत्याधुनिक तकनीकों पर 3 दिन तक मंथन होगा. इस मौके पर पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व भर में इंटरनेशनल ईयर आफ मिलेट्स 2023 के आह्वान पर धन्यवाद दिया गया.




साथ ही मिलेट्स के किसानों व खेती विरासत मिशन जैसी एनजीओ व आयोजकों को संबोधित करते हुए हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने आह्वान किया कि सभी मिलेट्स के किसान व एनजीओ एक छत के नीचे आएं, ताकि सरकार उन्हें हर संभव सहायता दे पाए और भारत में श्रीअन्न का अभूतपूर्व विकास हो.

एक्सपो में सक्रिय योगदान दे रहे खेती विरासत मिशन के कार्यकारी निर्देशक उमेंद्र दत्त ने बताया कि ह्यमिलेट्स उत्पादन एवं इसके मूल्यवर्धन के लिए अभियांत्रिकी योगदान पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया जा रहा है. जिसमें सभी फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थानों, भारतीय कृषि अनुसंधान के विभिन्न संस्थानों और सब्जेक्ट एक्सपोर्ट मौजूद रहेंगे.

शहर के शेफ को खुला निमंत्रण

रविवार को मिलेट्स कुकिंग कंपटीशन भी खेती विरासत मिशन की ओर से आयोजित किया जा रहा है. जिसमें शहर में मिलेट्स

## पत्नी पर था शक तो काट डाला गला, 7 साल के बेटे को भी नहीं छोड़ा

**अलर्ट न्यूज सर्विश** / हरियाणा के सोनीपत से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. सोनीपत के गोपालपुर गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब शमशेर नाम के एक शख्स ने देर रात अपने 7 साल के बेटे ईशांत को गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया और बाद में अपनी पत्नी कुसुम के गले पर तेजधार हथियार से 7 से 8 वार किए जिसके चलते उसकी पत्नी की भी मौके पर ही मौत हो गई. इसके बाद शमशेर खुद ही खून से सने हुए कपड़ों के साथ खरखोदा थाना पहुंच गया और उसने पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया है और अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारने से पहले उसने अपने 7 साल के बेटे को भी मौत की नींद सुला दिया.

शमशेर सोनीपत के गांव गोपालपुर का रहने वाला है, देर रात शमशेर ने छत पर सो रहे अपने 7 साल के बेटे इशांत का गला दबाकर कत्ल किया और बाद में नीचे आकर अपनी पत्नी





कुसुम के गले पर तेजधार हथियार से 7 से 8 बार किए जिसके बाद कुसुम ने भी दम तोड़ दिया, और बाद में शमशेर खुद ही सोनीपत के खरखोदा थाना पहुंच गया और उसने इन दोनों हत्याकांड का गुनाह कबूल लिया, जैसे ही सोनीपत खरखोदा थाना पुलिस शमशेर को लेकर उसके गांव पहुंची तो गांव में सनसनी फैल गई.

पुलिस ने कुसुम के परिजनों की शिकायत पर शमशेर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और इसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है.

शमशेर ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था जिसके चलते उसने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया. वहीं हमारे सूत्र यह बता रहे हैं कि शमशेर ने अपने 7 साल के बेटे को इसलिए मौत के घाट उतारा कि उसके जेल जाने के बाद उसका लालन-पालन कौन करेगा.

## साइबर ठगी शिकार हुआ युवक, जीजा की फोटो लगाकर साले से मांगी मदद

**अलर्ट न्यूज सर्विश** / पानीपत . यदि आपका कोई रिश्तेदार या संबंधी आपसे व्हाट्सएप पर पैसे मांगता है, तो सावधान रहें, क्योंकि वह आपका रिश्तेदार नहीं यह एक ठग हो सकता है जो कुछ ही समय में आपके खाते से पैसे निकाल सकता है. हाल का घटनाक्रम हरियाणा के पानीपत के सेक्टर-12 में हुआ, जहां एक साइबर ठग ने एक युवक को ठगी का निशाना बनाया है. ठग ने युवक के जीजा की फोटो को लगाकर व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा और पैसे की मांग की. उसने ठग के बताए गए नंबर पर 52 हजार रुपए भेज दिए. जब युवक ने अपने जीजा को कॉल किया तो पता चला कि वह ठगों का शिकार हो गया है. ठगों ने इसी तरह के मैसेज अन्य लोगों को भी भेजे थे.

निखिल साइबर ठगी के शिकार हुए थे जिन्हें व्हाट्सएप पर एक




मैसेज आया था जिसमें उनके जीजा की फोटो थी. ठग ने उनसे बातचीत शुरू की और कुछ देर बाद बताया कि वह हॉस्पिटल में हैं और उन्हें तुरंत रुपए की जरूरत है, इसलिए उन्हें ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करने की आवश्यकता है. निखिल ने ठग की बात मानी और उसने 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए, फिर दोबारा ठग ने रुपए की मांग की तो फिर उन्होंने 20 हजार रुपए और ट्रांसफर कर दिए.फिर कुछ देर शातिर ठग ने उन्हें कहा कि उनको और भी ज्यादा रुपए की जरूरत है और वो हॉस्पिटल के अंदर ही है. उन्होंने फिर ज्यादा रुपए की मांग की, जिस पर उन्होंने देने से मना कर दिया लेकिन बार-बार उनकी अनुरोध के बाद अपनी नासमझी के कारण उन्होंने फिर से 12हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए.

## करोड़ों की 'मनोहर सौगात', सीएम ने किया दो परियोजनाओं का लोकार्पण

**अलर्ट न्यूज सर्विश** / गुड़गांव: मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज गुरुग्राम में 32 करोड़ रुपये की लागत से तैयार दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं, जिसमें बसई चौक से द्वारका एक्सप्रेस-वे तक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) तथा सिकंदरपुर जल निकाय के कायाकल्प एवं सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया है. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बसई में नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज आने वाले समय में हीरो होंडा चौक से द्वारका एक्सप्रेस-वे और आसपास के सेक्टर्स में रहने वाले लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा.

सीएम ने कहा कि साथ ही गुरुग्राम-झज्जर मार्ग पर पुराने आरओबी पर यातायात के दबाव को कम करेगा. गुरुग्राम में करीब 114 करोड़ रुपए की लागत से उमंग भारद्वाज चौक से नॉर्दर्न पेरिफेरल रोड (एनपीआर) को जोड़ने वाले प्रोजेक्ट का हिस्सा इस फोर लेन आरओबी की लंबाई 910 मीटर है और इसके निर्माण पर 23 करोड़ रुपए की लागत आई है. मुख्यमंत्री ने सिकंदरपुर के समीप 90 एकड़ क्षेत्र में



विकसित जल निकाय के कायाकल्प व सौंदर्यीकरण से जुड़ी परियोजना का भी शुभारंभ किया.

**पुनर्जीवित हुए पुराने जल निकाय**

सीएम ने बताया कि इस जल निकाय क्षेत्र को बहाल करने के लिए अप्रैल 2019 में जीएमडीए और गैर सरकारी संस्था आईएम गुड़गांव के बीच एमओयू साइन हुआ था. इस जल निकाय के कायाकल्प पर 9.1 करोड़ रुपए की लागत आई. इस प्रोजेक्ट से शहरों में व्यापक हरित रणनीति के तहत वन क्षेत्र को बढ़ावा मिला और पुराने जल निकाय को पुनर्जीवित किया गया. इस परियोजना को धरातल पर साकार करने में अनेक निजी संगठनों ने सीएसआर फंड से वित्तीय मदद प्रदान की. करीब 90 एकड़ में फैले सिकंदरपुर जलाशय और वाटरशेड क्षेत्र के पर्यावरण-पुनर्स्थापना का मुख्य उद्देश्य गुरुग्राम के निवासियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराना है. इस क्षेत्र में देसी प्रजातियों के वृक्षारोपण के माध्यम से शहर के शहरी हरित आवरण को बढ़ाना है.

**विवि को लिखा है पत्र**

लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स गुरुग्राम के छात्र करण कटारिया को छात्रसंघ चुनाव में भेदभाव कर चुनाव न लड़ने देने के मामले पर भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बोलते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी को पत्र लिखा गया था और उन्होंने आश्वासन दिया है कि वह इस तरह से डिस्क्रिमिनेशन नहीं होने देंगे.

# सिद्धू के जेल से छूटते ही गरमाई पंजाब की राजनीति, क्या BJP में शामिल होंगे पूर्व CM चरणजीत सिंह चन्नी?

**अलर्ट न्यूज सर्विश** / चंडीगढ़. कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू के जेल से बाहर आते ही एक बार फिर पंजाब कांग्रेस की भीतरी राजनीति गमार्ने लगी है. पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं. सूत्रों ने न्यूज 18 को बताया कि उन्होंने पंजाब में कुछ भाजपा नेताओं से मुलाकात की, यहां तक कि कांग्रेस ने उन्हें शांत रखने की कोशिश की है. यह अफवाह ऐसे समय में सामने आई है जब पूर्व पीसीसी प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू जमानत के बाद पटियाला जेल से बाहर आ गए हैं.

पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में कांग्रेस की करारी हार के बाद चन्नी राजनीतिक सुर्खियों से गायब हो गए थे, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भारी जनादेश मिला था. भ्रष्टाचार के मामलों में अपने भतीजे की गिरफ्तारी के बाद भी उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा था. हालांकि, पंजाब के दिवंगत गायक सिद्धू मूसे वाला के गांव



का औचक दौरा कर पूर्व मुख्यमंत्री राज्य की राजनीति में फिर से सक्रिय होने के संकेत दिए थे. चन्नी को राहुल गांधी की विदेश यात्रा से लौटने के बाद राजस्थान में भी उनकी ह्यभारत जोड़ो यात्रा में देखा गया था. उन्होंने प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की थी.

**भारत जोड़ो यात्रा में सक्रिय थे चन्नी**

चन्नी के भारत जोड़ो यात्रा में एक्टिव होने पर कई लोगों का मानना है कि यह सोच-समझकर उठाया गया कदम था, जिससे पार्टी में उनके विरोधियों को यह संदेश गया कि वह अभी भी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण रूप से काम कर रहे हैं. यहां तक कि पंजाब लौटने के बाद भी, उन्होंने मूस वाला परिवार से मिलने का फैसला किया. कई लोगों का मानना है कि चन्नी का यह कदम रणनीतिक रूप से उनके लिए उपयुक्त था.

जालंधर संसदीय उपचुनाव में सक्रिय रखने की कोशिश

कांग्रेस अब जालंधर संसदीय उपचुनाव में प्रचार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री को साथ लाने की कोशिश कर रही है. पार्टी अलग-अलग आवाज उठाने वाले नेताओं के बीच सुलह कराने की कोशिश भी कर रही है. टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, सीएम के रूप में अपने संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान, चन्नी रविदासिया/आदि-धर्मी समुदाय में एक अच्छा समर्थन आधार अर्जित करने में कामयाब रहे, जिनकी सीट पर मजबूत उपस्थिति है. चन्नी फैक्टर ने दोआबा क्षेत्र में कुछ सीटों पर काम किया और जालंधर निर्वाचन क्षेत्र के नौ विधानसभा क्षेत्रों में से पांच में कांग्रेस पार्टी की जीत में योगदान दिया.

# खेत मे रखी फसल मे लगी आग, किसान का रो रोकर बुरा हाल

दैनिक समाज जागरण

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा। ताजनगरी आगरा के थाना खेरागढ़ क्षेत्र में अज्ञात कारणों से खिरान में रखे करीब तीन बीघा के गेंहू का लाक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग को बुझाया लेकिन तब तक वह आग की भेंट चढ़ गया। आग लगने से किसान को भारी नुकसान हुआ है, उसका रो रोकर बुरा हाल है। मामले की जांच पड़ताल में थाना पुलिस जुट गई है।

मामला शनिवार को खेरागढ़ कस्बे के देवी मन्दिर के पीछे का है। किसान प्रीतम उर्फ पप्पू सिंह पुत्र छत्तर सिंह का करीब तीन बीघा खेत का गेंहू की फसल का कटा हुआ लाक थ्रेसर के लिए खिरान में रखा था। सुबह करीब दस बजे उसे पड़ौसी खेत वाले ने लाक में आग लगने की जानकारी दी। जानकारी पर किसान परिजनों समेत खेत पर पहुंच गया और गेंहू लाक में आग की लपटें उठते देख आग बुझाने में जुट गया। आग लगने की सूचना पर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग को काबू करने में जुट गई। वह आग को बुझा पाते तब तक पूरा लाक आग की भेंट चढ़ गया।

खाक हुई फसल को देखकर किसान प्रीतम उर्फ पप्पू सिंह फूट फूटकर रोने लगा। पीढ़ित किसान के बेटे गोपाल ने बताया है कि उन्होंने ये खेत दूसरे किसान से किराए पर लिया था। वहां पर कोई बिजली आदि के वायर भी नहीं है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी ने आग लगाई है। पीढ़ित किसान और उसके परिजनों ने शासन और प्रशासन से मुआवजे दिलाए जाने की मांग की है।

मामले में थाना प्रभारी खेरागढ़ राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में सर्किट हाउस में शहर के विकास कार्यों के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता

दैनिक समाज जागरण

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख

आगरा। शनिवार को मंत्री उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, उ0प्र0 योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास सेवापुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 श्रीमती बेबी रानी मौर्य तथा विधायक पुरूषोत्तम खण्डेलवाल, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष गिर्राज कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति में सर्किट हाउस में शहर के विकास कार्यों के सम्बन्ध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। मंत्री महोदय ने प्रेस वार्ता में बताया कि शहर को क्षेत्रफल व जनसंख्या की दृष्टि से 400 एमएलडी पेयजल की आवश्यकता थी, लेकिन जल संस्थान 100 एमएलडी आपूर्ति कर रहा था, जिससे आगरा में वर्षों से पेयजल समस्या चली आ रही थी तथा आगरा की जनता पेय जल की समस्या से पीड़ित थी। मंत्री ने बताया कि हमारे प्रयासों से जनवरी 2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में गंगाजल प्रोजेक्ट का बटन दबाकर शुभारम्भ किया गया तथा गंगा मईया के जल को जमुना मईया में मिलाया गया। उन्हांने आगे बताया कि तब आगरा शहर में प्रतिदिन 350 एम.एल.डी. (मिलियन लीटर पर डे) गंगाजल मिलने लगा, जिससे आगरा की जनता की पेयजल आवश्यकता की पूर्ति हुई। जिसका परिणाम यह रहा कि आज पवित्र गंगाजल यहां की जनता दूर-दूर से लाकर पूजा स्थल पर रखती थी, क्षेत्रीय जनता के घरों में गंगाजल आ रहा है। अब गंगाजल के आने से आगरा के जलसंस्थान को पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता है। उन्होंने प्रेस वार्ता में अपनी उपलब्धि को बताते हुए कहा कि गंगाजल प्रोजेक्ट के पूर्व ही मैंने तत्कालीन समय आगरा दक्षिण विधानसभा और आगरा उत्तरी विधानसभा के उन भागों में जहां पेयजल वितरण का कोई प्रबन्ध जलकल विभाग द्वारा किया ही नही जाता था, उन स्थानों पर प्रबन्धतन्त्र खड़ा करने के लिए तत्कालीन समय में लगभग 185 करोड़ रुपए की लागत से एक परियोजना स्वीकृत कराई, जिसके अन्तर्गत सात ओवरहेड टैंक, चार सी. डब्ल्यू आर चार पम्पिंग



स्टेशन और मैन राईजिंग लाईन तथा घर-घर लाईन बिछाने हेतु लगभग 180 किमी पाईप लाईन बिछाने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया जो लगभग पूर्णता की ओर है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आगरा छावनी विधानसभा क्षेत्र के बुन्दूकटरा, गोपालपुरा, मधुनगर और निकटवर्ती क्षेत्रों के लिए अटल नवीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन-20 (अमृत-20) के अन्तर्गत आगरा में नगर निगम आगरा पेयजल पुनर्गठन योजना (बुन्दू कटरा जोन)ह्न से सम्बन्धित परियोजना उत्तर प्रदेश जलनिगम (नगरीय) द्वारा तैयार किया गया है, जल्द ही वहां भी गंगाजल पेयजल के रूप में उपलब्ध होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा ली गई विशेष दिलचस्पी से आगरा के क्षेत्र में जन-जन तक गंगाजल पहुँच सके इस हेतु लगभग 265 करोड़ रुपए की लागत से गंगाजल वितरण का प्रबन्धतन्त्र तैयार करने की योजना बनाई गई और जिसके द्वारा बुन्दूकटरा जोन के स्थानीय निवासियों को 80 एम.एल.डी. गंगाजल प्रतिदिन उपलब्ध हो सकेगा। यह परियोजना समस्त आवश्यक अधिनियमों में निहित प्रावधान के अनुरूप बनायी गई है। ताज ट्रेपेजियम जोन प्रदूषण (निवारण तथा नियन्त्रण) प्राधिकरण से भी अनुमति प्राप्त कर ली गई है। इस योजना के अन्तर्गत फीडर मेन, भूमिगत जलाशय, राईजिंग मेन, वितरण प्रणाली, पम्पिंग सेट, स्टाफ क्वार्टर, मीटर रूम, पैनल रूम, क्लोरीनेशन रूम, स्काडा सिस्टम कार्य कराये जायेंगे।

मंत्री महोदय ने प्रेस वार्ता में बताया कि खाकपति से खरबपति तक को पानी चाहिए, जिस हेतु एक हजार करोड़ रू0 की पेयजल की व्यवस्था बनाई जा रही है। पेयजल पाइप लाइन के लीकेज के प्रश्न पर मंत्री महोदय ने जल निगम के अधिकारियों को तत्काल लीकेज रोकथाम के प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज म्यूजियम हेतु जल्द ही धनराशि अवमुक्त करायी जायेगी, जिससे कि समयवद्ध उसका निर्माण पूर्ण किया जा सके। साथ ही उन्होंने बताया कि जहां शिवाजी को कैद किया गया था, वहां भी भव्य स्मारक बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही उ0प्र0 के विश्व विद्यालयों में नीदरलैण्ड, रूस इत्यादि देशों से एमओयू कर फैकल्टी की स्थापना की जायेगी, जिससे बंचित वर्ग के बच्चे भी विदेश के विश्व विद्यालयों की पढाई व डिग्री ले सकें। उन्होंने नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब शिक्षा को संस्कार, रोजगार, संस्कृति व तकनीकी के साथ जोड़े जाने का प्रयास किया जा रहा है तथा पाठ्यक्रम भी नई शिक्षा नीति के आधार पर बनाया जा रहा है। यह नीति देश की मिट्टी व प्रकृति व संस्कृति से जुड़ी हुई है, इसमें आक्रांता का महिमामण्डन वर्णन न होकर देश के महापुरूषों के बारे में बताया

# सतेंद्र ठाकुर बने पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन संगठन के प्रदेश महामंत्री

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख

आगरा दैनिक समाज जागरण



आगरा। पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन में रहे विगत एक साल से जिला अध्यक्ष आगरा के पद पर सतेंद्र ठाकुर को उनकी कार्य शैली को देखते हुए संगठन के सस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित अवस्थी और राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रयांक वर्मा ने सतेंद्र ठाकुर को पदोन्नत कर प्रदेश महामंत्री की अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

सतेंद्र ठाकुर को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर पत्रकारों में एक खुशी का माहोल है। नवनिर्मित प्रदेश महामंत्री ने कहा अभी तक जिला स्तर से संगठन में काम किया है पत्रकारों के हित में काम हुआ संगठन को जिला स्तर से मजबूत किया है। अब पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश लेबल पर काम करने का सौभाग्य मिला है उस्का दायित्व निर्वाहन करूंगा संगठन को मजबूत करने के लिए साफ छवि वाले पत्रकारों को सदस्यता ग्रहण करवाऊंगा पत्रकारों के हित में लड़ाई लड़ी जाएगी। पत्रकारों पर हो रहे पुलिस द्वारा झूठे मुकदमे लगवाकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। उसका विरोध किया जाएगा और पत्रकारों को एक सुरक्षित माहौल की स्वतंत्रता दी जाएगी।

प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर पत्रकारों व ठाकुर साहब के परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया। उनके मित्र हृदेश कुमार हांडा विक्रम भारती अमित कुमार अमन वर्मा दिवाकर कुशवाह विष्णु सिकरवार पंकज राठौर दीपक राज नरेंद्र त्यागी मनोज कुमार इत्यादि लोगों ने हर्ष व्यक्ति किया।

# भीम नगरी में शेष बचे विकास कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु मुलाकात की

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा



आगरा। शनिवार को कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास सेवापुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 श्रीमती बेबी रानी मौर्य व जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल से सर्किट हाउस में भीम नगरी समारोह आयोजन समिति, दौरेठा के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमण्डल ने भीम नगरी में शेष बचे आवश्यक विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल द्वारा भीम नगरी क्षेत्र में आने वाली सड़कों व रोड़ पर स्ट्रीट लाईट व प्रकाश व्यवस्था के कार्य, 100 फूटा रोड पर स्थित पुलिया के उठान का कार्य, 100 फूटा रोड़ पर ही आगरा विकास प्राधिकरण की जमीन पर लोगों के अबैध कब्जे व अतिक्रमण को खाली कराने, अवधपुरी से शुक्ला मार्केट तक सड़क का डामरीकरण कराने तथा भीम नगरी क्षेत्र में स्थित अवधपुरी, नीलगीरी इत्यादि पार्कों के सौन्दर्यीकरण एवं अम्बेडकर वाटिका में रंगाई पुताई, मरम्मत व प्रकाश व्यवस्था को शीघ्र पूर्ण करने तथा सुरक्षा व्यवस्था की समुचित व्यवस्था कराने हेतु आग्रह किया गया। जिससे कि भीम नगरी का भव्य आयोजन सकुशल सम्पन्न किया जा सके। जिलाधिकारी ने मौके पर ही सम्बन्धित विभागों को गुणवत्तापूर्ण व समयवद्ध समस्त शेष बचे विकास कार्यों को पूर्ण करने के कड़ाई से निर्देश दिये। मा0 मंत्री ने भी प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया कि उक्त समस्त विकास कार्यों को ससमय पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

इस अवसर पर भीम नगरी आयोजन समिति के महामंत्री वीर सिंह कोरवाल सहित क्षेत्रीय गणमान्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हजारों युवक के मौजूदगी मे निकाली गई हनुमानजी की भव्य शोभा यात्रा

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। कस्बा शमसाबाद में भव्य शोभायात्रा निकालकर हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा का कस्बे में जगह- जगह क्षेत्रीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दो दर्जन से अधिक विभिन्न स्वरूपों में झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा जय श्रीराम जय बजरंगबली के जयकारों से गूंजती हुई निकली।

शुक्रवार देर शाम सात बजे शोभायात्रा दाऊजी मंदिर से प्रारम्भ हुई। मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक आनंद कुमार, जिला प्रचारक कुलदीप कुमार, विभाग के सह संपर्क प्रमुख देवेंद्र त्यागी, हनुमान शोभायात्रा कमेटी के मुख्य संरक्षक आशीष आर्य ने हनुमानजी के स्वरूप की आरती उतारकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। यह कस्बे के प्रमुख मार्ग फतेहाबाद रोड़, राजाखेड़ा मार्ग, गांधी चौराहा, आगरा मार्ग, पथवारी मंदिर मार्ग से होती हुई दाऊजी मंदिर पर जाकर समाप्त हुईं। शोभायात्रा का क्षेत्रीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

सीओ फतेहाबाद सौरभ सिंह, एसडीएम जेपी पांडे सर्किल के पुलिस बल तथा पीएसी के साथ



शोभायात्रा में सुरक्षा को लेकर साथ रहें। शोभायात्रा के मुख्य संरक्षक आशीष आर्य, ने कहा जो आज शोभायात्रा में जोश से भरा नोजवानो ने भीड़ का सैलाब बन कर जो आये उससे लगता कि राष्ट्रभक्ति की जोश बड़ रहा है। जल्दी ही हिन्दू राष्ट बनने की राह पर चल रहा ये जोश जनून बरकरार रहेगा। शोभायात्रा में राजेन्द्र जैन, शैलू जादौन, शिशुपाल सिंह धाकरे, सोनू पंडित, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप भंडारी, जितेन्द्र उदैयपुरिया, सुभाष गुप्ता पप्पू शर्मा अनुराग गुप्ता , अतुल चौबे, डिंपी बजरंगी, अभिषेक, राजेश नायक, पदम सिंह, योगेन्द्र, आशु शर्मा, संदीप गुप्ता, हीरा सिंह, पवन अग्रवाल, वीरेश हनुमान जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता ' कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा व दाऊदयाल शर्मा ,मंत्री श,मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता,नितिन गुप्ता भगवान राठौर,राम कुमार राठौर,पप्पू शर्मा सर्राफ ,चुनुआ जैन,महेश शर्मा ,कन्हैया गुप्ता ,ठा .अजब सिंह,पंडित अतुल चौबे आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

फोटो 0021 खेत में कटी रखी ढाई बीघा की फसल में आग की भेंट चढ़ी, आग लगने के कारणों की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस. किसान का रो रोकर बुरा हाल

फोटो 0020 मंत्री उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास तथा विधायक, विधान परिषद सदस्य,भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में सर्किट हाउस में शहर के विकास कार्यों के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता की

# मुख्यमंत्री जी ने जनपद बलरामपुर में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया

**मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की**

**मुख्यमंत्री जी ने मृतकों के**



**परिजनों को दो-दो लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए**

लखनऊः 8 अप्रैल, 2023

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद बलरामपुर में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री जी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।**

# जयश्री राम हवा में नहीं उड़ेंगे उनका विरोध करने वाले उड़ जायेंगे, स्वामी जी

***जगदगुरु बोले, मैंने घुड़कियां बहुत देखी हैं, विरोध करने वाले याद रखें मैं अकेला नहीं हूं***

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा



आगरा। कोठी मीना बाजार मैदान पर बनाए गए वृहद पंडाल में राम कथा कह रहे जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य ने शनिवार को कथा का वर्णन करने के दौरान कहा कि जयश्री राम हवा में नहीं उड़ेंगे उनका विरोध करने वाले उड़ जायेंगे। स्वामी जी कुछ लोगों द्वारा इस प्रकार के नारे को लेकर विवाद को हवा दिए जाने पर प्रतिक्रिया कर रहे थे।

उन्होंने कहा, "कुछ लोग मेरे खिलाफ पुलिस में एफआईआर कराने का प्रयास कर रहे हैं, मैंने ऐसी घुड़कियां बहुत देखी हैं। विरोध करने वाले याद रखें कि मैं अकेला नहीं हूं, देश के सौ करोड़ हिंदू और विदेशों में बसे 25 करोड़ हिंदू मेरे साथ हैं।"

उन्होंने जोर देकर कहा, "जब तक जीवन है, वैदिक भारतीय संस्कृति का प्रचार करूंगा। मैं इसी संस्कृति का वाहक हूं। जब भी हिंदुओं पर संकट पड़ेगा, मैं शास्त्रस्थ प्रमाण लेकर उपस्थित हो जाऊंगा।"

उन्होंने राजनेताओं से कहा कि वे कोठी मीनाबाजार का नाम बदल कर सीता बाजार कराने के लिए लिखा पढ़ी करना शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि कितनी पीड़ादायक है कि मुगल बादशाह अकबर के समय में कोठी मीना बाजार में हिंदुओं की लड़कियों को गाजर-मूली की तरह बेचा जाता था। आगरा पहले हिंदुओं के अपमान की धरती थी, लेकिन अब यह स्वाभिमान की धरती बनेगी। हिंदुओं की लड़कियों को बेचने के अपराध का दंड मिल रहा है और आगे भी मिलेगा।

स्वामी रामभद्राचार्य ने शनिवार को सीता जन्म और राम-सीता विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। बेटियों को बेटों से श्रेष्ठ बताते हुए उन्होंने कहा कि बेटों के मुकाबले बेटियां बहुत कृतज्ञ होती है। वे शादी के बाद भी ससुराल में अपने मां-बाप की निंदा नहीं सुन सकती।

कथा में आज भी भाजपा के नेताओं का बोलबाला रहा। केन्द्रीय मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक व अन्य

# आगरा में एसएसपी प्रभाकर चौधरी के जाने के बाद कार खासों का दबदबा

## यमुना पार में दोनों सगे भाइयो का कारखासी का जलबा बना चर्चाओ का विषय

दैनिक समाज जागरण

<

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा

आगरा। शहर से लेकर देहात तक लोगों को लग रहा था कि आगरा कमिश्नरेट बनेगा तो आगरा की पुलिस व्यवस्था सुधरेगी लेकिन हुआ बिल्कुल उल्टा आगरा में कमिश्नर ई लागू होने के बाद सभी थानों के कारखासों को एक बार ट्रांसफर किया गया उसके बाद फिर हर थाने में कारखास नजर आ रहे हैं। इलाके में होने वाली वसूली और थाने के खर्च का पूरा लेखा जोखा करखासों के पास होता है। अमूमन ये सादे कपड़ों में रहने वाले होते हैं 'कारखास' का रुतबा किसी थानेदार से कम नहीं होता। मनचाही ड्यूटी लगवानी हो तो 'कारखास' की मर्जी के बिना संभव नहीं। थानों पर चल रहे पुलिस के इस अवैध सिस्टम को पुलिसकर्मियों के बेलगाम होने की बड़ी वजह माना जा रहा है।

आगरा में प्रभाकर चौधरी को एसएसपी बनते ही थानों के कारखासी का सिस्टम गायब हो गया था।

### चचाओं में रहा कारखास थाना

### ट्रांस यमुना कॉलोनी का

शहर के थानों पर कई बार 'कारखास' को हटाने को लेकर हंगामा हो चुका है थाना ट्रांस यमुना में एक 'कारखास' इतना पावरफुल था कि उसके कारनामे के चर्चे शासन तक थे।

हर थाना क्षेत्र में खुलने वाले अवैध ठेके और खोमचे वालों से लेकर अवैध कारोबार से भी वसूली का जिम्मा 'कारखास' का होता है। नए थानेदार तो 'कारखास' की सलाह पर ही पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाते हैं।

# न बिटिया की शादी रुकेगी, न ही पति का इलाज : मुख्यमंत्री

***जनता दर्शन में अलग अलग समस्याओं पर सीएम योगी ने दिया लोगों को भरोसा***

## गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

गोरखपुर, 8 अप्रैल। पैसे के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर किसी भी घर की बिटिया की शादी नहीं रुकेगी। साथ ही किसी मरीज का इलाज धन की कमी से बाधित नहीं होगा। न तो घबराएं और न ही परेशान हों। हर जरूरतमंद, पीड़ित की मदद के लिए सरकार तत्पर है।

मदद के दृढ़ इरादे में लिपटे संबल के ये भावनात्मक बोल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हैं। शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान अलग-अलग तरह की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने सब को आश्वस्त किया कि समस्या किसी भी तरह की हो उसका निदान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। साथ ही जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।

जनता दर्शन में कुशीनगर से आई एक महिला ने आर्थिक तंगी की वजह से बिटिया की शादी मैं आ रही दिक्कत मुख्यमंत्री से साझा की। उसकी परेशानी सुनते ही सीएम बेहद संजीदा हो गए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस मामले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ दिलाया जाए। यदि कोई दिक्कत आ रही हो तो बिटिया की शादी के लिए महिला को भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने महिला से कहा कि बिल्कुल परेशान मत हो, पैसे की तंगी से बिटिया की शादी नहीं रुकेगी।

इसी तरह जनता दर्शन में एक महिला ने हृदय रोग से पीड़ित पति के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार मुख्यमंत्री से लगाई। मुख्यमंत्री ने अब तक हुए व चल रहे उपचार की जानकारी ली और महिला से कहा कि आप पति को एडमिट कराइए, इलाज के लिए धन की व्यवस्था सरकार करेगी। उन्होंने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज के लिए इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। प्रक्रिया पूर्ण होते ही संबंधित अस्पताल को धनराशि जारी कर दी जाएगी। जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ सीएम योगी ने चॉकलेट गिफ्ट किया। उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।





# शहादत दिवस मंगल पांडेय की

## 1857 के प्रथम सेनानी मंगल पांडेय की शहादत दिवस पर जिलाधिकारी ने किया याद

*कदम चौराहा पार्क पर प्रतिमा का किया माल्यार्पण और फहराया तिरंगा*

शशिकांत ओझा, ब्यूरो प्रमुख, समाज जागरण

बलिया : 1857 की क्रांति के प्रथम सेनानी मंगल पांडेय की पुण्यतिथि 08 अप्रैल को जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कदम चौराहे पर तिरंगा फहराया और भारत के प्रथम स्वतंत्रा सेनानी मंगल पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि आज उन्हें मंगल पांडेय की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले वह केवल पुस्तकों में ही उनके बारे में पढ़ा करते थे। आज उनके जनपद में जिलाधिकारी के रूप में आने पर उन्हें गौरव महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह हम सब के लिए हर्ष का विषय है कि चित्तू पांडेय बलिया की धरती में जन्मे। हमें उनके आदर्शों से



शिक्षा लेनी चाहिए और अपने राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रकट करना चाहिए। यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। इस अवसर पर स्मारक समिति के अध्यक्ष, ईओ नगरपालिका, स्कूलों के विद्यार्थी और नागरिकगण उपस्थित थे।

# भारत माता के सच्चे सपूत थे अमर सेनानी शहीद मंगल पांडेय

**-शहादत दिवस**
**-स्मारक समिति के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी ने कदम चौराहे पर किया आयोजन**
**-परिवहन मंत्री, राज्यसभा सांसद सहित सभी दलों के अध्यक्षों ने किया शहीद को नमन**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : 1857 के महानायक शहीद सेनानी मंगल पांडेय का शहादत दिवस शनिवार को शौर्य पूर्वक सम्मान के साथ मनाया गया। मंगल पांडेय स्मारक समिति के अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शशिकांत चतुर्वेदी ने शहादत दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, प्रदेश सरकार के मंत्री सहित राज्यसभा सांसद ने शहीद की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

1857 के महानायक, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पाण्डेय के शहादत दिवस के अवसर पर कदम चौराहा स्मारक समिति के तत्वावधान में स्थित प्रतिमा के समक्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अधिकारी रविन्द्र कुमार ने झण्डा फहराया कर किया। पुलिस प्रशासन की तरफ से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सरस्वती शिशु मंदिर, सनातन विद्या मंदिर के



बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी कर मंगल पाण्डेय अमर रहें के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में सपा के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय, अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष अवधेश ठाकुर, कार्यक्रम के संयोजक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सियाराम यादव, उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, विरेन्द्र पाठक टुनजी, अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व पुलिस अधीक्षक अमिताभ ठाकुर, नूतन ठाकुर, सपा के वरिष्ठ नेता अनिल राय, संतोष तिवारी, निशिध श्रीवास्तव नीशु, अजय राय मुन्ना, चुन्नू मिश्रा, प्रेम नाथ चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय, सागर सिंह राहुल, हरेंद्र, राजेश गुप्ता, शक्ति यादव, पूर्व सपा अध्यक्ष यशपाल सिंह, डा विश्राम यादव, संजीव कुमार डम्पू ,सभासद ददन यादव, राजेंद्र पाण्डेय, श्रीभगवान यादव, राधेलाल यादव, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद उपाध्याय, शिवानंद ओझा, राजनाथ यादव, परमात्मा पाण्डेय, श्याम बिहारी पाण्डेय, समाजसेवी, साहित्यकार, पत्रकार, अधिवक्ता, डाक्टर, व्यापारी, आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का अध्यक्षता स्मारक समिति के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी ने किया। साथ ही कार्यक्रम में आते हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम से सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया। संचालन राजकुमार पाण्डेय संस्था के मंत्री ने किया।

# सनबीम बलिया के प्रोत्साहन में पुरस्कृत होकर खिले मेधावियों के चेहरे

*प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह रहे आयोजन के मुख्य अतिथि*

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : उचित मार्गदर्शन में सही दिशा में किया गया सतत परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। श्रेष्ठ या सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रतिफल



अवश्य ही मिलता है। धैर्य, जटिल परिस्थितियां, उतार-चढ़ाव, शैक्षिक गतिविधियां, कौशल पूर्ण कार्य आदि की परीक्षा जीवन में आती रहती हैं।

ऐसे ही परीक्षा में मूल्यांकन के उपरांत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों का उत्साहवर्धन करने हेतु शहर के अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल ने प्रोत्साहन 2023 का आयोजन किया था। इसी दिन 8 अप्रैल को विद्यालय का 11वां फाउंडेशन डे भी मनाया गया।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माननीय परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दयाशंकर सिंह ने दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय के स्थापना दिवस पर केक भी काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा उच्चतम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मंत्री नेअपने उद्बोधन में डॉ कलाम के संदेश को याद करते हुए कहा कि सपने वो नहीं होते हैं जो नींद में आते हैं बल्कि सपने वो होते हैं जो नींद नहीं आने देते। कौशल पूर्ण शिक्षा के निमित्त यह विद्यालय समग्र जनपद में अग्रणी है। उन्होंने विद्यालय की सुव्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले वर्ष यहां के विद्यार्थी डिस्ट्रिक टॉपर रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि उपलब्धि का क्रम बना रहेगा। विद्यार्थी इससे भी आगे जाने की कोशिश करेंगें। उन्होंने विधायक निधि से ओपन जिम शुरू करने के सहायतार्थ मदद देने का भी आश्वासन दिया। अटल टिंकरिंग लैब हेतु भी शासन से बात करने की बात कही। आवश्यकता पड़ने पर सदैव हर संभव मदद देने की बात दोहराई। विद्यालय प्रशासन द्वारा मंत्री को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने बच्चों की उपलब्धि की प्रशंसा की। सचिव अरुण सिंह ने कहा कि हर अभिभावक और माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देना चाहता है। आपका यह सनबीम स्कूल इसी सपने को साकार करने हेतु तत्पर है।

विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विद्यालय शैक्षिक क्रियाकलापों के अतिरिक्त विभिन्न खेल प्रशिक्षण, प्रतियोगिता, क्विज, विद्यार्थी विज्ञान मंथन आदि कौशल पूर्ण गतिविधियां हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। जिले के समस्त सीबीएससी विद्यालयों में यह पहला विद्यालय है, जहां सबसे पहले एनसीसी के अतिरिक्त स्काउट गाइड का प्रशिक्षण भी शुरू किया गया है।

प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने बच्चों की उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों के प्रयास की सराहना की। अंत में प्रशासक एसके चतुर्वेदी ने विद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए कार्यक्रम में आए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू, समन्वयक गण पंकज सिंह, सहरबानो, नीतू पांडेय व निधि सिंह सहित समस्त शिक्षकगण व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन समृद्धि सिंह व शौर्य पांडेय ने किया।

# 21वीं सदी की यही पुकार, शिक्षा है सबका अधिकार

**स्कूल चलो रैली**
**-हनुमानगंज के कंपोजिट विद्यालय बसंतपुर ने निकाली रैली**
**-एबीएसए लोकेश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूल चलो रैली का आयोजन शनिवार को कंपोजिट विद्यालय बसन्तपुर में किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखा रैली को रवाना किया गया। स्कूली टीम और बच्चों ने मनोयोग से सहभागिता की।

एबीएसए ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा सबका अधिकार है और हम का कर्तब्य है एक एक बच्चें का नामांकन सुनिश्चित करे। साथ ही संचारी रोग



उन्मूलन हेतु जागरूकता का संदेश भी दिया। रैली में न्याय पंचायत के सभी प्रधानाध्यापक मनोज शर्मा, पूनम देवी, उषा पांडेय एवं शिक्षक अनुराग श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह, सेतनाथ सिंह, शम्भू प्रसाद, परशुराम गौंड, विकेश सिंह, संजय यादव, नीतू सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार शर्मा ने किया।

# थाना समाधान दिवस पर अचानक जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अचानक पहुंचे

**-सिस्टम का औचक निरीक्षण**
**-अगलगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को दिया निर्देश**

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली में उपजिलाधिकारी बांसडीह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस चल रहा था तभी अचानक जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर वहां अचानक ही पहुंच गए। सिस्टम का औचक निरीक्षण अधिकारी द्वय द्वारा करने पर अफरा तफरी मच गया।

थाना समाधान दिवस में लगे राजस्वकर्मी सचेत होकर अपने काम मे जुट गए वहीं पुलिसकर्मी भी सावधान की मुद्रा में आ गए। आयोजन में पंहुचे जिलाधिकारी



ने बैठते ही अब तक आये मामलों पर एक सरसरी नजर डाली और इसके संबंध में एस-डीएम से पूछताछ कर समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। अधिकारियों को चेताया की विवादों का फौरी तौर पर निस्तारण के बजाय मौके पर जाकर पारदर्शिता के साथ निस्तारित किया जाये। ताकि समस्या दोबारा खड़ी न हो। इस दौरान पटल पर आये कुल 5 मामलों में एक का भी निस्तारण नहीं किया गया और सबके लिये टीम गठित कर दी गयी। इस दौरान एसडीएम राजेश गुप्ता, सीओ शिवनारायण वैस, नायब तहसीलदार अंजू यादव, इंस्पेक्टर क्राइम अमित सिंह सहित सभी राजस्वकर्मी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अगलगी की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए उपजिलाधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दिए।

# ग्रामे ग्रामे यज्ञझगृहे गृहे देव स्थापना की टोली गायत्री शक्तिपीठ से रवाना

*जनपद के 950 ग्राम सभाओं में प्रत्येक शनिवार और रविवार को चलेगा अभियान*

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के अभियान के अंतर्गत वंदनीय माता जी के जन्म शताब्दी वर्ष में ग्रामे ग्रामे यज्ञझगृहे गृहे देव स्थापना कार्यक्रम का शुभारंभ हो चुका है। शनिवार और रविवार को धरातल पर टोली कार्य कर रही है। अभियान के दूसरे शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट से अभियान के लिए गठित 30 टोलियां फिर रवाना हुईं। शक्तिपीठ प्रभारी विजेंद्र नार चौबे ने तिलक लगाकर अभियान के योद्धाओं को रवाना किया।



गायत्री परिवार का पूरे देश को गायत्री मय करने का अभियान चला रहा है। गायत्री परिवार की वंदनीय माता जी के जयंती वर्ष को परिवार इसी रुप में आयोजित कर रहा है।

बलिया जनपद में प्रत्येक घर में देव स्थापना के लिए 300 अनुग्राहियों की टीम 30 टोली में विभक्त हुई है। समस्त 950 ग्राम सभा में गायत्री साधकों द्वारा प्रत्येक ग्राम में दो दिवसीय कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार रविवार को चलाया जाना है। प्रथम दिवस शनिवार को ग्राम प्रदक्षिणा एवं देव स्थान पर दीप महायज्ञ तथा द्वितीय दिवस गायत्री महायज्ञ एवं गायत्री, गंगा व देव स्थापना कम से कम 24 घरों में किया जाएगा। 2026 तक चलने वाले इस अभियान का क्रम अनवरत जारी है। हनुमानगंज ब्लॉक में टोलियां रवाना हुईं।

## अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये ब्लॉक के 9 ग्राम पंचायतों को मिला 36 लाख

संतोष द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : विकासखंड के 9 ग्राम पंचायतों में स्थापित पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु शासन ने प्रति कक्ष 4 लाख के हिसाब से 36 लाख की धनराशि अवमुक्त किया है।

इस आशय का पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी यतेंद्र सिंह ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत को भेंजा है। यह धनराशि ग्राम पंचायतों के खाते में पहुंच भी गयी है। इस अतिरिक्त कक्ष में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज्य अभियान योजनान्तर्गत आनलाईन पेमेन्ट प्रणाली पीएफएमएस के माध्यम से जनसेवा केंद्र की स्थापना होगी। डीपीआरओ ने पत्र में निर्देश दिया है कि अतिरिक्त सीएससी कक्ष निर्माण हेतु ग्राम पंचायत जिसमे निर्माण कार्य की धनराशि 4 लाख प्राप्त हो गयी है उक्त ग्राम पंचायत में यथा शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराते हुये एक माह में निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये जिन ग्राम पंचायतों को 4 लाख की धनराशि मिली है उनमें लहसनी, पकडीहरखबसंत, सुल्तानपुर, परसियांरुपपुर, इंदासों, बरेवां, तियराहैदरपुर, सिकन्दरापुर व कैथी खतीवपुर है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रमोद सिंह का कहना है कि अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये धनराशि मिल चुकी है। शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा।

# व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों का सत्यापन करेगें खंड विकास अधिकारी

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज -2 के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिये पूरे जनपद से 1,08736 आनलाइन आवेदन हुए हैं। यह प्रदेश का सर्वाधिक लक्ष्य है।

लाभार्थियों के पात्रता की जांच बीडीओ व एडीओ पंचायत करेगे। सत्यापन की रिपोर्ट 15 दिन के भीतर सहायक विकास अधिकारी पंचायत के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी को भेंजनी होगी। इस आशय का पत्र मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने सभी खंड विकास अधिकारी को भेंजा है। इसी क्रम में नगरा ब्लाक के सर्वाधिक लक्ष्य वाली 6 ग्राम पंचायतों के



लाभार्थियों की पात्रता की जांच बीडीओ व एडीओ पंचायत करेगें। बिहराहरपुर में 32, गौरा में 23, इनामीपुर में 21, तियरा हैदरपुर में 21, पडसराजूडन में 20 व छितौना ग्राम पंचायत में 19 लाभार्थियों ने आनलाइन आवेदन किया है। इनमें बिहराहरपुर , गौरा व इनामीपुर के लाभार्थियों का सत्यापन बीडीओ व तियराहैदरपुर, पडसरा जूडन व छितौना के लाभार्थियों की जांच एडीओ पंचायत करेगें। इसके लिये संबंधित ग्राम प्रधान, सचिव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत को जिम्मेदार बनाया गया है। लाभार्थी के अपात्र पाये जाने पर उपरोक्त तीनों में से एक तिहाई धनराशि की वसूली होगी व संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाई की जायेगी।

# कूड़ा निस्तारण के लिए एमआरएफ केंद्र निर्माण के लिए विधिवत पूजन अर्चन

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : नगर पंचायत के वार्ड संख्या नौ में कूड़े को निस्तारित करने के लिए एमआरएफ केंद्र निर्माण के लिए विधि विधान से पूजा अर्चन हुआ। भाजपा के जिला महामंत्री आलोक शुक्ल ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के उपरांत आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री ने कहा कि नगर पंचायत में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र का निर्माण हो जाने के बाद कूड़ा इधर उधर या सड़कों के किनारे नहीं फेका जाएगा। सरकार की मंशा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की चतुर्दिक विकास की है। उत्तर प्रदेश सरकार विकास के लिए काफी पैसा दे रही है। शीघ्र ही नगर में विकास कार्य दिखने लगेगा। नगर पंचायत नगरा के विकास के लिए शासन द्वारा तमाम योजनाएं स्वीकृत की गई है। अधिशासी अधिकारी के प्रयास से कई योजनाएं के निर्माण के लिए भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। अधिशासी अधिकारी बृजेश गुप्ता ने कहा कि नगर में एमआरएफ सेंटर का निर्माण हो जाने से नगर वासियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा



रखने के लिए स्वयं जागरूक होना पड़ेगा। साथ ही कूड़ा इधर उधर फेकने के स्वभाव में बदलाव लाना होगा। इससे पूर्व प्रेम प्रकाश चौधरी बहुगुणा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक जय प्रकाश जायसवाल, लिपिक प्रदीप कुमार, रवीश कुमार शर्मा, काशीनाथ जायसवाल, राजू सोनी, दीपक कुमार, गणपति गोड, प्रिंस गुप्ता, अमरेन्द्र सोनी, राजू चौहान, राजेश राजभर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता भाजपा नेता डॉ मिलन राम व संचालन देव नारायण प्रजापति ने किया।

# पूर्व शिक्षक एवं समाजसेवी हाजी इस्लाम का आकस्मिक निधन, पसरा सन्नाटा

**जुनेद अहमद, समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : क्षेत्र के जनऊपुर निवासी पूर्व शिक्षक एवं समाजसेवी हाजी मुहम्मद इस्लाम (77) का शुक्रवार की देर रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनते ही शुभचिंतकों, रिस्तेदारों व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ पड़ी।



शनिवार को गांव के ही शहीद कर्बला स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। इसके पूर्व हलीमी मस्जिद के परिसर में जनाजे की नमाज अदा की गयी। नमाज में भारी भीड़ रही। शुक्रवार की देर शाम सीने में तेज दर्द की शिकायत की। परिजनों ने इलाज के लिए सीएचसी रतसर ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार को जनऊबाबा साहित्यिक संस्था निर्झर के तत्वाधान में हनुमत सेवा ट्रस्ट परिसर जनऊपुर में शोक सभा का आयोजन कर शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में पूर्व प्रधान प्रेमनारायन पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, डा० मोजाहिर आदि मौजूद रहे।

# कार्यकताओं के बल पर ही जीतेगें नगर निकाय चुनाव

**संतोष द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : ब्लाक कार्यालय मार्ग स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुस्तकालय भवन में शनिवार को हुई भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकारियों की बैठक में नगर निकाय चुनाव जीतने का मंत्र दिया गया। नगर निकाय चुनाव प्रभारी खड्क बहादुर तिवारी ने कहा कि भाजपा दमदारी से नगर निकाय चुनाव लडेगी और जितेगी।

उन्होने कार्यकताओं को उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि कार्यकताओं के बल पर ही नगर चुनाव जीता जायेगा। इसके लिये कार्यकताओं को एकजुट होकर मनोयोग से चुनाव लडना होगा। कहा कि भाजपा जनपद की सभी सीटें जीतेगी। भाजपा के जिला महामंत्री आलोक शुक्ल ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर प्रदेश का विकास कर रही है। नगर निकाय चुनाव जीतना ही भाजपा का एक मात्र लक्ष्य है। भाजपा कार्यकताओं के मान सम्मान की रक्षा हर कीमत पर करेगी। बैठक में जिला मंत्री सतवीर सिंह, कैलाशबिहारी सिंह, जायप्रकाश जायसवाल, देवनारायण प्रजापति, फतेह सिंह, संतोष पांडेय समेत नगर निकाय के सभी संभावित प्रत्याशी मौजूद रहे। अध्यक्षता अरविंद नारायण सिंह ने किया।

# जंगली सूअर के हमले से वृद्धा सहित दो घायल

**संतोष द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : थाना क्षेत्र के पाल चंद्रहा गांव में सायंकाल जंगली सूअर के हमले से वृद्धा सहित दो लोग घायल हो गए।

परिजन घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा पहुंचाए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने दोनों की गम्भीर स्थिति देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें मऊ लेकर चले गए। पाल चंद्रहा निवासी 65 वर्षीय राबड़ी देवी व 30 वर्षीय विवेक कुमार सिंह सायंकाल अपने अपने खेतों में काम कर रहे थे, तभी कही से जंगली सूअर आ गया और अचानक दोनों पर हमला कर दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जंगली सूअर के हमले की खबर फैलते ही आस पास के ग्रामीण दहशत में हैं।

# 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नायक मंगल पांडेय के पैतृक घर भी परिजनों ने दी श्रद्धांजलि

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : अंग्रेजों की दासता से मुक्ति के लिए 1857 में क्रांति की अलख जगाने वाले अमर शहीद मंगल पांडेय की शहादत दिवस पर पूरे देश ने उन्हें याद किया होगा पर उनके पैतृक जनपद में भव्यता से शहादत मनायी गई। उनके पैतृक गांव नगवां में भी उनके परिजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।



उनके पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों, क्षेत्रवासियों, विशिष्ट जन एवं उनके परिजनों ने सहभाग किया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर सभी ने माल्यार्पण किया। उनके चित्र के समक्ष दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बच्चों ने उनकी कथा गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने अपना विचार प्रस्तुत किया। श्रीप्रकाश पांडेय मुन्ना जी ने कहा कि पांडेय जी की गोली ब्रिटिश हुकूमत (अंग्रेजों) के ताबूत की पहली कील साबित हुई।,शहीद मंगल पांडेय के प्रपौत्र आयोजक संतोष पांडेय ने कहा कि देश के लिए अपनी जान देने के बाद भी उन्हें शासन से कुछ मिला नहीं। बलिया में उनके नाम पर एम्स स्तर का अस्पताल और रिसर्च सेंटर होना चाहिए तथा उत्तर प्रदेश को विदेश दर्जा प्राप्त होना चाहिए। वक्ताओं में पूर्व प्रधान घनश्याम पांडेय, तेजनारायण, अमरेंद्र सिंह, डा. प्रदीप कुमार विवेक पांडेय, मनोज पांडेय शामिल रहे। इस दौरान लक्ष्मण यादव, प्रभुनाथ पांडेय, कमलदेव सिंह, मुनेश्वर गिरि, छोटे लाल, आनंद, लक्ष्मण राम, अवनीश उपाध्याय आदि ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. अंजनी पांडेय और संचालन विवेक पांडेय ने की।

# आक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल अवथही का धूमधाम से मना 8 वां स्थापना दिवस

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील के भांवरकोल ब्लाक अंतर्गत अवथहीं में स्थित आक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल का 8 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर आर्ट कार्निवाल का आयोजन विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया।इसमें छात्राओं ने तरह तरह के सुंदर सुंदर चित्र बनाया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में आक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक इन्द्रसेन राय ने विद्यालय के आठवें स्थापना दिवस के अवसर पर छात्राओं एवं अभिभावकगण तथा समस्त स्टाफ को स्थापना दिवस की बधाई दी।एवं निकट भविष्य में विद्यालय के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।





इस मौके पर आयोजित आर्ट कार्निवाल में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं की टाप 20 पिक्चर चूज करके उन 20 छात्राओं को मेडल दिया तथा उनका उत्साह वर्धन किया।

इस कार्यक्रम में क्वार्डिनेटर ज्योति शर्मा,अमिर कुमार पांडा, पूनम ठाकुर, शबाना, प्रिया समेत सभी शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिधारी प्रसाद यादव का आकस्मिक निधन,स्कूलों में मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

रोहित कुमार /जमुईःजमुई जिले के चकाई प्रखंड अंतर्गत टी डी वनवासी विकास उच्च विद्यालय बिचकोड़वा के सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिधारी प्रसाद यादव का निधन शुक्रवार को शाम 5 बजे पैतृक आवास झारखंड के कोडरमा जिले के सतगावां प्रखंड अंतर्गत कटेया में हो गया. बताया जाता है कि गिरिधारी बाबू के एक महीने से तबियत खराब चल रहा था।उनका निधन हो जाने से टी डी वनवासी विकास उच्च विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं सहित प्रखंड वासियों में शोक की लहर है।वही शनिवार को सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिधारी प्रसाद यादव के आकस्मिक निधन पर टी डी वनवासी विकास +2 उच्च विद्यालय बिचकोड़वा तथा भी पी कैरियर पब्लिक स्कूल नावाडीह में शोक सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान दिवगंत आत्मा की शांति को लेकर +2 उच्च विद्यालय बिचकोड़वा के प्रभारी प्राचार्य सुरेश कुमार,शिक्षक मोहम्मद शादिक मासूम, बिनोद कुमार मांझी, श्रुति कर्ण, अर्जुन कुमार पांडेय, बिंदु कुमारी, उदय शंकर,अभिमन्यु दुबे, रामानंद पांडेय तथा भी पी कैरियर पब्लिक स्कूल नावाडीह के डाइरेक्टर पंकज कुमार,प्रिंसिपल विकाश कुमार, गोविंद बेसरा,मणिलाल टुडु, सोनू दास, रोसिला टुडु, सपना कुमारी,रोहित कुमार पत्रकार एवं छात्र छात्राओं ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।ज्ञात हो कि सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिधारी प्रसाद यादव लंबे अरसे तक टी डी वनवासी विकास उच्च विद्यालय बिचकोड़वा में हिंदी साहित्य के शिक्षक के रूप में स्थापित थे।उन्होंने ईमानदारी पूर्वक एवं कर्तव्यनिष्ठा से छात्र छात्राओं को शिक्षा प्रदान किये।उनका निधन हो जाने से उनके द्वारा शिक्षा दिए गए छात्र छात्रों,शिक्षको एवं समाजसेवियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

# तालाब की जमीन पर दबंगों द्वारा किया जा रहा कब्जा, जिम्मेदार अधिकारी मौन

**संवाददाता समाज जागरण**

मड़ियाहूं, जौनपुर। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के नदियाव ग्राम सभा के पट्टी ग्राम में तालाब खाते की जमीन पर दबंगों द्वारा किया जा रहा कब्जा जबकि पूर्व में कोर्ट ने यह आदेश दिया है कि देश में किसी भी दशा में कहीं भी किसी तालाब जल स्रोत का अतिक्रमण ने किया जाए अगर किसी ने किया है तो उसे शासन प्रशासन खाली कराए जबकि मड़ियाहूं तहसील के पट्टी ग्राम सभा के निवासी स्वामीनाथ दुबे के साथ अन्य लोग मिलकर तालाब की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं।



जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने बताया कि आम पुश्तैनी रास्ते पर गड्ढा खोदकर कुछ लोग अवैध निर्माण कर कब्जा कर रहे हैं जिसको लेकर गांव के निवासी पत्रकार अशोक कुमार दुबे ने आम रास्ते पर अवैध कब्जे को लेकर विरोध किया। पत्रकार अशोक कुमार दुबे के विरोध करने पर कब्जे दार लोग नाराज हो गए और पत्रकार को धमकी देते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गए। जब दबंगों ने पत्रकार को मारने पीटने की धमकी देने लगे तो दबंगों के हम धमकी से तंग आकर पीड़ित अशोक कुमार दुबे ने उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं को को उक्त प्रकरण का शिकायती पत्र देकर उचित कार्यवाही करने और अवैध निर्माण कार्य रोकने की गुहार लगाई है।

पत्र को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने घटना की गंभीरता को देखते हुए राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल के साथ प्रभारी निरीक्षक मड़ियाओं को आदेशित किया कि उक्त जिम्मेदार लोग मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण कार्य को रोके। इस आदेश पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कर मामले की तहकीकात में जुटी हुई है '

# भले ही पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री के आदेश का खौफ हो पर केराकत के अधिकारियों को नहीं आती रास मुख्यमंत्री का आदेश

## *दिन के चिलचिलाती धूप में बेसहारा पशु इधर-उधर भटकने को मजबूर किसानों की फसल को छुट्टा मवेशी कर रहे बर्बाद*

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

केराकत, जौनपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गौवंश को लेकर निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रदेश भर में एक भी छुट्टा मवेशी सड़क, खेत व खलिहानों में घूमते नजर नहीं आने चाहिए। अगर ऐसे छुट्टा मवेशी घूम रहे हैं तो उन्हें गौ आश्रय तत्काल भेजा जाय परंतु लगता है कि जौनपुर के अधिकारियों को योगी सरकार के कार्य रास नहीं आते दिख रहे हैं। कई बार छुट्टा मवेशियों की खबर अखबारों में प्रकाशित हो रही है। बावजूद इसके भी सरकार के आदेशों की अवहेलना करते हुए अधिकारी व कर्मचारी अच्छे कार्यों का पतीला लगाने पर तुले हुये हैं।

गौरतलब हो कि जहां बेमौसम की बारिश का कहर किसानों पर टूटा, वहीं छुट्टा मवेशियों का झुंड भी किसानों के पकी फसल को बर्बाद कर रहे हैं। ऐसा ही एक नजारा तहसील मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर गंगौली गांव में छुट्टा मवेशियों का झुंड पकी फसल को बर्बाद करते हुए देखा गया।



विडंबना तो देखिए कि लगभग हर रोज केराकत स्टेशन रोड से छुट्टा मवेशी बाजार की तरफ जाते हुए देखा जा रहा है। बावजूद इसके भी भटक रहे छुट्टा मवेशियों को पकड़कर गौशाला नहीं भेजा जा रहा हैं। लगता है कि अधिकारी व कर्मचारी तंदनिद्रा में सोए हुए हैं। गौशालाओं की बात करें तो उनकी दशा भी किसानों की तरह ही दयनीय है। सूत्रों की मानें तो मद डकारते हुए गौशालाओं के संचालक तो मस्त है। वहीं पशु पस्त हैं। बहरहाल चिलचिलाती धूप में इधर–उधर भटक रही गायों की इस दुर्दशा पर अधिकारी अपना कर्तव्य निभाएंगे? यह एक सोचनीय विषय है।

### अन्याय के खिलाफ समाज के लोग एकजुट हो

# विश्वकर्मा समाज की उपेक्षा करने वालों को समय आने पर सबक सिखाया जाएगा : सुशील विश्वकर्मा

**दिलीप जायसवाल,**
**समाज जागरण**

जौनपुर। दी अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन विश्वकर्मा ने सुशील विश्वकर्मा को जौनपुर का जिलाध्यक्ष नामित किया। इसके लिए उन्हें परिजन, रिश्तेदार व शुभचिंतकों ने बधाई दिया। साथ ही पंकज झा को फिरोजाबाद, शिवकुमार विश्वकर्मा को कुशीनगर, मनीष विश्वकर्मा को सिद्धार्थनगर, ललित विश्वकर्मा को मेरठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस आशय का पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वकर्मा महासभा छेदी लाल विश्वकर्मा व उपाध्यक्ष राम प्यारे विश्वकर्मा को देकर अवगत करा दिया है। बता दें कि डालहनपुर (आईटीआई) स्थित अपने आवास के पास रामजानकी मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए सुशील ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे न्यायपूर्वक निभाने का कार्य करेंगे। विश्वकर्मा समाज के लोगों को एकजुट किया जाएगा, ताकि उनके हक की लड़ाई लड़ी जा सके।



उन्होंने कहा कि देश में विश्वकर्मा समाज के लोगों की उपेक्षा की जा रही है। उनके साथ जो न्याय होना चाहिए, वह शासन-प्रशासन स्तर पर नहीं हो रहा है जिसके लिए समाज के लोगों को एकजुट होना होगा तभी उन्हें न्याय मिल सकता है। इस अवसर पर अजय विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, चंद्रकेश विश्वकर्मा, अंकित साहू, राहुल शर्मा, धीरज विश्वकर्मा, राज विश्वकर्मा, अजय शर्मा, डॉ रामानंद विश्वकर्मा, होरिल विश्वकर्मा, प्रेम कुमार विश्वकर्मा, शिवधनी विश्वकर्मा, सुभाष विश्वकर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# दो बाइक की आमने–सामने की टक्कर में तीन लोग घायल

**अनुराग सिंह,**
**दैनिक समाज जागरण**

कोपागंज, मऊ : लखनऊ-बलिया राजमार्ग के सरायलखंसी थाना के खालिसपुर अम्बेडकर मूर्ति के समीप तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत होने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को घायल अवस्था में ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुचाया गया।

कोपागंज थाना के अदरी नगर पंचायत खजूरी निवासी हिमांशु कुमार पुत्र विनोद 19 वर्षीय व मुलायम 20 वर्षीय निवासी शाहपुर शनिवार की लगभग 4 चार बजे मऊ से घर के तरफ वापस लौट रहे थे कि खालिसपुर गांव के तरफ से एक निजी विद्यालय से महेन्द्र यादव 55 वर्षीय निवासी निजामुद्दीनपूरा अचानक मेन सड़क पर चढ़ गए तभी मऊ के तरफ से आ रही बाइक सवार अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर हो गई और तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। टक्कर की आवाज सुन आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुचाया गया।

# निर्दयी मां ने की दो मासूमों की नृशंस हत्या

## *9 वर्षीय बच्ची बाल–बाल बची, कलयुगी मां गिरफ्तार*

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। जनपद के मरदह थाना क्षेत्र के हमीरपुर गांव में शनिवार को एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जहां एक कलयुगी माँ ने अपने ही दो मासूम बच्चों की चाकू से हत्या कर उनका सिर धड़ से अलग कर दिया। गनीमत रही कि 09 वर्षीय बच्ची परी बाल-बाल बच गयी। दिल को दहला देने वाली इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने हत्यारिन माँ को कस्टडी में ले लिया है। दोनों बच्चों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हृदयविदारक घटना की जानकारी पाकर स्वयं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। ग्राम पंचायत हमीरपुर निवासी रामबचन यादव के दो पुत्रों में अजीत यादव आर्मी में है, जो इन दिनों जम्मू में तैनात है, जबकि दूसरा बेटा अमित घर पर ही रहता है। परिवार के लोग बीती रात खाना खाकर सो गये थे। अजीत की पत्नी नीतू यादव (35) भी अपने तीन बच्चों को लेकर अपने कमरे में सोने चली गयी। इस दौरान देर रात नीतू ने चाकू से वार कर अपने दोनों बच्चों हर्षित, औरव का सिर धड़ से अलग कर दिया गनीमत रही कि तीसरी बच्ची परी (09) बच गयी। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई। परिजनों के मुताबिक नीतू की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। उसका 4-5 साल पहले मानसिक इलाज चल रहा था। दूसरी तरफ इस घटना से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बच्चों के दादा रामबचन यादव एवं दादी राजमती देवी रोते-रोते बदहवास हो जा रहे हैं। एसपी के निर्देशन में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# सिद्दीकपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान की रैली

दिलीप जायसवाल समाज जागरण

करंजाकला, जौनपुर। कंपोजिट विद्यालय सिद्दीकपुर विकास खंड करंजाकला के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान रैली के तहत जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर बच्चों ने अपने हाथों में स्कूल चलो अभियान के बैनर के पीछे जागरूकता का संदेश स्लोगन लेकर बाजे के साथ सिद्दीकपुर स्थित काशीराम




आवास कॉलोनी, चौहान बस्ती, मुस्लिम बस्ती आदि क्षेत्रों में भ्रमण किए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैदेही सखी ने घर-घर जाकर छोटे बड़े बच्चों को स्कूल चलो अभियान के तहत, शासन की मंशानुरूप अधिक से अधिक से नामांकन हो जिसके लिए अभिभावकों से स्कूल भेजने की अपील करते हुए नजर आई। इस अवसर पर सहायक अध्यापिका मनभावती वर्मा, सुनीता यादव, मधुलता यादव, विजय नंदिनी, कादंबरी, तरुण यादव, इंदु प्रकाश यादव समेत विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# क्राप कटिंग के सही आंकड़ों को प्रेषित करें जिम्मेदार

**- जिलाधिकारी की देख–रेख में रबी फसल गेंहू की क्रॉप कटिंग की कार्यवाही**

**- क्रॉप कटिंग द्वारा क्षेत्र के फसल की उत्पादकता का होता है परिकलन**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार की निगरानी में रैंडमली चयनित राजस्व ग्राम काछी कला में क्रॉप कटिंग की कार्यवाही संपन्न हुई।

इस दौरान मौके पर संबंधित कर्मचारियों द्वारा रैंडमली आधार पर चयनित ग्राम के एक खेत में समबाहु त्रिभुज के प्रति 10 मीटर भुजा वाले क्षेत्र के अंतर्गत रबी फसल गेंहू की कटाई एवं उससे प्राप्त गेहूं का वजन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सही आंकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए,जिससे वास्तविक आंकड़े ही परिलक्षित हो।

क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार करके शासन को भेजे जाते हैं। क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर फसल बीमा धारको को नुकसान का मुआवजा दिया जाता है। कृषि विभाग जनपद के समस्त क्षेत्रों के क्रॉप कटिंग आंकड़ों का औसत निकाल कर शासन को भेजता है। इसके आधार पर ही जनपद में विभिन्न फसलों की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय, उप जिलाधिकारी सदर सहित सभी अन्य संबधित विभागो के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण से पटा इंदारा बाजार ग्रामीणों ने दिया पत्रक

**अनुराग सिंह, दैनिक समाज जागरण**

कोपागंज, मऊ : विकास खंड के इंदारा बाजार इस समय अतिक्रमण से पुरी तरह पट चुका है। जिससे यात्रियों व बाजार वासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रसड़ा श्यामनारायण राम के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने इंदारा रेलवे स्टेशन अधीक्षक, आरपीएफ चौकी, अदरी पुलिस चौकी पर ज्ञापन दिया है और कहा की रेलवे स्टेशन विकास एवं सौन्दरीकरण होना देखकर क्षेत्र की जनता मे खुशी उत्साह की लहर है। लेकिन कमी सिर्फ इस बात है कि प्रवेश व निकास गेट के दोनो तरफ रेलवे कैम्पस मे जो दुकाने रखी गई है इन दुकानों की वजह से स्टेशन पर जाने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है, वही इंदारा पहसा मार्ग स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान है जहा शराब पीने वाले और लफंगे इंन्ही दोनो तरफ की दुकानों पर भीड़ लगाए रहते है। रेलवे स्टेशन पर जाने और आने जाने वाली महिलाओं पर छिटाकसी करते रहते है, साथ ही साथ आटो, जीप, ई रिक्शा वाले भी गेट के सामने ही खड़ा कर देते है, जिसके चलते आए दिन सड़क भीषण जाम लग जाता है, वही इंदारा बाजार के चौराहे पर लगी फल की दुकानों को हटवाया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्याम नारायण राम पूर्व प्रत्याशी विधानसभा रसड़ा, फेकूलाल गौतम, तेज बहादुर ,अमन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। इस सन्दर्भ में इंदारा रेलवे अधीक्षक मुरली मनोहर सिंह ने बताया कि पत्रक मिला है कारवाई के लिए वाराणसी भेजा गया है जल्द ही कारवाई किया जाएगा।

# समाज सेवा या अच्छा वेतन... हैदराबाद के डॉक्टर ने बताई 20 साल पहले की सैलरी, ट्विटर पर छिड़ी बहस

हैदराबाद. एक डॉक्टर होने के नाते आप लोगों की सेवा कर सकते हैं और कुछ मामलों में उनकी जान बचा सकते हैं. लेकिन क्या अच्छा पैसा कमाने की उम्मीद किए बिना इस पेशे को सिर्फ एक नेक काम के रूप में मानना आसान है? दरअसल, हैदराबाद के एक डॉक्टर ने ट्वीट करते हुए उस समय को याद किया, जब वे चार साल से अधिक तक काम करने के बावजूद केवल 9 हजार रुपये प्रति माह कमाते थे.

# सलीम मालिक ने कराई सामूहिक इफ्तार पार्टी

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना के मौहल्ला सरायमीर में रमजान के तीसरे शुक्रवार को सलीम मलिक ने रोजे दारों को कराई सामूहिक इफ्तार पार्टी जिसमें शहर के सैकड़ों



लोगों ने इफ्तार किया और अल्लाह से अपने गुनाहों कि तौबा की! रोजा इफ्तार में पहुंचे विश्व मानवाधिकार परिषद के संयोजक मौलाना अनवारुल हक ने रोजा इफ्तार से पहले अपने मुल्क की सलामती हिंदू मुस्लिम भाईचारा व मुल्क की तरक्की के लिए सभी रोजेदारों से दुआ कराई मौलाना अनवारुल हक ने बताया की रोजा रखकर भूख प्यास का जो एहसास होता है उसमें रोजेदारों को चाहिए कि हमारे मुल्क में जो भी गरीब व्यक्ति हैं उनकी मदद करें चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान झक्कास शराफत के का हाल ध्यान रखें रमजान से पहले पहले गरीबों को उनका हक दे देना चाहिए

इफ्तार पार्टी में शेख शाहनवाज खलील शेख राष्ट्रीय संयोजक मौलाना अनवारुल हक शेख जमशेद शेख शददन रियाजू उस्मानी वसीम वारसी आरिफ खान लियाकत मलिक राशिद उस्मानी यामीन उस्मानी अतीक मलिक राशिद ट्रेलर आदि लोग मौजूद रहे!

मगरिब कि नमाज के बाद शेख शाहनवाज खलील ने मस्जिद के बाहर लोगों से मुलाकात कि व उनकी दुआए ली

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

बिजनौर। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी निकाय चुनाव में नगर पालिका परिषद बिजनौर से ब्राह्मण को प्रत्याशी बनाए जाने पर ब्राह्मण समाज एकजुट होकर तन मन धन से चुनाव लड़ाएगा। उपस्थित लोगों ने भाजपा से एक स्वर में मांग की है कि नगर पालिका परिषद बिजनौर में ब्राह्मण महिला को ही टिकट दिया जाए, क्योंकि आज तक किसी भी ब्राह्मण को भाजपा ने प्रत्याशी नहीं बनाया है, दूसरे लोगों को ही हमेशा अपना प्रत्याशी बनाया है। इसलिए ब्राह्मण समाज की कर्मठ, जुझारू एवं पिछले काफी लंबे समय से पार्टी के लिए समर्पित महिला कार्यकर्ता को टिकट दिए जाने की ब्राह्मण समाज पुरजोर मांग करता है।

नई बस्ती स्थित बालभारती स्कूल में जिलाध्यक्ष संजय शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ महामंत्री डॉ सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के संचालन में आयोजित बैठक में प्रमोद मिश्रा ने प्रस्ताव रखा कि आगामी 22 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाए। इस कार्यक्रम को सम्मेलन एवं शोभा यात्रा के रूप में मनाए जाने पर विचार किया गया। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए अन्य सभी संगठनों के पदाधिकारियों को साथ लेकर एक आयोजन समिति बनाई जाएगी, जो तिथि निर्धारित करने एवं रूप रेखा पर निर्णय लेगी। कार्यक्रम की तैयारी के लिए 1 दिन बाद अर्थात रविवार की शाम 5 बजे नई बस्ती स्थित बाल भारती स्कूल में एक बैठक आयोजित की जा रही है। उक्त बैठक के लिए सभी ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में नीरज शर्मा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बिजनौर के किसी भी मुख्य चौक पर भगवान परशुराम जी की प्रतिमा लगाकर उन्हीं के नाम पर चौक का नाम रखा जाए। इसके लिए जिलाधिकारी से मिलकर ब्राह्मण समाज की ओर से प्रस्ताव रखे जाने



का निर्णय लिया गया। बैठक के समापन पर स्वाधीनता संग्राम के नायक शहीद मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर उनके चित्र सम्मुख पुष्पांजलि देकर नमन किया गया। आशीष शर्मा ने कहा कि मंगल पांडे की गर्जना से सर्वप्रथम ब्रिटिश साम्राज्य को भारतीय वीरों की निडरता, साहस और आत्म गौरव का आभास हो गया था। बैठक में पंडित महेश चंद, राकेश कुमार, राजेंद्र गौतम, पंडित अंबरीश शर्मा, आरडी शर्मा, योगेश कुमार, इंद्रमणि शर्मा, आशीष शर्मा, सुमन शर्मा, विपुल शर्मा एवम श्रीमती सविता शर्मा, श्रीमती अनुपम शर्मा एवं सुनील कुमार आदि ने भाग लिया।

# पानी पीने की तलाश में निकली मादा बाघिन। सैंडल बांध कालागढ़ के स्पिलवे में फंसीं, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।

**अजमल हसन**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**



कालागढ़ अफजलगढ़ के सीमावर्ती एक बाधिन पानी पीने की तलाश में निकलीं एक बाधिन डाम के स्पिलवे फंसी गई। इसकी सूचना वन विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी अनुसार बृहस्पतिवार की सुबह 3 बजे एक मादा बाघ सैंडल बांध कालागढ़ के स्पिलवे ( डैम से पानी की निकासी का स्थान ) पर आकर फंस गई। परंतु ऊंचाई होने के कारण वहां से निकल पाना उसके लिए मुश्किल हो गया। जिसकी सूचना तत्काल सिंचाई विभाग कर्मचारियों द्वारा वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे कॉर्बेट पार्क वार्डन/ उपविभागीय अधिकारी अमित ग्वासी कोटी की टीम ने घंटों मशक्कत करने के बाद उसे ट्रेकुलाइज कर उसे पिंजरे में कैद किया गया। अमित ग्वासी कोटी ने बताया कि मादा बाघ पूरी तरह सुरक्षित है। होश में आने के बाद उसे कॉर्बेट पार्क वन रेन्ज के भीतर छोड़ दिया गया। मादा बाघ की उम्र लगभग 5 से 6 वर्ष है रेस्क्यू टीम में कॉर्बेट पार्क वार्डन/ उपविभागीय अधिकारी अमित ग्वासी कोटी, वन क्षेत्र अधिकारी कालागढ़ आर के भट्ट, डॉ दुष्यंत, मठपाल सिंह आदि सहित दर्जनों सिंचाई विभाग और वन विभाग के कर्मचारी शामिल थे।

# महिला ने अपने देवर एवं देवरानी पर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ एक महिला ने अपने ससुराल वालों पर मारपीट करने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम जटपुरा महावतपुर निवासी यशोदा देवी पत्नी राजेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसका देवर नरेश शुक्रवार को शराब के नशे में धुत होकर उसके घर आया और गंदी गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने लगा विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गया फिर शनिवार को पुनः घर के सामने खड़ा होकर गंदी गंदी अश्लील हरकतें करने लगा जब उसके पति राजेश सिंह ने उसका विरोध किया तो नरेश ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी उसके पति राजेश अपनी जान बचाकर भागने लगा तो नरेश ने उसके ऊपर तमंचा तान दिया बीच बचाव के लिए आई यशोदा देवी के साथ नरेश और उसकी पत्नी अनीता ने मारपीट कर कपड़े फाड़ डालें जिससे उसके शरीर में काफी चोटआई है। इससे पूर्व में भी दोनों पति-पत्नी कई बार इसी प्रकार की घटना को अंजाम दे चुके है परंतु गांव वालों द्वारा बीच-बचाव करा दिया गया।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने पड़ित महिला को कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# प्रेमी ने प्रेमिका का गला रेत खुद को किया घायल

## खून से लथपथ मिले प्रेमी युगल- युवती की मौत युवक ट्रामा सेंटर रेफर

## घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे एसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के रामशाहपुर गांव में युवक व युवती का घर के अंदर चाकू से गला रेतने का मामला प्रकाश में आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी जबकि घटना में युवती की मौत हो गयी युवक को गंभीरवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया घटनास्थल पर एस पी इलामारन जी ए एस पी हरेंद्र कुमार सहित कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



शुक्रवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के शाहगढ़ विकासखंड के गांव रामशाहपुर निवासी संजय कुमार पुत्र सुरेश कुमार गौतम का इसी गांव की युवती कविता पुत्री राजकुमार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था प्रेम प्रसंग के चलते युवती कविता शुक्रवार की शाम अपने प्रेमी संजय के घर आयी थी सूत्रों के मुताबिक घटना के समय संजय के घर के परिजन खेत में गेहूं काटने गए हुए थे परिजन व ग्रामीण जब घटनास्थल पहुंचे तब युवती मृतवस्था में संजय की चारपाई पर खून से लथपथ पड़ी मिली युवक गंभीरवस्था में घायल पड़ा था पास में खून लगा चाकू भी पड़ा था घायल युवक संजय को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि प्रकरण के बाबत मामला दर्ज कर गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

# कथा का हुआ समापन,विशाल भण्डारा आज

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

बीते एक सप्ताह से भेटुआ के बरतला गाँव में श्रीमत्परमहंस साधना कुटीर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को श्रद्धालुओं के हवन पूजन के साथ समापन हो गया

शनिवार को कथा स्थल (बरतला) पर टीकरमाफी आश्रम के परमाध्यक्ष हरिचैतन्य ब्रह्मचारी भी पहुंचे जहां लोगों ने फूल माला के साथ संतका जोरदार स्वागत व पूजन किया

यजमान सन्तदीन तिवारी ने बताया कि कथा व हवन के उपरांत रविवार यानि आज विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है जिसमें कथा श्रवण के लिए दूरदराज से आने वाले सभी श्रद्धालुओं के साथ क्षेत्र के



समस्त सनातनियों और भागवत प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है

# जय बजरंग सेना का देश भर में गठन जारी

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना ।जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाधियाय जी द्वारा रोहित खुराना को प्रदेश महामंत्री जय बजरंग सेना नियुक्त कर दायित्व देते हुए संगठन की विचार धराओ का सम्मान करते हुए संगठन को बिजनौर मैं और पूरे प्रदेश मैं गठित करने की



जो जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसका रोहित खुराना द्वारा अपनी पूरी टीम को साथ मे एकत्रित कर के रात दिन मेहनत करते हुए व नगर व ज़िले के युवाओं मे रात दिन जोश भरने का काम किया जा रहा है! समय समय पर हार धार्मिक कार्य व सामाजिक कार्य मे उनको अपनी पूरी टीम के साथ हमेशा तत्पर देखा जा सकता है

# पाँच बीघा जमीन की जगह दो बीघा जमीन मिलने से नाराज ग्रामीणों ने एस.डी.एम. ऑफिस के बाहर दिया धरना

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना : ग्राम खिजरपुर जग्गू उर्फ जग्गू वाला में सन 2014 से हुए पट्टी की जमीन अभी तक कानून गो व पटवारी पूरी नही कर पा रहे हैं। पाँच बिघा



जमीन की जगह दो बिघा जमीन मिलने से नाराज ग्रामीणों ने शाम करीब 05:30 बजे एस.डी.एम. ऑफिस के बाहर धरना दे दिया। इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि पट्टे की जगह है सन 2014 में ओविन्दर पुत्र भोपाल, घनश्याम पुत्र संतराम सिंह, प्रीतम पुत्र बुद्ध सिंह, सर्वेश पत्नी कोमल चेतराम पुत्र बुद्ध सिंह की पाँच बिघा पट्टे की जमीन है जिसकी पिछले ढेड़ वर्ष से तीन बार नापती हो कराई जा चुकी है परंतु जिसके नाम जमीन का पट्टा है उसको कानून गो व पटवारी द्वारा कम जमीन दी जा रही है आज हुई पैमाइश में भी कानून गो नरेन्द्र व पटवारी मोहित की जगह पहुँचे अमित उत्तम ने जमीन की पैमाइश कर ओविन्दर पुत्र भोपाल, घनश्याम पुत्र संतराम सिंह, प्रीतम पुत्र बुद्ध सिंह, सर्वेश पत्नी कोमल चेतराम पुत्र बुद्ध सिंह को पाँच बिघा पट्टे की जमीन में से दो बीघा जमीन दी गई। इस मामले में ओविन्दर, घनश्याम, प्रीतम, सर्वेश, चेतराम ने आरोप लगाया है कि उनकी पट्टे की पाँच बीघा जमीन में से तीन बीघा जमीन कानून गो नरेन्द्र व पटवारी अमित उत्तम ने सतपाल पुत्र डालू , ओमप्रकाश पुत्र तेजा, हिम्मत पुत्र सोनाथ, राम गोपाल पुत्र राम शरण आदि को दे दी है जिनका कोई खेत पट्टे की जमीन के आस पास भी नही है।

# भगवान को भक्तों में अभिमान पसंद नहीं -प्रणव पुरी महाराज

**अभिषेक तिवारी समाज जागरण अमेठी**

मुसाफिरखाना के सहोदरपुर गांव में अशोक तिवारी के यहाँ चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिवस शनिवार को महामृत्युंजय पीठाधीश्वर स्वामी प्रणव पुरी महाराज ने कहा कि भगवान को भक्त में अभिमान पसंद नहीं, रास के समय श्री कृष्ण ने गोपियों के माध्यम से यही शिक्षा दी कि जब हमारे अंदर अभिमान प्रवेश करता है तो हम भगवान से दूर होने लगते हैं।महाराज जी द्वारा श्री कृष्ण एवं मां रूक्मणी के विवाह की विस्तृत कथा सुनाई गयी इस दौरान कथा पंडाल में भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया और श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया कथावाचक प्रणवपुरी महाराज ने बताया कि जो भक्त कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है रुक्मणी विवाह



महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई रुक्मणि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगी उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है।इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी अंत भगवान श्री द्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया उन्हें पत्नी के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया रुक्मणी विवाह प्रसंग पर आगे कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव दिनेश सिंह पप्पू डॉ आर एन मिश्रा भूपेंद्र शुक्ल कुलवंत सिंह राजू ओझा हनुमन्त विश्वकर्मा शिव प्रकाश त्रिपाठी वेद प्रकाश देव प्रकाश अखिलेश चंद्र त्रिपाठी अतुल तिवारी सोनू आदित्य देवेश निलेश हर्षित राजेंद्र कुमार त्रिपाठी गोविंद यादव संतोष श्रीवास्तव सहित आदि मौजूद रहे।

# बंदियों से उनकी समस्याएं सुनी गई व उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया

श्रावस्ती, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती के तत्वावधान में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती/माननीय जनपद न्यायाधीश श्री गौरव कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में श्री रामचंद्र यादव-1 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज श्रावस्ती के मार्गदर्शन में जेल बंदियों के हितार्थ निःशुल्क विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया तथा बंदियों से संबंधित अधिकार तथा योजनाओं के बारे में बताया गया व जेल मुआयना किया गया, जिसमें महिला बंदी बैरक, पुरूष बंदी बैरक, पाकशाला व अस्पताल का निरीक्षण किया जहां महिला कैदियों के स्वास्थ्य एवं उनके नवजात शिशुओं के वैक्सीनेशन के संबंध में विशेष निर्देश दिये गये। तथा बंदियों से उनकी समस्याएं सुनी गयीं व उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया।



उक्त कार्यक्रम में श्री आनन्द कुमार शुक्ला जेलर श्रावस्ती/बहराइच, श्री शेषनाथ यादव, उपजेलर श्रावस्ती/बहराइच, श्री दयाराम लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती, पैनल लॉयर/जेल विजिटर श्री अशोक कुमार शर्मा एड0, श्री दिनेश पटेल चीफ एलएडीसी श्रावस्ती, श्री जगदम्बा त्रिपाठी, डिप्टी चीफ एलएडीसी श्रावस्ती, अरूण कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट एलएडीसी श्रावस्ती, श्री संजय सिंह असिस्टेंट एलएडीसी श्रावस्ती तथा अन्य जेल प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण कर आवष्यक कार्यो के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

अनूपपुर 8 अप्रैल 2023/ कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने शनिवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के एसडीओ श्री द्विवेदी, स्टेनो श्री राकेश केवट, नाजिर श्री विनोद पटेल उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने पूर्व में किए गए अवलोकन के दौरान दिए गए निदेशों के अनुरूप किए गए कार्यों का निरीक्षण करते हुए पेयजल के लिए स्थापित वॉटर कूलर, प्रसाधन कक्ष, सौन्दर्यीकरण के लिए किए गए कार्यों, पुरानी सामग्री का विनष्टीकरण, भवन के कॉरीडोर तथा बाहरी दीवालों के पुताई, कार्यालय एवं परिसर की स्वच्छता का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट स्थित उद्यान का अवलोकन करते हुए रखरखाव के संबंध में निर्देश दिए गए।

# जिले के 166 स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के संचालन का कलेक्टर ने कराया आकस्मिक निरीक्षण

अनूपपुर 08 अप्रैल 2023/ कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन के संचालन, प्रबंधन तथा खाद्यान्न के उठाव के संबंध में अनुविभागीय अधिकारियों के माध्यम से शनिवार को आकस्मिक निरीक्षण कराया गया। तहसील अनूपपुर अंतर्गत 54, तहसील जैतहरी अंतर्गत 26, तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत 71, तहसील कोतमा अंतर्गत 15 स्कूलों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी है।

# शार्ट सर्किट से लगी आग में ढाई बीघे गेहूं की फसल हुई नष्टे

**समाज जागरण भेटुआ अमेठी**

शनिवार दोपहर भेटुआ में एकबार फिर शार्ट सर्किट से लगी आग में घुरहा गाँव निवासी किसान राम अवध मिश्र की खेत में खड़ी लगभग ढ़ाई बीघे गेहूं की फसल जलकर नष्ट कर हो गई है

पीड़ित राम अवध मिश्र ने बताया कि शनिवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे उन्हें ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि उनके खेत में आग लग गयी है, उन्होंने ग्रामीणों से मदद की गुहार लगाई जब तक गाँव वाले पहुंचते और खेत के बगल लगे निजी नलकूप को चलाकर आग पर काबू कर पाते तब तक आग की चपेट में आकर पीड़ित की लगभग ढ़ाई बीघा गेहूं की फसल राख हो गई



चूंकि पीड़ित किसान के खेत के ऊपर से हाई वोल्टेज तार गया है और आग शार्ट सर्किट होने से लगी इसलिए पीड़ित द्वारा विभाग के जेई को पत्र देकर मामले से अवगत कराया है, सम्बंधित लेखपाल को भी आग लगने की सूचना दे दी गई है

# बॉयलर एवं लेयर मुर्गी पालन गतिविधि की कलेक्टर ने की समीक्षा

## अधूरे पोल्ट्री शेडों को पूर्ण कर गतिविधि संचालन के दिए निर्देश

अनूपपुर 08 अप्रैल 2023/ कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक समृद्धि के लिए मुर्गी शेड निर्माण तथा मुर्गी पालन से आर्थिक समृद्धि गतिविधि की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभय सिंह ओहरिया तथा मेकल वूमेन पोल्ट्री प्रोड्यूसर कम्पनी के प्रबंधक उपस्थित थे। समीक्षा बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि मुर्गी पालन के लिए जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत 1000 मुर्गी शेडों की स्वीकृति की गई है, जिनमें 500 शेड में महिलाओं द्वारा मुर्गी पालन किया जा रहा है। शेष 500 पोल्ट्री शेडों का कार्य अधूरा है, जिसके संबंध में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने अपूर्ण 500 पोल्ट्री शेडों में से 250 मुर्गी शेड में केज लगाए जाने हेतु ग्राम पंचायतों को आवंटित राशि से मेकल वूमेन पोल्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी को केज लगाने के कार्य के लिए राषि उपलब्ध कराए जाने तथा शेष 250 पोल्ट्री शेड के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया। मेकल वूमेन पोल्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी के प्रबंधक ने अवगत कराया कि मुर्गी शेडों में बॉयलर मुर्गियों तथा लेयर मुर्गियों से प्राप्त अण्डे के विक्रय के लिए अनूपपुर जिले के स्थानीय बाजार, शहडोल, जबलपुर तक मार्केटिंग की व्यवस्था है। उन्होंने बायलर व लेयर मुर्गी पालन गतिविधि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि ग्राम पसला में हेचरी के निर्माण से चूजों की उपलब्धता सहज हो पा रही है। लाभांश वितरण तथा महिलाओं के प्रशिक्षण, मुर्गियों के देखभाल के संबंध में भी अवगत कराया गया।

## सीसी टीवी में बच्चे को चुराकर ले जाते नजर आई महिला

# कानपुर में फिर सक्रिय बच्चा चोर गिरोह, नवजात ले भागी महिला, तलाश शुरू

**- पुलिस टीम को अब तक नहीं मिला गिरोह द्वारा चुराई बच्ची का सुराग**

**- इसके पहले भी बच्चा चुराने की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है गिरोह**



सुनील बाजपेई /कानपुर` लगभग तीन-चार साल पहले की तरह बच्चा चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। उसकी एक महिला सदस्य यहां की सीएससी से नवजात को लेकर रफूचक्कर हो गई है।

इसकी पुष्टि तब हुई जब वह सीसीटीवी कैमरे में भी बच्चे को ले जाती हुई दिखाई पड़ी, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है

स्थानीय सीएचसी में हुई इस घटना की रिपोर्ट कल्याणपुर थाने में दर्ज कराई गई है। साथ ही बच्ची की बरामदगी के लिए टीम को लगाया है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक बच्चा चोर महिला का कोई सुराग नहीं मिला है पुलिस उसकी तलाश लगातार कर रही है।

प्राप्त विवरण के मुताबिक भौंती के सीतेपुर गांव निवासी महेश कुमार की पत्नी सुषमा देवी को कल्याणपुर, सीएचसी में डिलीवरी हुई थी। उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया।

पति महेश ने पुलिस को बताया कि अस्पताल में सुषमा की देखरेख के लिए उनकी मां कृष्णा मौजूद थीं। इसी दौरान सुबह करीब 10 बजे जब कृष्णा पानी लेने गई तभी वार्ड में घूम रही एक महिला सुषमा से नजदीकी बढ़ा खिलाने के बहाने बच्ची को लेकर भाग गई। शक होने पर परिजनों ने इस्की जानकारी सीएचसी के अधीक्षक को दी। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक कराये ,जिसमें महिला बच्ची को लेकर बाहर जाते नजर आई। एसीपी कल्याणपुर विकास कुमार पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर बच्ची की तलाश में थाने की टीम को रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर बच्चे को जल्द ही सकुशल बरामद कर लिया जाएगा`

अवगत कराते चलें कि तीन-चार साल पहले भी सक्रिय रह चुका बच्चा चोर गिरोह इसके पहले भी इस तरह की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है लेकिन गिरोह के अधिकांश सदस्य आज तक नहीं पकड़े जा सके।

# सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने मा. न्यायाधीश सड़क पर उतरकर काटे चालान

**समाज जागरण/**
**शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 09अप्रैल ) शनिवार को न्यायाधीश खुद सड़क पर उतरकर वाहन चालकों के चालान काटने लगे। दरअसल लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर लगातार माननीय सर्वोच्च न्यायालय चिंता जता रहा है। इन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने दोपहिया वाहन चालक के लिए हेलमेट तो चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट सहित अन्य नियम बनाए हैं। लेकिन इन नियमों का पालन कितना हो रहा है, यह भी किसी से छुपा नहीं है। यातायात विभाग सड़क पर उतरकर चालानी कार्रवाई करती तो है लेकिन कार्रवाई के दौरान विभागीय कार्यप्रणाली पर



सवाल भी खड़े होने लगते हैं, जिस्के बाद कुछ दिनों तक चलने वाली कार्रवाई पुनः ठंडे बस्ते में चली जाती है। जिससे नियम फाइलों तक ही सीमित रह जाते हैं, लेकिन शनिवार को नगर के गर्रा रेलवे क्रासिंग के समीप उस समय अफरा तफरी की स्थिति नजर आई जब स्वयं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेड संजीव कटारे चलित मोबाइल न्यायालय के साथ चालानी कार्यवाही में जुट गए गए।

**पहले समझाइस फिर कार्रवाई**

गर्रा रेलवे क्रांसिग पर यातायात विभाग की टीम के साथ चलित मोबाईल न्यायालय ने कार्रवाई शुरू की और यहां मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेड संजीव कटारे ने सड़क पर पहले तो वाहन चालकों को यातायात नियमों की समझाइस दी, जिसके बाद उन पर चालानी कार्रवाई की है। वहीं जिन्होंने चलान नहीं दिया तो ऐसे वाहनों को सीधे न्यायालय पहुंचा दिया गया है। कार्रवाई के दौरान ऐसा भी नजारा दिखाई दिया जहां न तो पहुंच काम आई न ही दबदबा। इस दौरान बड़ी संख्या में वाहन चालक फोन से बात कराने का प्रयास भी करते नजर आए।अगर ऐसे ही यातायात पुलिस चुस्त दुरुस्त होकर अपना कार्य करें तो संभवतः सड़क दुर्घनाओं में अंकुश लगाया जा सकता हैं।

# एक सप्ताह से मौसम के बिगड़े मिजाज से किसान चिंतित, हवा तूफान से उखड़े कई पेड़

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 09अप्रैल )जिले में पिछले एक सप्ताह से बेमौसम बारिश से किसान खासा चिंतित नजर आ रहें हैं क्यों कि गेंहू की फसल पककर तैयार हैं और किसान काटने के लिए भी तैयार हैं लेकिन बारिश और हवा तूफान से कटाई प्रभावित हो रही हैं।शुक्रवार शाम और शनिवार को दोपहर में हुई हल्की बूंदाबांदी ने मौसम में फिर ठंड घोल दी है।मौसम विभाग के अनुसार मौसम में आ रहे इस बदलाव के पीछे कई कारण हैं, जिसमें प्रमुख है वह द्रोणिका, जो अभी मध्यप्रदेश के केंद्र से तमिलनाडु के बीच बनी हुई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक धर्मेद्र अगाशे ने बताया कि अभी मध्यप्रदेश के केंद्र से तमिलनाडु तक द्रोणिका गुजर रही है, जिसके नीचे के स्थानों पर वर्षा हो रही है। इसके अलावा दक्षिण पूर्व से दक्षिण पश्चिम की तरफ हवाएं चल रही हैं। इस हवा को बंगाल की खाड़ी और अरब महासागर से मिल रही नमी के कारण ये वर्षा में बदल रही है। यही वजह है कि जिले में अप्रैल माह में भी वर्षा हो रही है। इसका असर न सिर्फ सेहत पर बल्कि रबी सीजन में बोई गई फसलों पर पड़ रहा है। हालांकि, धान की फसल के लिए ये वर्षा फायदेमंद है, लेकिन गेहूं की खड़ी को ये वर्षा नुकसान पहुंचाएगी। जिले में अभी करीब पांच हजार हेक्टेयर में गेहूं की फसल नहीं काटी गई है, जिसके दाने काले पड़ने के आसार बढ़ गए हैं।

### 67 हजार हेक्टेयर में लगी है गेहूं की फसलः

कृषि विभाग के उपसंचालक राजेश खोब्रागढ़े ने बताया कि इस साल रबी सीजन में करीब 67 हजार हेक्टेयर में गेहूं की फसल लगाई गई है, जिसमें वर्तमान में लगभग पांच हजार हेक्टेयर में लगी गेहूं की फसल नहीं काटी गई है। ये गेहूं किसानों द्वारा देरी से लगाया गया था, जिस पर मौसम की मार पड़ सकती है। श्री खोब्रागढ़े की मानें तो रबी सीजन में मौसम में हो रहे लगातार परिवर्तन, तेज आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और बूंदाबांदी के चलते उत्पादन में 10 से 15 फीसदी की कमी हो सकती है। रबी के धान पर मौसम के असर का कोई खास प्रभाव नहीं है।

# डाइमंड रॉक और शिलांग लाईजोंग के बीच फुटबाल मैच का मुकाबला आज

**समाज जागरण/**
**शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 09अप्रैल )जिले के फुटबॉल खिलाड़ियों को मुलना फुटबॉल मैदान में पैरों के जादू का रोमांच देखने को मिलेगा। हीरो सेकंड डिवीजन लीग मैच के ग्रुप-बी के बालाघाट में खेले जाने वाले तीन मैच की शुरूआत 9 अप्रैल शाम 4 बजे से होगी। यहां द डायमंड रॉक फुटबॉल एकेडमी और शिलांग लाइजोंग के बीच मुकाबला होगा।

मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ ने शनिवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। इसमें संघ के अध्यक्ष त्रिलोकचंद कोचर, जिला फुटबॉल संघ सचिव सुनील यादव, बालाघाट की टीम को कोचिंग देने आए कोच चंदन राठौर और बॉबी एल नोंगबेट ने पत्रकारों से चर्चा की।



मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ अध्यक्ष त्रिलोकचंद कोचर ने बताया कि आईपीएल की तर्ज पर हो रहे इंडिया लीग फुटबॉल मैच में मैच का रोमांच मैदान पर नजर आएगा। जहां देश की तीन बड़ी टीमें बालाघाट की टीम से मैदान में भिड़ेगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश में राष्ट्रीयता के भाव के साथ खिलाड़ियों को आयोजन स्थल के संस्कृति, परंपरा से परिचित कराना है।

मुख्य कोच चंदन राठौर और बॉबी एल नोंगबेट ने बताया कि बालाघाट में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है बशर्ते उन्हें बेहतर कोचिंग और एकेडमी की आवश्यकता है। हमारा प्रयास होगा कि हम यहां के खिलाड़ियों को एक बेहतर कोचिंग देकर युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ बना सके। प्रेसवार्ता के दौरान मैनेजर मिलन नोंगखला, शिलांग कप्तान एटलांसन खर्माव, द डायमंड रॉक फुटबॉल एकेडमी कप्तान अभिजीत ईएम, फिजियो ऋषि बंशपाल, मैच कमिश्नर अमित धर औररेफरी रूपक मुखर्जी उपस्थित थे।

## निगोहा में राज्य स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता की शुरूआत-!

निगोहा , लखनऊ । निगोहा के भैरमपुर पुलिया पर शनिवार राज्य स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता की शुरूआत भाजपा के जिलाध्यक्ष ने की । वही इस मौके पर पूर्व जिलापंचायत सदस्य मंशाराम रावत ने अपने दो दर्जन से अधिक समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

राज्य स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता के आयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंशाराम रावत ने बताया कि शनिवार को गांव में



प्रतियोगिता की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी ने करके खिलाड़ियों से मिले और कहा कि गांव में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है इस तरह की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है इस तरह की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजकों एवं संयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि खेलों का अभ्यास करवाएं ताकि वीर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर गांव का नाम रोशन कर सकें। इसी मौके पर जिलाध्यक्ष ने मंशाराम सहित उनके दो दर्जन से अधिक समर्थकों को भाजपा में शामिल कर उन्हें बधाई देते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए श्री लोधी ने कहा पूर्व जिलापंचायत सदस्य सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा के साथ आये है।इनके शामिल होने पर इस क्षेत्र में भाजपा और मजबूत होकर क्षेत्र का विकास करेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में डाक्टर सिद्धार्थ पटेल, जिला महामंत्री रामलाल वर्मा, निगोहां मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी, विकास पटेल अजय शुक्ला , बद्री विशाल बाजपेई कमल किशोर , वीरेंद्र चौधरी , बृजेश वर्मा समेत वैभव सिह सहित हजारों की संख्या में दर्शक गण मौजूद रहे ।

# हम देश हित में राजनीति करते हैं आज दुनिया मोदी की तरफ देखती रही वे विश्व के नेता ये देश के लिए गर्व की बात हैः बोले प्रभारी मंत्री अरविंद भदौरिया।

-बूथ विस्तारक कार्यक्रम का कार्य दूरदृष्टि को लेकर तैयार किया गया कार्यक्रम, आने वाले समय में राष्ट्र का स्वर्णिम भविष्य भी तय करेगाः स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी। आज देश में हमारी विचारधारा की सरकार के कारण अयोध्या में 500 वर्षो के संघर्ष के बाद रामलाला का भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा : रामपाल सिंह।

**( सीएल गौर, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ)**




भोपाल/ रायसेन। भारतीय जनता पार्टी जिले की आवश्यक बैठक में प्रभारी मंत्री अरविंद भदोरिया के मुख्य अतिथि में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने की। महत्वपूर्ण बैठक में बूथ प्रबंधन 2.0 की समीक्षा एवं सामाजिक न्याय पकवाड़ा की समीक्षा, आजीवन सहयोग निधि की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वप्रथम रायसेन जिले के प्रभारी मंत्री अरविंद भदौरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, सिलवानी विधायक रामपाल सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नरेंद्र पटेल, आईटी सेल के प्रदेश सदस्य पवन दुबे, किशोर रामानी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जोधासिंह अटवाल, जिला महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, रामकुमार साहू, कार्यालय मंत्री मोहन चक्रवर्ती, मीडिया श्री हरि साहू, सह कार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर ने भारत माता एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत की।

बैठक में सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों का पार्टी कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया इसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बूथ प्रबंधन 2.0 की समीक्षा कर प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षों को पार्टी के उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रभारी मंत्री द्वारा फूल माला पहनाकर सम्मान करवाया गया ।

प्रभारी मंत्री अरविंद भदौरिया ने पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी शोभाग्यशाली ही की हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है हम देश हित में राजनीति करते हैं आज दुनिया मोदी जी की तरफ देखती है मोदी जी आज विश्व के नेता है ये देश के लिए गर्व की बात है श्री भदौरिया ने जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों के क्षेत्र की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना तथा उनकी समस्याएं सुनकर निराकरण किया व कार्यकताओं के सवालों का जवाब भी दिया।

बैठक मैं स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि में रायसेन जिले के समस्त मंडल अध्यक्षों को बधाई देता हूं की बूथ विस्तार 2.0 का कार्य लगभग पूरा कर लिया है और जो शेष कार्य बचा हुआ है मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि जल्द ही शेष कार्य पूर्ण कर लेंगे। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बडी ताकत हमारे कार्यकर्ता हैं जो एक विचारधारा को लेकर राष्ट्रनिर्माण के कार्य में लगे हैं भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठजनों का संघर्ष, समर्पण और उनका जीवन चित्रण हमारे लिए हमेशा प्रेरणा हैं उनके आदर्शो पर चलकर हम भारतीय जनता पार्टी को देश के सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में देख रहे हैं। बूथ विस्तारक कार्यक्रम का कार्य दूरदृष्टि को लेकर तैयार किया गया कार्यक्रम है। ये कार्य अपने प्रदेश ही नहीं आने वाले समय में राष्ट्र का स्वर्णिम भविष्य भी तय करेगा।

बैठक में सिलवानी विधायक रामपाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हम बड़े भाग्यशाली हैं कि हम नरेंद्र मोदी जी नेतृत्व वाली सरकार को देख रहे हैं मोदी सरकार ने देश में कई महत्वपूर्ण बड़े फैसले लिये। भाजपा के कार्यकताओं दम पर ही यह फैसले मोदी जी ले पाए हैं। आज देश में हमारी विचारधारा की सरकार के कारण अयोध्या में 500 वर्षो के संघर्ष के बाद आज रामलाला का अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है कश्मीर में 370 धारा को हटाने का कार्य हो आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक तिरंगे का मान बड़ा है देश की अखंडता और एकता के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अपना बलिदान दिया है जब जाकर पार्टी खड़ी हुई है हमारे पीछे हमारे विचार परिवार की ताकत खड़ी है।

# सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में संगोष्ठी हुई आयोजित!

एक से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है` इसी क्रम में शनिवार को नया गाँव, मुबारकपुर स्थित 100 शैय्या चिकित्सालय में संचारी रोग विषय पर गोष्ठी आयोजित हुईं गोष्ठी का उद्घाटन लोकसभा सांसद जयप्रकाश रावत ने किया` गोष्ठी का उद्घाटन करते हुए सांसद ने कहा कि आने वाले महीनों में संचारी रोगों का प्रसार न होने पाए इसके लिए हर संभव प्रयास किये जाएं` इसके साथ ही विशेषज्ञों द्वारा इस साल तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना व्यक्त की गई है` गर्मी के मौसम से संबंधित रोगों के प्रसार एवं जलजनित रोगों के आउटब्रेक को रोकने के लिए अन्य विभागों के साथ सामंजसस्य स्थापित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उपयुक्त गतिविधियाँ किया जाना सुनिश्चित करें` इसके अलावा श्री जयप्रकाश ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से 100 शैय्या चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लीं`

इस मौके पर राष्ट्रीय वेक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं अस्पताल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे`



इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि सात अप्रैल यानि शुक्रवार को जिला मलेरिया कार्यालय की टीम ने 224 घरों का भ्रमण कर 2103 कन्टेनर की जांच की जिसमें किसी में भी मच्छरों का लार्वा नहीं पाया गया` इसके साथ ही नगर पालिका परिषद द्वारा विष्णुपुरी मोहल्ले में फॉगिंग कार्य कराया गया एवं रोस्टर के अनुसार क्षेत्रों में फॉगिंग कार्य एवं लावारोधी रसायन का छिड़काव कराया जा रहा है` विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अभी तक 55 वार्ड में फॉगिंग का कार्य संपादित कराया जा चुका है` इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा अब तक 985 गोष्ठियां आयोजित कर लोगों को चूहा, छछूंदर से फैलने वाले रोगों के प्रति संवेदित किया गया है` पशुपालन विभाग द्वारा 164 शूकरपालकों को सूकरबाड़ों से आबादी से दूर स्थापित करने सहित सूकरबाड़ों की साफ सफाई रखने एवं उनमें जाली लगवाने के लिए प्रेरित किया गया` मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 17 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा जिसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है

## जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचे सरकार की योजनाओं का लाभ- प्रभारी मंत्री डॉ भदौरिया जिला अधिकारियों से जानकारी लेकर की समीक्षा, दिए निर्देश।

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया की अध्यक्षता में शासन की विभिन्न योजनाओं तथा विकास कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, जल जीवन मिशन, उपार्जन, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना, खाद-बीज की अग्रिम उपलब्धता, कानून व्यवस्था सहित शासन की अन्य योजनाओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी, सिलवानी विधायक रामपाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी मंत्री डॉ भदौरिया ने अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के विकास और उन्नति के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पाकर हितग्राहियों के जीवन में खुशहाली आती है, वह आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर होते हैं। यह सभी का दायित्व है कि सरकार की कल्याणहारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचे, उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए परेशानी ना हो। उन्होंने लाड़ली बहना योजना की समीक्षा करते हुए अभी तक भरे गए आवेदनों की संख्या तथा शेष रही महिलाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिले में कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से छूटे नहीं, इसके लिए सभी पात्र महिलाओं के आवेदन भरवाए जाएं। योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा कैम्पों पर भी बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं, ताकि महिलाओं को आवेदन करने में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो।

कलेक्टर श्री दुबे ने लाड़ली बहना योजना की कार्यप्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि जिले के लिए राज्य स्तर से लक्षित एक लाख 87 हजार 058 पात्र महिलाओं में से अभी तक एक लाख 45 हजार से अधिक महिलाओं के ऑनलाईन आवेदन भरे गए हैं तथा शेष महिलाओं के आवेदन भरने का कार्य शीघ्र पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में गॉवों तथा वार्डो में 1200 से अधिक कैम्प लगाए जा रहे हैं तथा डोर टू डोर जाकर भी महिलाओं के ऑनलाईन आवेदन भरे जा रहे हैं, ताकि कोई भी महिला आवेदन करने से छूटे नहीं। इसके साथ ही दीवार लेखन, प्रचार रथ, पम्पलेट, पोस्टर सहित अन्य माध्यमों से भी लाड़ली बहना योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने जिले में पूर्ण, प्रगतिरत और स्वीकृत योजनाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि प्रगतिरत योजनाओं का कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाए तथा अप्रारंभ योजनाओं को भी शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे गॉव जहां जल स्त्रोतों से पानी नहीं आ रहा है, वहां निजी स्त्रोतों या अन्य माध्यमों से पानी लेकर ग्रामीणों तक पहुंचाया जाए। इसके अतिरिक्त खराब हैण्डपम्पों को सुधरवाया जाए। प्रभारी मंत्री ने छूटे हुए गॉवों में पुन सर्वे

# रायसेन में एक महिला की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव होने के बाद मचा हड़कंप, जिला अस्पताल में जांच कराने के बाद आई पॉजिटिव रिपोर्ट।

रायसेन। एक बार फिर से देश भर में कोरोना संक्रमण के मरीज बढ़ रहे हैं, अब तक 4000 से ज्यादा केस सामने आए हैं, जिसको लेकर अस्पताल में फिर से तैयारियां शुरू हो गई है, वही व्यवस्थाओं को परखने के लिए जिला अस्पताल में 11 अप्रैल को मॉकड्रिल भी होना है।जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ एके शर्मा ने बताया कि रायसेन शहर के वार्ड क्रमांक 12 की निवासी एक महिला जो कि जिला अस्पताल में जांच कराने आई थी पर संदिग्ध होने पर उसकी कोरोना की जांच की गई वही सैंपल के बाद महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई है, जिसे होम आइसोलेट




किया गया है, वहीं बीते 7 दिनों में लगभग 250 सैंपल लिए थे जिसमें किसी की भी पॉजिटिव रिपोर्ट नहीं आई थी देश में कोरोना के बढ़ते मरीजों को देखते हुए जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीज जो संदिग्ध है उनकी जांच भी की जा रही है । लोग कर रहे लापरवाही एक बार फिर से कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या ने सभी को चिंता में डाल दिया है पर जिला अस्पताल पहुंचने वाले लोग अभी भी मास्क का उपयोग नहीं कर रहे हैं, वही सर्दी जुखाम के मरीज भी जिला अस्पताल में काफी अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ एके शर्मा ने लोगों से अपील की है कि गड़बड़ पाली जगहों पर जाने से बचें और मास्क का उपयोग करें समय-समय पर अपने हाथ धोते रहें।

# हनुमान जयंती पर अमलाई नगर निकाली गई शोभायात्रा

अमलाई। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर अमलाई नगर में शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में नगर के काफी युवा शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के शांति नगर सिद्ध बाबा धाम से प्रारंभ हुई



और बसंतपुर शनिचरी बाजार दफाई से होते हुए शंकर मंदिर कैंप से हनुमान मंदिर दुर्गा मंदिर चौक तक निकाली गई। जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों को शरबत, बिस्किट एवं नमकीन सहित मिष्ठान भी प्रदान किए गए ।हनुमान जयंती के अवसर पर यहां भक्तों की काफी भीड़ देखी गई और लोगो द्वारा पूजा अर्चना की गई। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से अखिलेश सिंह ,रोहित शुक्ला,नीरज चतुर्वेदी,मनोज पाण्डेय,शिवम पाण्डेय,सौरभ सिंह,पुष्पेंद्र सिंह (रोहित),धर्मेंद्र पाण्डेय, मयंक सिंह,विक्रम पुरी,दिनेश सिंह,अखण्ड प्रताप सिंह,नीरज नामदेव,उदय नामदेव,तज्जू,निखिल सिंह,मयूर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बागेश्वर धाम सरकार की भागवत कथा में दूसरे दिन भी जुटी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़

## पंडाल के बाहर हजारों की संख्या में भागवत कथा सुनते रहे भक्त।



रायसेन। समीपस्थ विदिशा जिला मुख्यालय स्थित अहमदपुर रोड के पास चल रही श्री बागेश्वर धाम सरकार की श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भी कथा स्थल पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने के लिए और महाराज श्री की एक झलक पाने के लिए पहुंचे। इसके अलावा भागवत कथा में लगाए गए विशाल पंडाल में बैठे हुए भक्तों के अलावा पंडाल के बाहर भी हजारों की संख्या में महाराज श्री की कथा को सुनने के लिए भक्तगण बैठे दिखाई दिए। बागेश्वर धाम सरकार ने व्यास गादी से लाखों भक्तों को कथा श्रवण कराई एवं भागवत कथा के साथ अनेक मधुर प्रसंग सुनाकर मौजूद भक्तजनों को आनंदित किया। महाराज श्री ने अपने श्री मुख से सीताराम संकीर्तन एवं श्री हरि के भजन सुनाए कथा में मौजूद श्रद्धालु भजन सुनकर खुशी के मारे झूमते नजार आए कथा स्थल पर प्रतिदिन भक्तों की भीड़ और ज्यादा बढ़ती जा रही है । आयोजन समिति के द्वारा आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्थाएं की गई है, जलपान से लेकर बाहर से आने वाले भक्तों के लिए भोजन अवस्था भी चल रही है किसी प्रकार की भक्तों को कोई परेशानी ना हो ऐसे लेकर समिति के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता से लेकर सभी सेवादार भक्ति भाव के साथ इस पुनीत कार्य में अपनी सराहनीय गूंगा निभा रहे हैं।भागवत कथा स्थल पर श्री बागेश्वर धाम सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई कथा के बाद में अनिरुद्धचार्य जी महाराज सहित कई संत भागवत कथा में पहुंचे । ज्ञात हो कि विदिशा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन संत समागम हो रहा है और सिलसिला लगातार जारी है विदिशा की श्रीमद् भागवत कथा ऐतिहासिक बन चुकी है। जहां दूर दूर क्षेत्रों से कथा सुनने के लिए भक्तों का रोजाना आना-जाना जारी है। धार्मिक नगरी विदिशा इस समय पूरी तरह से भक्ति भाव माहौल में नजर आ रही है, बस्ती में भी श्री बागेश्वर धाम सरकार की गली गली में चर्चा हो रही है और महाराज श्री के दर्शन के लिए भी लोग उत्सुक दिखाई दे रहे हैं, पूरे क्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा की चर्चा का जैसा बने हुई है स्वामी पास जिला रायसेन, सागर, भोपाल, अशोकनगर,, गुना, सीहोर, होशंगाबाद आदि स्थानों से भी रोजाना श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर बढ़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंच रहे रहे हैं।

# अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा गोरखपुर एक्सप्रेसवे का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी

दिनांक 08 अप्रैल, 2023 को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों से संबंधित समीक्षा की गयी।

इस स्थलीय निरीक्षण में सबसे पहले श्री सिंह ने पैकेज 01 व 02 के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के शेष बचे निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा कर लिया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्वक दिसंबर, 2023 तक शेष बचे सभी कार्यों को पूरा करने हेतु निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान एक्सप्रेसवे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए श्री सिंह ने निर्माण कम्पनियों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने एक्सप्रेसवे पर घाघरा नदी पर बन रहे दीर्घ सेतु की प्रगति की भी समीक्षा की. इस दीर्घ सेतु की प्रगति 60% से अधिक है और आईआईडीसी महोदय के द्वारा इसको अक्टूबर, 2023 तक पूरा करने के निर्देश दिए गए। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे में मिट्टी का कार्य प्रगति पर है और इसमें और तीव्रता लाये जाने के निर्देश बैठक में दिए गए.
गौरतलब है कि, अब तक क्लीयरिंग एण्ड ग्रबिंग एवं 100 प्रतिशत, मिट्टी का कार्य 86 प्रतिशत,



सबग्रेड का कार्य 69 प्रतिशत, जी0एस0बी0 का कार्य 64 प्रतिशत, डब्लू0एम0एम0 का कार्य 61 प्रतिशत, डी0बी0एम0 का कार्य 59 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। अब तक एक्सप्रेसवे का 67 प्रतिशत से अधिक भौतिक कार्य सम्पन्न हो चुका है। इसके अतिरिक्त परियोजना के अन्तर्गत आने वाले घाघरा नदी पर बने रहे पुल और परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाना लक्षित है।

इसके साथ ही श्री सिंह द्वारा एक्सप्रेसवे के लिए भूमि से संबंधित अधिकारियों को किसी भी प्रकार की समस्या का यथा शीघ्र निवारण करने को कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि एक्सप्रेसवे पर बनने वाले स्ट्रक्चर्स के काम में तेजी लाई जाए।

एक्सप्रेसवे प्रवेश नियंत्रित 04 लेन चैड़ा (06 लेन तक विस्तारणीय) तथा संरचनाएं 06 लेन चैड़ाई का बनायी जायेंगी। एक्सप्रेसवे के एक ओर सर्विस रोड स्टैगर्ड रूप में बनाई जायेगी तथा आवश्यकतानुसार अण्डरपास का निर्माण कराया जायेगा, जिससे परियोजना के आस-पास के गांव के निवासियों को एक्सप्रेसवे पर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। एक्सप्रेसवे उपयोगकताओं की सुविधा हेतु 02 स्थानों पर जन सुविधापरिसरों का निर्माण भी प्रस्तावित है।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान यूपीडा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निर्माण कम्पनियों के प्रतिनिधि, सभी पी0आई0यू0 के अधिकारी व अथॉरिटी इंजीनियर्स मौजूद रहे

# एमपी के कई जिलों में तेज हवा आंधी के साथ तेज हुई बेमौसम बारिश से गेहूं फसल को करोड़ों का नुकसान,

## खरीदी केंद्रों पर बाहर पड़ा हजारों कुंतल माल बारिश में भीगा।

### खरीदी तो शुरू हो गई परंतु बेयरहाउसों के बाहर पड़े हजारों कुंटल माल की सुरक्षा के नहीं इंतजाम।



भोपाल/ रायसेन (सीएल गौर, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो) एमपी के कई जिलों में शनिवार को शाम के समय आसमान में छाए बादलों ने बेमौसम बारिश करना शुरू कर दिया तेज हवा आंधी के बीच तेज बारिश भी शुरू हुई जिसके कारण खरीदी केंद्रों पर खरीद किए गए हजारों कुंतल गेहूं भी बारिश में भीग गया है इसके अलावा अनेक वेयरहाउस के बाहर हजारों कुंतल अनाज भी बेमौसम बारिश में भीग गया है वह इसी क्रम में बात की जाए तो बेमौसम बारिश ने रवि की गेहूं फसलों को काफी तादाद में नुकसान पहुंचाया है बारिश के कारण जिले भर में फसलों को करोड़ों का नुकसान होना बताया जा रहा है किसानों के खेतों में पकी पकाई खड़ी हुई फसल पर बेमौसम बारिश की मार पड़ने के कारण अन्नदाता किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दिखाई दे रही हैं

वैसे ही अन्नदाता अपनी फसल को सहेजने के लिए दिन रात एक कर रहा है वहीं दूसरी ओर प्रकृति ने भी बेमौसम बारिश करते हुए किसानों की और अधिक चिंता बढ़ा दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के आसपास ग्रामीण क्षेत्र में बेमौसम हुई बारिश के कारण जहां करोड़ों की फसल को नुकसान पहुंचा है वहीं दूसरी ओर खरीदी केंद्रों और वेयरहाउस के बाहर पड़े हजारों कुंतल माल का भी बारिश के कारण नुकसान हुआ है खरीदी केंद्रों पर खरीदी शुरू करने से पहले जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों द्वारा खरीदी गई फसल की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं कुल मिलाकर लापरवाही बरती जा रही है इसी का कारण है कि शनिवार को भी बेमौसम बारिश के कारण बाहर पड़ा हजारों कुंतल मालवी बारिश में भीग गया है जिससे भारी नुकसान होना बताया जा रहा है। ग्राम बनगवां, परसोरा, पेमत, मानपुर, मऊ जागीर, मुरेल कला, नयापुरा, चांदना, धनिया खेड़ी, सहित अनेक गांव के किसानों ने बताया है कि बेमौसम हुई बारिश के कारण उनकी गेहूं की फसल को सर्वाधिक नुकसान पहुंचा है ग्रामीण किसानों का कहना है कि इस समय खेतों में पकी पकाई फसल खड़ी हुई है जो कि कटने का इंतजार कर रही है इसी बीच पर मौसम बारिश ने और हमारी तकलीफ और ज्यादा बढ़ा रही हैं बारिश होने के कारण फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है ग्रामीण किसानों ने मध्य प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन से पटवारी हल्का बार कृषि क्षेत्रों का सर्वे कराने एवं किसानों को हुए नुकसान का शीघ्र ही मुआवजा देने की पुरजोर मांग की है।

### गोहरगंज तहसील के गेहूं खेड़ा के खेत में लगी आग से 100 एकड़ की फसल हुई खाक,,,,,

जहां एक और बेमौसम बारिश ने रवि की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है वहीं शनिवार को ही इसी दौरान तेज हवा आंधी के बीच जिले की गोहरगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले गेहूं खेड़ा गांव के एक किसान के खेत में अचानक आग लग जाने के कारण उसकी 100 एकड़ की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई है आग इतनी खतरनाक थी कि आसपास के ग्रामीण बहुत संख्या में मौके पर पहुंचे परंतु आग की लपटें देखकर उनकी आग बुझाने के लिए हिम्मत नहीं हुई जिसके कारण तेज हवा आंधी के बीच आग और ज्यादा बढ़ते गई और पूरे 100 एकड़ की फसल को आग ने अपनी चपेट में ले लिया सूचना मिलते ही औबेदुल्लागंज पुलिस, नगर पंचायत की दमकल भी मौके पर पहुंची परंतु तेज हवा आंधी के कारण आग की लपटें इतनी खतरनाक थी कि बुझने का नाम नहीं ले रही थी देखते ही देखते आसपास के गांव के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में खेत पर पहुंच गए थे उन्होंने भी आग बुझाने का पूरा प्रयास किया जब तक आपने 100 एकड़ की फसल को अपनी चपेट में ले लिया आगजनी से लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है।

# जनपद के समस्त हॉस्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों को मानकों के अनुरूप संचालन कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग एक्शन में

डीएम के निर्देशों के क्रम में एसडीएम सदर अंकित कुमार एवं एसीएमओ डॉ ललित कुमार ने 2 हॉस्पिटल एवं 1 अल्ट्रासाउंड सेंटर का किया औचक निरीक्षण मानकों के अनुरूप होता पाया गया हॉस्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद के समस्त हॉस्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों को मानकों के अनुरूप संचालन कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर अभियान चलाकर निरीक्षण की कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं, ताकि जनपद में मानकों के अनुरूप हॉस्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों का संचालन सुनिश्चित कराया जा सके। इसी क्रम में आज उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार एवं एसीएमओ डॉ ललित कुमार के द्वारा ग्रेटर नोएडा के संजीवनी हॉस्पिटल, सूर्या हॉस्पिटल एवं डॉ ज्योति अल्ट्रासाउंड सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। एसीएमओ डॉ ललित कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर मानकों के अनुरूप संचालित होता पाया गया एवं प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि आगे भी इसी तरह से मानकों के अनुरूप हॉस्पिटल एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आगे भी डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अभियान चलाकर निरंतर हॉस्पिटलों एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों का मानकों के अनुरूप संचालन कराने के उद्देश्य से औचक निरीक्षण किया जाएगा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।



# प्रदेश सरकार लगातार स्टेडियम का निर्माण करके युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित कर रही : खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री

लखनऊ : 08 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में भोलाराम मस्करा इण्टर कालेज में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के अन्तर्गत ग्रामीण स्टेडियम का शिलान्यास/भूमिपूजन किया। 10.43 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला यह ग्रामीण स्टेडियम मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, एथलेटिक्स ट्रैक तथा दर्शक दीर्घा से युक्त होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने 10 युवाओं को स्पोर्ट्स किट वितरित कीं। उन्हांने युवा कल्याण विभाग के स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर खेल पर आधारित सूचना विभाग की एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गयी।

मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्टेडियम खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का एक अच्छा माध्यम है। हम प्राचीन काल से इस बात को सुनते रहे हैं कि खेलां का हम सबके जीवन में क्या महत्व है। उन्हांने कहा कि ह्यशरीर माध्यम खलु धर्म साधनम्ह्न अर्थात जीवन में धर्म के जितने भी साधन हैं, वह तभी पूरे हो सकते हैं जब शरीर स्वस्थ होगा। कोई बीमार व्यक्ति किसी साधन को पूरा नहीं कर सकता, उसके लिए स्वस्थ होना बहुत आवश्यक है। स्वस्थ होने के लिए खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

यदि कोई 06 वर्ष बाद सहजनवां आएगा, तो इसे पहचान भी नहीं पाएगा। सहजनवां में अब फ्लाईओवर व फोरलेन कनेक्टिविटी हो चुकी है। यहां अटल आवासीय विद्यालय बन रहा है, जिसका लोकार्पण बहुत शीघ्र किया जाएगा। सहजनवां कस्बे में 02 स्टेडियम होंगे। एक स्टेडियम रेलवे लाइन के उत्तर में होगा और एक दक्षिण में बन रहे अटल आवासीय विद्यालय में बनाया जाएगा। दिन में स्कूली बच्चे खेलेंगे और सुबह-शाम व्यापारी और बुजुर्ग सुरक्षित माहौल में ट्रैक पर टहल सकेंगे।

इन स्टेडियमों में ढेर सारी सुविधाएं मिलेंगी, जिससे खेलकूद के माध्यम से स्वस्थ रहने के बारे में लोगों के मन में एक नई जागरूकता पैदा होगी।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए वर्ष 2014 में खेलो इंडिया का एक नारा देश को दिया था, जिसे प्रदेश सरकार ने सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाया है। आज भारत का युवा ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाड गेम्स में मेडल लेकर आता है। उत्तर प्रदेश का युवा किसी भी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेन्ट में जाता है तो पहले की तुलना में कई गुना अधिक मेडल लेकर आता है। इसलिए प्रदेश सरकार ने तय किया है कि प्रत्येक गांव में खेल का मैदान निर्मित किया जाएगा। युवा कल्याण विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक गांव तक स्पोर्ट्स किट पहुंचायी जा रही हैं। अब तक लगभग 80 हजार युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट्स उपलब्ध करायीं जा चुकी हैं। खेल के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रत्येक विकास खण्ड में एक मिनी स्टेडियम, प्रत्येक जनपद में एक स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। जंगल कौड़िया में ग्रामीण स्टेडियम बन चुका है और भोलाराम मस्करा इण्टर कॉलेज के विस्तृत क्षेत्र में ग्रामीण स्टेडियम बनने जा रहा है। प्रदेश सरकार मुरारी इण्टर कॉलेज में बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण के लिए भी धनराशि उपलब्ध कराने जा रही है, जिससे वहां सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके और खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा सके।

स्टेडियम के माध्यम से खेल की गतिविधियों को जितना आगे बढ़ाएंगे, व्यक्ति उतना ही स्वस्थ होगा और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगा। ओपेन जिम का निर्माण होने से बच्चों को सड़क पर नहीं दौड़ना पड़ेगा। उन्हें स्टेडियम के अन्दर ही ओपेन जिम मिलेंगे। महिला तथा पुरुषों को योगासन के लिए सुविधा मिलेगी, जिससे योग क्रियाओं को सम्पन्न कर सकेंगे। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से सांसद खेल स्पर्धा प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में हुई है। इससे हमारी युवा शक्ति सकारात्मक दिशा में कार्य कर सकेगी। प्रदेश में विकास कार्यां के लिए धन की कमी आड़े नहीं आएगी। हम सभी को विकास के साथ जुड़ना होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि व्यापारी को व्यापार करने की पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए तथा उद्योग को चलाने के लिए प्रोत्साहन मिलना चाहिए। सिस्टम के डेवलपमेंट में उनका योगदान होता है। युवाओं को कार्य मिलने से विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। युवाओं की ऊर्जा और उनकी प्रतिभा का लाभ यदि प्रदेश को मिलना प्रारम्भ हो गया तो उत्तर प्रदेश को देश में नंबर 1 प्रदेश बनने में कोई देर नहीं लगेगी। प्रदेश के युवा सब कुछ कर सकते हैं। प्रदेश सरकार 02 करोड़ युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन उपलब्ध कराने जा रही है। डिग्री कॉलेजों में टैबलेट/स्मार्टफोन उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

सहजनवां डिग्री कॉलेज में कुछ नए संकाय भी खुले हैं। अभी तक केवल कला संकाय है। अब साइंस, कॉमर्स और कुछ नए कोर्सेज भी वहां पर प्रारम्भ हो सकें, इसके लिए भी तैयारी चल रही है, जिससे यहां के बच्चों को दूर न जाना पड़े। इसी प्रकार जंगल कौड़िया में विगत वर्ष एक डिग्री कॉलेज खोला गया। इसमें पहले ही सत्र में 1,400 बच्चों का एडमिशन हुआ तथा साइंस, आर्ट, कॉमर्स, कम्प्यूटर आदि की सभी कक्षाएं चल रही हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोगों के अंदर एक नया जज्बा है। प्रदेश की संवेदनशील सरकार जनता के बारे में सोचती है। गरीबों को आवास, शौचालय आदि की सुविधा प्रदान की जा रही है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के प्रदान किया जा रहा है। इससे विकास कार्यों को तेजी के साथ आगे बढ़ाने में भी मदद मिलती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा देश आज आगे बढ़ रहा है। हमें भी उसी स्पीड से आगे बढ़ने के लिए तैयार रहना होगा और वही स्पीड बनाने के लिए हम लोग यहां पर आए हैं। जो लोग सुरक्षा में सेंध लगाते थे, उनसे निपटने के लिए भी पूरी तत्परता के साथ सरकार कार्य कर रही है। प्रत्येक गरीबों की सुनवाई हो, नौजवानों को कार्य मिले, प्रत्येक किसान का सम्मान हो और उसे सिंचाई की सुविधा प्राप्त हो सरकार इस लक्ष्य को लेकर निरंतर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्टेडियम, विकास की इसी कड़ी को आगे बढ़ाने का एक अभियान है। यहां पर एक पॉलिटेक्निक का निर्माण हो रहा है। बच्चों को पॉलिटेक्निक की शिक्षा प्रदान करने के साथ ही नौजवानों को कार्य उपलब्ध कराने के लिए उद्योग भी लगने जा रहा है। अगले 3 वर्ष में एक करोड़ नौजवानों को निजी क्षेत्र में नौकरी मिलेगी। जनपद गोरखपुर, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तथा लिंक एक्सप्रेस वे से जुड़ रहा है। इंटर व डिग्री कॉलेज बन रहे हैं। गरीबों को मकान मिल रहे हैं, रसोई गैस के कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। नई-नई फैक्ट्रियों का निर्माण हो रहा है। आज आमी नदी मे शुद्ध पानी है। यह सभी विकास की प्रक्रिया के हिस्से हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड के साथ विकास व समृद्धि के लिए कार्य करती हुई दिखाई दे रही है।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री श्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार स्टेडियम का निर्माण करके युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित कर रही है। राज्य सरकार युवाओं के साथ है, उन्हें प्रशिक्षित करने हेतु विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सेन्टर बनाये जायेंगे।

कार्यक्रम को सांसद श्री रवि किशन शुक्ल तथा अपर मुख्य सचिव खेल श्री नवनीत सहगल ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर नगर विकास राज्यमंत्री श्री राकेश राठौर गुरु, जनप्रतिनिधिगण, प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास श्री रंजन कुमार सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान अधिकारी जन संवाद कर समस्याओं का निराकरण करें-कलेक्टर

*संवेदनशीलता, पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण कार्य से आम जनों को लाभान्वित करें*

### पंचायत ग्रामीण विकास के कार्यो की कलेक्टर ने की समीक्षा

अनूपपुर 08 अप्रैल 2023/ ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान अधिकारी आम जनों से संवाद करें तथा समस्याओं का तत्परता से निराकरण करना भी सुनिश्चित करें। ग्रामीण विकास के गुणवत्तापूर्ण कार्यों से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों, इस दिशा में कार्य करना आवश्यक है। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभय सिंह ओहरिया, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री श्री ए.के. एक्का, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री तथा उप यंत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लक्षित आवासों के विरूद्ध किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आवासों के पूर्णता के लिए उपयंत्री वार साप्ताहिक लक्ष्य का निर्धारण करते हुए मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत अमृत सरोवरों के पूर्णता तथा दस्तावेजीकरण के संबंध में निर्देश दिए। खेत तालाब की उपयोगिता सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने खेल मैदान के प्रगतिरत कार्यों की



समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में 38 खेल मैदानों के कार्य प्रगतिरत हैं, जिन्हें उत्कृष्ट दर्जे का बनाया जाए। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में पानी के ड्रेनेज, मैदान के समतलीकरण, रोलिंग आदि तकनीकी बिन्दु को देखा जाए तथा इस कार्य की जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में रनिंग ट्रेक भी जरूरी है, ताकि ग्रामीण युवा इसका लाभ उठा सकें। बैठक में जिले में संचालित 113 बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि बाउण्ड्रीवाल से बच्चों तथा भूमि की सुरक्षा होती है। बाउण्ड्रीवाल निर्माण हो जाने से बच्चों की एक्टिविटी भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बाउण्ड्रीवाल के 70 से अधिक कार्यों की नवीन स्वीकृति की गई है, जिसका निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता से कराया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं का आंकलन कर प्राथमिकता के आधार पर महत्वपूर्ण कार्यों को करने के संबंध में निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बारिश के समय गांवों का सम्पर्क मार्ग बंद हो जाता है, ऐसे मार्गों का चिन्हांकन कर पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाए। जिससे बारोमासी आवागमन हो सके। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने प्रगतिरत 20 सामुदायिक कार्यों के भौतिक सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वॉटर शेड) के तहत खेत तालाब, अमृत सरोवर, गेबियन, कृषक सुविधा केन्द्र, उद्यानिकी विभाग सह वॉटर शेड से कृषकों को ड्रिप स्प्रिंकलर के वितरण कार्य की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वॉटर शेड की वित्तीय प्रगति की जानकारी भी समीक्षा में रखने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने जिले में अमृत सरोवर के प्रगतिरत कार्यों को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देष दिए। उन्होंने ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा अमरकंटक कोदो के प्रोडेक्ट की मार्केटिंग जिले के दुकानों में करने के पष्चात उमरिया, जबलपुर आदि बड़े शहरों में सम्पर्क कर प्रोडेक्ट की मार्केटिंग करने के निर्देष दिए। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग के दौरान आजीविका समूह की महिलाएं भी साथ हों ताकि वे मार्केटिंग के तरीके को समझ कर भविष्य में इस कार्य को आगे बढ़ा सकें। कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को कहा कि संवेदनशीलता, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण बेहतर कार्य कर आम जन को लाभान्वित करें। कहीं से कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो उस पर कार्यवाही की जाएगी।

# एक व्यवसायी को ठगने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**उत्तम सिंह :संवाददाताः दैनिक समाज जागरण :सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)**

एनजेपी पुलिस ने एक व्यवसायी को ठगने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । आरोपी का नाम दिलीप बंसल है । सूत्रों के अनुसार 26 जनवरी को दिलीप बंसल ने फूलबाड़ी के इलायची व्यवसायी प्रदीप दागा को सिलीगुड़ी के नयाबाजार इलाके के एक जाने - माने व्यवसायी के रूप में परिचय दिया था । आरोप है कि प्रदीप दागा का विश्वास जीतकर दिलीप बंसल ने उनसे करीब 11 लाख रुपये कीमत की 30 बोरी इलायची ले ली । दिलीप बंसल ने कहा था कि वह इलायची की कीमत तीन दिनों के भीतर प्रदीप दागा को दे देंगा । कई दिनों के बाद जब प्रदीप दागा को रुपए नहीं मिले तो उन्हें समझ में आ गया कि उनके साथ धोखा हुआ है । इसके बाद उन्होंने एनजेपी पुलिस में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई । इस बीच मामले की जानकारी होने पर दिलीप बंसल छिप गया था । आखिरकार शुक्रवार को आरोपी को सिलीगुड़ी के प्रणामी मंदिर रोड इलाके स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया । आरोपी को आज जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया ।



## सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर ने के कारण स्थानीय लोग कमको रोखकर किया विरोध प्रदर्शन

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)**

सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है । यह आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने सड़क का काम रोक कर विरोध प्रदर्शन किया । इस बीच स्थानीय लोगों के आक्रोश को देखते हुए काम कर रहे ठेकेदार मौके से भाग गये । सिलीगुड़ी महकमा परिषद के तत्वावधान में फांसीदेवा के चौपुखरिया इलाके में सड़क का निर्माण किया जा रहा है ।इंस्टॉल करें स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है । तीन मीटर सड़क बनाने के बजाय सड़क को छोटा बनाया जा रहा है । इस संबंध में स्थानीय पंचायत सदस्य ने कहा कि सड़क का काम ठीक से नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों ने विरोध किया है । हम चाहते हैं कि सड़क का काम ठीक से हो । दूसरी ओर , इस संदर्भ में सिलीगुड़ी महकमा परिषद के सभाधिपति अरुण घोष ने कहा कि अगर ऐसी शिकायतें आती हैं तो घटनास्थल का दौरा किया जाएगा और शिकायत साबित होने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी । सड़क का काम ठीक से होना चाहिए ।



## एक नाबालिग अपहरण मामले में फांसीदेवा थाना पुलिस ने 3 लोगों को किया गिरफ्तार।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

फांसीदेवा : नाबालिग का इलाके से अपहरण मामले में फांसीदेवा थाने की पुलिस ने शिकायत के बाद अपहरण की जांच पड़ताल कर 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। फांसीदेवा थाना क्षेत्र के 16 वर्षीय किशोरी पिछले मंगलवार से लापता है। परिजनों का पता चलने के बाद उन्होंने थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी। जांच के बाद पुलिस ने नाबालिगा को बरामद कर तीन आरोपियों को उत्तर दिनाजपुर के इस्लामपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मोहम्मद आलम, सबीना खातून, मोहम्मद राशिद चटहाट के रहने वाले बताए जाते हैं। इस बीच खबर पाकर पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास करने पर पुलिस ने इस्लामपुर बाजार से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों को शनिवार को सिलीगुड़ी महकमा न्यायालय भेजा गया। पुलिस इस बात की जांच में जुट गई है कि क्या इस घटना में कोई और शामिल है



## भाजपा नक्सलबाड़ी मंडल कमिटी की ओर से अल्पसंख्यक और आदिवासी समुदाय को किया स्वागत।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

नक्सलबाड़ी : भारतीय जनता पार्टी नक्सलबाड़ी मंडल कमिटी की ओर से बीजेपी के प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर सप्ताह के एक हिस्से के रूप में अल्पसंख्यक और आदिवासी समुदाय को स्वागत किया। भाजपा नक्सलबाड़ी मंडल कमिटी के अध्यक्ष शत्रुघन साहनी ने बताया सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अवसर पर अल्पसंख्यक व्यक्तित्व मोहम्मद हामिद अली और आदिवासी व्यक्तित्व को नक्सलबारी के छोटा मनीराम जोत में स्वागत किया गया। बताया की आने वाले दिनों में स्वास्थ्य शिविर और वृक्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किए जाएंगे। वहीं सम्मानित किए जाने पर मोहम्मद हामिद अली ने भाजपा का आभार व्यक्त किया।



## प्रेम प्रसंग में फांसी लगाकर एक शादीशुदा महिला ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांकाः- प्रेम प्रसंग में फांसी लगाकर एक शादीशुदा महिला के आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार सुबह की है। मिली जानकारी के अनुसार डहुआ गांव निवासी सिराज अंसारी उर्फ मंसूर अंसारी



की 19 वर्षीय लड़की कुलसुम खातून का गांव के ही प्रिंस के 32 वर्षीय पुत्र राजा अंसारी के साथ प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। बताया जाता है कि, राजा अंसारी के कहने पर ही मृतक लड़की की शादी टूट गयी थी। यह भी बताया जाता है कि, राजा अंसारी ने कुलसुम खातून को शादी देने का भरोसा दिलाया था। बताया जाता है कि, गुरुवार की रात राजा अंसारी ने मृतिका कुलसुम खातून को बुलाया और रात भर अपने घर पर रखा और सुबह यह कर घर भेज दिया कि मैं तुमसे शादी नहीं कर सकता। कुलसुम खातून को अपने प्रेमी राजा अंसारी के द्वारा किया गया अपमान सहन नहीं हुआ और घर में आकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मालूम हो कि मृतक कुलसुम खातून 8 भाई बहनों में तीसरे नंबर पर थी। मृतिका के परिजनों के द्वारा मामले की जानकारी बौंसी थाने को दी गई। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बांका भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच में जुट गयी है।

# 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल 56 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। दिनांक 08 अप्रैल 2023 को 12 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, किशनगंज द्वारा अपनी वाहिनी का 56 वां स्थापना दिवस वाहिनी के नए स्थान ,फुलवारी ,लहरा चौक, किशनगंज में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष 12 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल का स्थापना दिवस 1 अप्रैल को मनाया जाता रहा है। किंतु कुछ अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों के कारण वाहिनी का स्थापना दिवस दिनांक 08.04.2023 को मनाया गया।

सर्वप्रथम मुन्ना सिंह कमांडेंट 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल किशनगंज द्वारा मुख्य अतिथि के रुप में पधारे श्रीकांत शास्त्री, जिलाधिकारी, किशनगंज तथा श्रीमती किरण सिंह, संदीक्षा अध्यक्षा 12वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा श्रीमती श्वेता रानी श्रीमती ने पदाधिकारी को पुष्प गमला भेंट करने के पश्चात मुख्य अतिथि श्री श्रीकांत शास्त्री, जिला अधिकारी किशनगंज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर, केक काटकर तथा गुब्बारे को हवा में छोड़ने के साथ ही वाहिनी के 56वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

वाहिनी के श्वान दस्ते के श्वान , बड्डी द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया ।

मुन्ना सिंह, कमांडेंट 12 वीं वाहिनी द्वारा कार्यक्रम के संदर्भ में अतिथियों के स्वागत संबोधन के दौरान 12 वीं वाहिनी , सशस्त्र सीमा बल के गौरवमयी इतिहास के बारे में लोगों को बताया और वाहिनी के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

इसी खुशी के अवसर पर वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी डॉ आर.आर. अंसारी द्वितीय कमान अधिकारी (चिकित्सा) को प्रोन्नति पर कमांडेंट (चिकित्सा ) के रैंक और पद से विभूषित किया गया ।

वाहिनी के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।जिसमें आरक्षी सामान्य- अमितेश कुमार, सुनील कुमार शर्मा द्वारा स्वागत गान, आरक्षी सामान्य (महिला) सूर्या एस.एन द्वारा केरल शास्त्रीय नृत्य, मिस अनन्या कुमारी द्वारा नृत्य,आरक्षी सामान्य (महिला) कुमारी छेत्री एवं महिला जवान साथियों द्वारा नेपाली समूह नृत्य, आरक्षी सामान्य- दिव्य ज्योति बोरा एवं जवान साथियों द्वारा बिहू , असमिया लोकनृत्य ,आरक्षी



सामान्य (महिला) प्रियंका नायक एवं महिला जवान साथी द्वारा उड़ीसा संबलपुरी नृत्य, उप सहायक निरीक्षक फार्मासिस्ट, प्रमोद कुमार सैनी एवं श्रीमती सैनी द्वारा नशा विरोधी युगल नृत्य, आरक्षी सामान्य-धनराज महाजन और जवान साथियों द्वारा महाराष्ट्र का लोक नृत्य लेजिम की प्रस्तुति के साथ सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल सिलीगुड़ी के जैज बैंड द्वारा कार्यक्रम में अपने वाद्यों और सुरों का जलवा बिखेरा गया।

मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित, श्रीकांत शास्त्री, जिला अधिकारी द्वारा वाहिनी के स्थापना दिवस के अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों एवं बल कर्मियों को वाहिनी के स्थापना दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं प्रदान किया और उन्होंने कहा सशस्त्र सीमा बल भारत नेपाल की खुली सीमा पर चुनौतीपूर्ण कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। सीमा पर उनकी उपस्थिति से सीमावर्ती ग्रामीण स्वयं को सुरक्षित महसूस करने के साथ ही अपराधी तत्वों में डर का माहौल बना रहता है ।

वाहिनी मुख्यालय एवं भारत नेपाल सीमा पर स्थित वाहिनी की सीमा चौकियों द्वारा इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के खाद्य स्टौलों को लगाया गया ।

इस कार्यक्रम के दौरान श्रीकांत शास्त्री, जिला अधिकारी एवं श्रीमती शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशेष अतिथि के रूप में,

शैलेश कुमार सिन्हा, कमांडेंट 72 वीं वाहिनी, सीमा सुरक्षा बल , पांजीपारा, मधुकर अमिताभ, कमांडेंट, 19वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,ठाकुरगंज, डॉ इनामुल हक मेगनू, पुलिस अधीक्षक, रवि कांत द्विवेदी, ठाकुरगंज, उप कमांडेंट 19वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ठाकुरगंज, नागेंद्र कुमार तिवारी, प्राचार्य सरस्वती विद्या मंदिर, प्रदीप कुमार सिंह, सपत्नीक, मुख्य प्रबंधक,भारतीय स्टेट बैंक, कैल्टेक्स चौक, मुन्ना सिंह कमांडेंट 12 वीं वाहिनी, श्रीमती किरण सिंह, संदीक्षा , अध्यक्षा 12वीं वाहिनी, डॉ आर. आर. अंसारी कमांडेंट (चिकित्सा), श्रीमती शाहिना निजाम, संदीक्षा उपाध्यक्षा, 12वीं वाहिनी, काईखो अथिखो, द्वितीय कमान अधिकारी, फिलेम बसंता सिंह, उप कमांडेंट,सनिहे सलिउ, उप कमांडेंट, पदम सिंह मीना, सहायक कमांडेंट संचार, आयुष दधीचि, सहायक कमांडेंट, सतपाल सिंह, सहायक कमांडेंट, गुरदीप सिंह , सहायता समादेष्टा, निरीक्षक राजकुमार सहित सम्मानित मीडियाकर्मी एवं 12वीं वाहिनी,सशस्त्र सीमा बल के अधीनस्थ अधिकारी, बल सदस्यगण तथा उनके परिवार जन उपस्थित रहे।

# दो बच्चे की मां कुंवारे देवर से की प्यार,देवर कि शादी की बात पर, दोनों फांशी लगा दे दी जान

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

बांकाः जिले के चांदन प्रखंड सुइया क्षेत्र एक बड़ी खबर सामने आई है। एक प्रेमी प्रेमिका के इश्क में इस तरह का पागल हो गई थी की दोनों युगल प्रेमी एक कटहल पेड़ में रस्सी का फंदा लगा रस्सी के सहारे एक ही पेड़ में अलग-अलग झुल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया है। घटना तब सामने आया जब गांव के लोग शनिवार को अहले सुबह सोच करने उस ओर गया। जानकारी के अनुसार सुइया थाना क्षेत्र बरगुनिया गांव के जागो दास का 22 वर्षीय पुत्र रघुवर दास एवं गांव के ही मुकेश दास की पत्नी व दो बच्चे की मां 28 वर्षीय सविता देवी के बीच एक वर्ष पुर्व से ही प्रेम प्रसंग चल रहा था। रिश्ते में दोनों देवर भाभी होने की बात कही जा रही है। मृतिका सविता देवी की पति अक्सर परिवार चलाने के लिए बाहर रहा करता था। ओर दोनों देवर भाभी का प्यार परवान चढ़ा हुआ था, इधर जब मृतक



रघुवर दास के परिजन युवक को शादी कराने की बात तय कर दिया। जो आज ही के दिन 22 वर्षीय युवक रघुवर दास के घर में तिलक उत्सव होने के तैयारी में लोग लगा था। इस बात को लेकर दोनों प्रेमी देवर भाभी को मंजूर नहीं हुआ और दोनों एक दूसरे को मिटने के खातिर फांसी लगाकर जान दे दी। इस तरह की सनसनीखेज मामले को लेकर घटना स्थल पर गांव के लोग इकट्ठा होकर मौके से सुइया थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सुचना दे दिया। सुचना पाते ही थाना अध्यक्ष मनीष कुमार दल बल के साथ पहुंचकर दोनों मृत शव को ग्रामीणों के सहयोग से निचे उतरा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बांका भेज दिया। इस मौके पर धनुवसार पंचायत के मुखिया भोला यादव के अलावा दर्जनों लोग मौजूद थे। घटना के लेकर लोगों में तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं साथ ही मृतक दोनों के परिजनो में मातम पसरा हुआ है। मृतिका सविता देवी के 6 वर्ष का पुत्र अंकुश कुमार व 3 वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी आदि परिजन रो रो कर बुरा हाल है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो चचेरे भाई की हुई मौत परिवार गमगीन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदन/ सुईया थाना क्षेत्र के कटोरिया सुल्तानगंज मुख्य मार्ग स्थित गढ़वा मोड़ के समीप शनिवार के सुबह 9 बजे करीब बाइक दुर्घटना में दो युवक की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक सुईया थाना क्षेत्र के महेशमारा गांव निवासी मोदी दास का पुत्र नीतीश कुमार एवं नरेश दास का पुत्र रावण कुमार शामिल है।दोनों एक ही बाइक से अपने घर से सुईया बाजार सब्जी खरीदने जा रहे थे। कि मुख्य मार्ग स्थित गढ़वा मोड़ के निकट बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे खड़ा बिजली का पोल में जाकर भयानक टक्कर मार दिया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक का




परखच्चे उड़ गया। इस घटना की सूचना पर सुईया थाना अध्यक्ष मनीष कुमार को मिलते ही दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर दोनों शव को अपने कब्जे में लेते हुए रेफरल अस्पताल कटोरिया लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ विनोद कुमार ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद थाना अध्यक्ष मनीष कुमार एवं कटोरिया इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने दोनों मृत शव पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया गया। इधर दोनों युवक का मौत होने से परिजन रो रो कर बुरा हाल है तो ही पर गांव में मातम पसर गया है।

## शॉर्ट सर्किट से वेल्डिंग दुकान में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर राख

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

चान्दन/बांकाः चान्दन पंचायत के वार्ड नंबर दस अवस्थित एक वेल्डिंग दुकान में शुक्रवार दोपहर के करीब अचानक आग लग जाने से लाखों का सामान जलकर राख हो गई। दुकान में लगा मशीन कंप्यूटर कांटा, वेल्डिंग मशीन, ग्रैंडर, ड्रिल मशीन, जनरेटर लगभग दो लाख का समान जलकर बर्बाद हो जाने की बात बताया जा रहा है। दुकान में रखा कोई भी सामान उपयोग के लायक नहीं बचा है। आग कैसे लगी यह किसी को पता नहीं, राजस्थानी लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान में लगे विद्युत तार की शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने बात बताई जा रही है। क्योंकि दुकान में कोई स्टाफ द्वारा कोई काम नहीं हो रहा था, शुक्रवार दिन होने के कारण दुकान दार एवं गांव के व्यक्ति जुम्मा पढ़ने मस्जिद गए थे। दुकान में दो छोटे-छोटे बच्चे खाट पर सोए थे, जब अचानक आग लग गई तो बच्चे गांव में आकर चिल्लाने लगे तब जाकर किसी ने मस्जिद में सूचना दिया तब मस्जिद से सभी लोग



दौड़कर दुकान पहुंचे, तब तक दुकान में रखे सभी सामान जलकर राख हो चुका था। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार वसीम अंसारी, पिता मुस्तफा अंसारी ने बताया यही दुकान से अपने परिवार का भरण पोषण चलता था जो आज वह भी जल कर राख हो गया अब हमारे गुजर-बसर कैसे होगा इस बात को लेकर वसीम के सभी परिवार रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे चांदन मुखिया अनिल कुमार दुकानदार एवं उनके परिवार को भरोसा देते हुए सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं मुखिया ने दुर्भाष के माध्यम से चांदन अंचलाधिकारी को इस बात को लेकर जानकारी दिया अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य ने पीड़ित को आश्वास्त करते हुए कहा कि जली हुई दुकान की फोटो एवं आवेदन अंचल कार्यालय में जमा करा दें, जांच उपरांत को हर संभव सरकारी लाभ दिलाया जाएगा। बता दें कि पीड़ित दुकानदार वसीम एक गरीब परिवार से है वह बरसों से दूसरे के दुकान में मजदूरी करता था हाल ही में किसी तरह से अपनी दुकान कर अपने पूरे परिवार का भरण पोषण चला रहा था अब उनके पास वह भी नहीं रहा। फिलहाल दुकानदार वसीम को मदद की जरूरत है। दुकानदार वसीम के पूरे परिवार ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

# जनसंपर्क बढ़ाने के लिए पुलिसेर पाड़ा मीटिंग में वर्डबाशियो की कोई शिकायत! पुलिस लिया एक्शन

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरण :सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)**

सिलीगुड़ी में जनसंपर्क बढ़ाने के लिए पुलिसेर पाड़ा मीटिंग शुरू हो गई हैं । उस मीटिंग में स्थानीय लोगों ने एक के बाद एक शिकायतें उठाईं । शिकायत मिलने के बाद आज पुलिस ने इलाके में अभियान चलाया है । ज्ञात हो कि शुक्रवार शाम को सिलीगुड़ी नगर निगम अंतर्गत 17 नंबर वार्ड स्थित शिशु उद्यान में सिलीगुड़ी थाना व स्थानीय वार्ड कमिटी ने पुलिसेर पाड़ा मीटिंग का आयोजन किया था । इस दौरान सिलीगुड़ी थाने के आईसी अनुपम मजूमदार व अन्य पुलिस कर्मी , स्थानीय पार्षद व तीन नंबर बोरो की चेयरमैन मिल्ली सिन्हा सहित वार्ड कमिटी के अन्य सदस्य मौजूद थे । स्थानीय लोगों ने पुलिस के सामने कई शिकायतें कीं ।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सिलीगुड़ी कॉलेज के पास की सड़क नशे का



अड्डा बन गई है । रात होते ही शराब के नशे में धुत लड़के - लड़कियां वहां घूमने लगते हैं । साथ ही इलाके में तेज आवाज के साथ बाइकें आवाजाही करती है । इसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है । इतना ही नहीं बाघाजतिन पार्क के पीछे की सड़क पर मनसा मंदिर गली में दिनदहाड़े कई घरों में चोरी की घटनाएं घटी है । 17 नंबर वार्ड के निवासियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि सड़क पर बाइक की रफ्तार कम करने के लिय स्पीड ब्रेकर लगाया जाये और इलाके में सीसीटीवी पर विशेष नजर रखी जाये । स्थानीय लोगों की शिकायत सुनने के बाद आज सुबह सिलीगुड़ी पुलिस ने इलाके में अभियान चलाया । इस संबंध में पार्षद मिल्ली सिन्हा ने कहा कि सभी मुद्दों पर चर्चा हुई है । पुलिस ने सभी मुद्दों पर गौर करने का आश्वासन दिया है।

# स्वास्थ्य संस्थानों में जांच के साथ ही दवाओं का वितरण प्राथमिक तौर पर सुनिश्चित किया जाए: जिलाधिकारी

*-सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सुनिश्चित करायें निर्धारित रोस्टर का अनुपालन*

*-मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में जिला तीसरे स्थान पर*

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज , शनिवार 08 अप्रैल।**

जिले में स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशाशन की ओर से स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों को आम जनमानस तक पहुंचाने को लेकर आवश्यक पहल लगातार की जा राही है । जिले में मातृ-शिशु मृत्यु दर के मामलों में कमी लाने व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर विशेष मुहिम को ज्यादा कारगर व असरदार माना जा रहा है। मातृ-शिशु सेवाओं की बेहतरी को लेकर जिले में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधा को सुलभ रूप से मुहैया करने के लिए जिला प्रशासन काफी गंभीर है। इसीलिए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में प्रत्येक माह में दो बार स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा तथा नियमित रूप से सभी स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण भी जिलाधिकारी स्वयं कर रहे है। जिला सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य योजनाओं की सफलता की रणनीति ड्यू लिस्ट पर चर्चा, परिवार नियोजन पखवाड़ा से जुड़ी उपलब्धियों की समीक्षा, अनमोल एप के सफल क्रियान्वयन के साथ चिकित्सा इकाइयों में साफ-सफाई के बेहतर प्रबंधन की गहन समीक्षा की गयी। इसमें संस्थागत प्रसव, प्रथम तिमाही के दौरान गर्भवती महिलाओं की पहचान व गर्भवती महिलाओं की चौथी एएनसी जांच के साथ-साथ संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। जिला अस्पताल एवं एफआरयू में शल्य चिकित्सा, उचित परामर्श, उपचार एवं विभिन्न प्रकार की जांच के साथ ही दवाओं का वितरण प्राथमिक तौर पर सुनिश्चित किया जाए। क्योंकि विभागीय स्तर पर सभी तरह की सुविधाओं की उपलब्धता स्वास्थ्य संस्थानों में पहले से ही है। जिसका समय-समय पर मूल्यांकन करना अतिआवश्यक होता है। ताकि विभागीय स्तर पर होने वाली बैठकों में उसका प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा सके। स्वास्थ्य संबंधी मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि मैटरनल हेल्थ, चाइल्ड हेल्थ, इंफ्रास्ट्रक्चर, इम्युनाइजेशन, टीबी ट्रीटमेन्ट व एफआरयू से जुड़ी सेवाओं में निर्धारित मानकों में महामारी के दौर में जिले का प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने कहा सभी मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए अस्पताल में साफ- सफाई, लाइट एवं शुद्ध भोजन की व्यवस्था करना सर्वोपरि है। इस कार्य में कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। कार्य में असंतोष पाए जाने पर आउटसोर्सिंग एजेंसी पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर , जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ,डीपीएम डॉ मुनाजिम , डीपीसी विश्वजीत कुमार ,एस एम सी एजाज एहमद,सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, ,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबन्धक सहित अन्य मौजूद थे।

-सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सुनिश्चित करायें निर्धारित रोस्टर का अनुपालन- -

जिलाधिकरी ने लगातार क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न अस्पतालों के संचालन से जुड़ी खामियों को इंगित करते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को इसमें सुधार को लेकर कड़े निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में निर्धारित रोस्टर का अनुपालन सख्तीपूर्वक सुनिश्चित करायी जाये। वेलनेस सेंटर पर ओपीडी सेवाओं को ज्यादा कारगर व प्रभावी बनाया जाए । उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निवर्हन नहीं करने वाले चिकित्सक व कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में तीसरे स्थान पर जिला -



समीक्षा क्रम में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि पूरे सूबे में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में अपना जिला तीसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का उद्देश्य कन्या के जन्म को प्रोत्साहित करना एवं कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है ।योजना की सहायता से लिंग अनुपात में वृद्धि लाना एवं बालिका शिशु मृत्यु दर कम करने की भी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह पर अंकुश लगाने एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में भी योजना महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। योजना का बृहद उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में लाना है, ताकि महिला सशक्तिकरण की राह को आसान बनाया जा सके। आरोग्य दिवस पर गर्भवती महिलाएं एवं धातृ माताओं को सभी सविधा उपलब्ध कराएं-

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने समीक्षा बैठक में सभी स्वास्थ्य अधिकारियो को निर्देश दिया कि प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के चिकित्सा पदाधिकारियों, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी सेविकाओं को टीकाकरण के बाद उसका फॉलोअप निरंतर रूप से करना सुनिश्चित करें। जिसके लिए आरोग्य दिवस के दिन गर्भवती महिलाएं एवं धातृ माताओं के अलावा अभिभावकों को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी देने की आवश्यकता है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी एवं आईपीडी की सभी तरह की सुविधाएं मिल रही हैं ।विद्यालयों में विशेष रूप से आयोजन कर आईएफए की गोली खिला कर एनीमिया मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए सबसे अहम भूमिका निभाई जा सकती है ।वही देश में बढ़ते हुए संक्रमण को देखते हुए कोविड जांच को बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।


एनसीडी के माध्यम से विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच अनिवार्य-

बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि एनसीडी के माध्यम से विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच अनिवार्य रूप से करानी होगी। ताकि गैर संचारी रोगों की समय से पहले जानकारी मिल सके। उसका इलाज समय रहते किया जा सके। संचारी रोग से संबंधित टीबी जैसी बीमारियों से बचाव को लेकर अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। जिले में जब खत्म किया जा सकता है।

## प्राक्कलन राशि बोर्ड वगैर लगे लघु जल संसाधन विभाग से बांध में मिट्टी कटना प्रारंभ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः- चांदन प्रखंड क्षेत्र के गौरीपुर पंचायत के गौरीपुर बांध में लघु जल संसाधन विभाग में टेंडर के माध्यम से मिट्टी कटना प्रारंभ हो गया है। जबकि गौरीपुर बांध के बगल तुर्की- सिमुलतला मुख्य मार्ग पर लगा के बोर्ड के आधार पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बिहार के कर कमलों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बांका जिले के चांदन प्रखंड ग्राम गौरीपुर में गौरीपुर बांध का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया गया है। जिसके विशेष विशिष्ट अतिथि बिहार के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री तेजस्वी यादव एवं अध्यक्ष श्री जसवंत राय माननीय मंत्री अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा 6/4/2023 को संपन्न किया गया। इसकी बोर्ड बांध के पास लगते ही ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। लेकिन कुछ ग्रामीणों




ने खेद भी प्रकट किया है। क्योंकि बांध में तो काम जेसीबी हो रही है। लेकिन बांध में कहीं किसी प्रकार की योजना संख्या , उसकी प्राक्कलन राशि का बोर्ड नहीं लगा हुआ है। और बांध के इर्दगिर्द लगभग 10 दिनों से काम चल रही है। मेड की रंगाई जेसीबी से छीलकर कर दिया गया है ।गौरीपुर, भूईयांडीह के ग्रामीणों का कहना है कि बांध में अभिकर्ता कौन है किसकी देखरेख में किया जा रहा है जिसका कोई अता पता नहीं है। वहीं वर्तमान जेसीबी चालक बताता है मुझे इस संबंध में कोई पता नहीं है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण चिंतित है की हमारा बांध का लागत प्राक्कलन राशि कोई लूट के नहीं चला जाए। फिर पूर्व की तरह आधी अधूरी बांध न रह जाए। इसलिए लोगों का मानना है कि बांध में काम करने के पूर्व विभागीय आदेशानुसार बोर्ड लगाना सबसे जरूरी है, तभी बांध का जीर्णोद्धार होगा।

# धनकुण्ड पुलिस ने कार से 186 बोतल अंग्रेजी शराब को किया बरामद, वाहन चालक और तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संजीव कुमार पाण्डेय**

धोरैया : धनकुण्ड थाना क्षेत्र अन्तर्गत लाड़न स्कूल के समीप शनिवार को धनकुण्ड पुलिस ने बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप को बरामद किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिला था की झारखंड से एक सफेद रंग की टाटा टैगोर कार में अंग्रेजी शराब का खेप लेकर तस्करी के लिये संन्होला होते हुवे धनकुण्ड की ओर आ रही है. इस सूचना के आधार पर धनकुण्ड थाना प्रभारी मंटू कुमार ने नाकाबंदी करते हुवे कार की निगरानी शुरू कर दी। कार जब धनकुण्ड थाना क्षेत्र के लाड़ण स्कूल के समीप पहुंची तो पुलिस की घेराबंदी देखकर चालक ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। कार पर सवार तस्कर खगड़िया जिला अंतर्गत सर्वोदय नगर गांव निवासी नवीन कुमार व मरार दक्षिण गांव निवासी मिस्टर राम को गिरफ्तार किया है। जबकि कार को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है इस संदर्भ में धनकुंड थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों को जेल भेजा जाएगा।

## हाई स्कूल में रोजगार परामर्श कार्यशाला का आयोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेनासोल में किया गया!

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड), 8 अप्रैल 2023:- भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम के अध्यक्षता में प्रदेश द्वारा निर्देशित हाई स्कूल में रोजगार परामर्श कार्यशाला का आयोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेनासोल में किया गया! कार्यशाला में अतिथि और वक्ता के रूप में घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व प्रत्याशी सह हाई कोर्ट के अधिवक्ता लखन मारडी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाबनी के प्रभारी डॉक्टर एस एल माडी, विद्यालय के प्रधानाचार्य मालती भगत सभी ने छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए कहे की समय का सदुपयोग करें, मेहनत में कंजूसी नहीं करें और एक लक्ष्य बनाकर पढ़ने की सलाह दिए! सभी वक्ताओं ने बहुत ही विस्तार पूर्वक रूप से छात्रों को जीवन के मूल- मंत्र छात्रों के कंधों में आने वाले समय में देश की जिम्मा उठाने का आह्वान किया! साथ ही माता पिता के आज्ञा का पालन करते हुए मन लगाकर पढ़ने का बात बोलें! प्रखंड प्रमुख ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा पढ़ाई में अगर संसाधन और साधन की कोई समस्या होगी या कोई बाधा होगी तो निसंकोच उनसे संपर्क करने को कहा ताकि समस्या का निदान हो सके! कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष भुकतु मारडी, विधानसभा प्रभारी परमीत पूर्ति, जिला उपाध्यक्ष लिटाराम मुर्मू शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे!



## पाटकीता विद्यालय में घटिया निर्माण का निरीक्षण में पाई गई गड़बड़ी

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),8अप्रैल 2023:- प्रखंड प्रमुख सह जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा रामदेव हेंब्रम ने पाटकीता में डीएमएफटी फंड से निर्माण हो रहा है विद्यालय का निरीक्षण किया निरीक्षण में मजदूरों और ग्रामीणों से बात करते हुए देखा कि विद्यालय निर्माण में उपयोग किए जा रहे सरिया लोकल मार्केट की है मजदूरों को सरकारी दर नहीं दिया जा रहा है योजना स्थल पर प्रकलित राशि और मानव दर की कोई बोर्ड नहीं लगी हुई है! ग्रामीणों ने बताया विभाग के इंजीनियर कोई दिन आते नहीं है संवेदक को आज तक हम लोगों ने देखा नहीं किससे बात करें समझ में नहीं आ रहा है! प्रमुख ने सुपरवाइजर को कड़ा निर्देश देते हुए कहा दो दिनों के अंदर बोर्ड लगनी चाहिए और मजदूरों को उनकी सही मजदूरी दिया जाए अन्यथा आंदोलन होगी प्रमुख ने बताया विद्यालय की स्वीकृति के लिए ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधि से लेकर विधायक सांसद तक को ज्ञापन सौपे थे बड़ी मशक्कत के बाद विद्यालय का निर्माण हो रहा है लेकिन इस प्रकार घटिया सामग्री लगाकर कार्य करने की संस्कृति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा! मौके पर जिला उपाध्यक्ष लीटा राम मुरमू, बागुन केराई ,कुनुराम सोरेन, दिनेश ,साधु चरण हेमराम, सूरज हेंब्रम और ग्रामीण उपस्थित रहे!



## महान वैग्यानिक सर जगदीश चंद्र बसु के पौत्री का गिरिडीह में आगमन

**दैनिक समाज जागरण कपिल कुमार मिश्रा ब्युरो चीफ गिरिडीह**

गिरिडीह(झारखंड):-गिरिडीह में प्रसिद्ध साईंटिस्ट सर जगदीश चंद्र बसु के पौत्री सुप्रीया राय का आगमन हुआ।यहां सरस्वती विद्या मंदिर में एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। विद्यालय के पुर्व सचिव रुबिका राजगढिया ने सुश्री राय को शाल ओढाकर सम्मानीत किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानीत किया।मौके पर विभाग सदस्य राम रतन महर्षी,उपाध्यक्ष रामप्रसाद सिन्हा ने अंगवस्त्र देकर सम्मानीत किया।सभा को संबोधीत करते हुए सुश्री राय ने कहा कि मै अपने दादाजी के धरती पर स्वयं को गौरवान्वीत महसूस कर रही हूं।मै खुद अंग्रजी शिक्षिका हुं,लेकिन अपनी मातृभाषा पर गर्व करती हुं।राम रतन महर्षी ने कहा कि रुचिका ने गुरु शिष्य परंपरा को जिवीत रखा।



## मोहनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया

**दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता मोहनपुर देवघर**

मोहनपुर देवघर (झारखंड) दिनांक 8 अप्रैल 2023:
9 अप्रैल 2023 को देवघर में आयोजित होने वाली बैठक को सफल बनाने हेतु मोहनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत की गई जो दिनांक 08 अप्रैल 2023 को मोहनपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक प्रखंड अध्यक्ष हेमंत कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मोहनपुर विवाह भवन में आहूत की गई। इस बैठक में बतौर अतिथि प्रखंड प्रभारी डॉ. अनुप कुमार ने भाग लिया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित जय भारत सत्याग्रह यात्रा के तहत 9 अप्रैल 2023 मे देवघर में आयोजित होने वाली बैठक को सफल बनाने के लिए आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में निम्न हस्ताक्षित पार्टी पदाधिकारीयो सदस्य एवं कार्यकर्ता ने भाग लिया। जिला सचिव कृष्ण यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष नारायण यादव, खुशवंत प्रधान, मुखिया प्रतिनिधि दिलीप यादव, एससी एसटी मोर्चा गौतम तुरी,उमेश कुमार यादव,मंडल अध्यक्ष मुकेश दास, दिलीप कुमार, राज कुमार, गोपाल तांती, इन्द्रदेव यादव, शंकर दास, दामोदर राय, धमेर्दर पाडेण्य इत्यादि। इस दौरान बैठक में चर्चा की गई की सभी अपने पंचायत स्तर से जागरूक करें जिससे भारतीय जनता पार्टी ने देश में किस तरह महंगाई एवं बेरोजगारी उत्पन्न कर दी है जिन्हें लोगों को जागरूक किया जाए एवं इनके प्रति कोई बोलने वाले होते हैं उन्हें झूठे केस में फसाया जाते हैं।



## चैती काली पूजा विधि विधान पूर्वक किया गया

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल गोस्वामी फतेहपुर**

जामताड़ा (झारखण्ड) अपने आप को समर्पित करके पूजा पाठ करने से मोक्ष मिलती है•••••••अनादि गोस्वामी

हिन्दु सनातन धर्मावलंबी का जीवनचर्या पूजा पाठ से ही शुरू होता है। सदियों से यह परंपरा को अपना आधार भूत मानकर हिंदू समुदाय के लोग विभिन्न देवताओं का सानिध्य मंदिर में जाकर समर्पित भावनाओं से माथा टेकते हैं। इसी सिलसिले में 33 कोटी देवताओं में से चैती काली पूजा अर्चना आज विभिन्न हिंदू बहुल प्रांत में करते चले आ रहा है। इसी मे एक फतेहपुर प्रखंड के सिमलाडंगाल पंचायत के अंतर्गत जोरडिहा गांव में चैती काली मां की पूजा अर्चना विधि विधान पूर्वक किया गया। पूजा अर्चना में मूल रूप से पुरोहित के रूप में अनादि गोस्वामी ने पूरा किया। ढोल डाक शंख तथा उलूध्वनी के बीच सम्पन्न हुआ। बता दें यह पूजा अर्चना वार्षिक है उसमे महीना के शनिवार और मंगलवार को ही किया जाता है। पूजा अनुष्ठान में सक्रिय रूप से गांव के गड़ात दिलीप बाउरी तथा पूजा में अपना अहम योगदान साथी कुमारी कर रही थी। मौके पर श्रद्धालु एवं भक्तों अपने मन्नत को मनाने तथा जिसका मन्नत पूरा हो गया है। वह अपने गछती (कबुल) पूरा करने में मां के दरबार में बैठे हैं। विशेष बात यह है कि पूर्व में परंपरा के अनुसार छाग तथा बकरा का बलि की प्रथा चलते आ रहा था। लेकिन इस दौरान अनादि गोस्वामी ने बताया कि छाग बकरा का बलि मां के सानिध्य में देना सही नही समझा । मेरा विवेक ने यह कर्मों को कबूला नहीं । इसलिए हम संज्ञान लेते हुए कई वर्षों से निरामिष पूजा अर्थात बिना बलि से ही पूजा पाठ शुरू कर दिए। वैसे ही पूजा अर्चना करते आ रहे हैं छाग व बकरा बलि देना बड़ी बात नहीं है ।आपने ॠतुओ को अनुशासित करके मॉ के सानिध्य होकर अपने आप को समर्पित भाव से पूजा करने से परम शांति एवं मोक्ष को प्राप्त होती है।



## शोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत होना होगा--रूचिर तिवारी

**समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 8अप्रैल 2023:- आज भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत ग्राम - हरैया में शाखा की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता लखन राम ने किया। बैठक में सर्वप्रथम पार्टी जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता नवीकरण को समय पर करने को कहा और उन्होंने कहा कि नौडीहा बाजार के ग्राम, हरैया, अमवाडीह, हुलसी कला,करकटा सहित सभी गांव में पार्टी की सदस्यता बढ़ रही है इस इलाके में पार्टी की सदस्यता को दुगना करना है तभी हम शोषण मुक्त समाज की स्थापना कर सकेंगे। इस इलाके में पहले जमींदार परिवार के शोषण से मुक्ति कम्युनिस्ट पार्टी ने करवाया था आज उसी जमीन को पूर्व जमींदार परिवार के लोग प्रशासनिक और अंचलाधिकारी के सहयोग से गरीबों के जोत कोढ़ एवं घरबारी की भूमि से लोगों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है उनके इस मंसूबे को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज देश में मोदी सरकार ने आम जनता पर भिन्न भिन्न तरह के टैक्स, जीएसटी लादकर गरीबों को मंगहाई में झोक दिया और देश के पुंजीपतियो को मालोमाल कर दिया है। मनरेगा में को काम नहीं हो रहा है।खेत में अकाल पड़ा हुआ है। मजदूरों के पास कोई काम नहीं है। राज्य सरकार के पास विकास का कोई विजन नहीं है। ऐसी परिस्थिति में पार्टी ने भाजपा भगाओ देश बचाओ का नारा कम्युनिस्ट पार्टी ने दिया है ओर भाजपा को भगाने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत होना होना। बैठक में राजेंद्र बैठा, चलितर भूइंया, बिनोद भूइंया, सुनर भूइंया, रामानन्द भूइंया, कमल भूइंया, बिगन राम, सुबोध भूइंया, भजन भूइंया सहित कई लोग उपस्थित थे।



## चालकों की सुरक्षा पर शिक्षकों की शिक्षा कारगर है-अविनाशदेव

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 8 अप्रैल 2023:- बच्चों की पढ़ाई लिखाई कई चीजों पर निर्भर है। घर पर तैयार होने नास्ता करने से लेकर विद्यालय पहुँचने के बीच अनेक चीजों का सामना बच्चों को करना पड़ता है। जिसमें खास है स्कूल बस से विद्यालय आना जाना।सुरक्षित सफर बस चालक के हाथों में है इसलिए आज चालक उपचालक के साथ विद्यालय प्रशाल में प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श ने बैठक कर यातायात नियमों के पालन पर गहनता से चर्चा किये। चालक, उपचालक को संबोधित करते प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श ने कहा गाड़ी के चाल नियंत्रित हो,बच्चों के सामने धुम्रपान निषेध करें,चलती वाहन में कान में ईयरफोन का प्रयोग सर्वथा वर्जित करें,अश्लील संवाद से बचें। रास्ते में किसी प्रकार की व्यवधान उत्तपन्न हो तत्काल विद्यालय प्रबंधन को सूचित करें, हमेशा यूनिफॉर्म में रहें,हमेशा शिक्षकों बच्चों से कुछ अच्छी बातों को अमल करें ताकि आपके व्यवहारिक जीवन में काम आ सकें। विद्यार्थियों को किसी प्रकार का प्रतिकूल असर न पड़े आप सबों को ख़्याल रखना है। बस में बैठे बच्चे देश व समाज के होनहार भविष्य हैं क्या पता कोई उट, उट मुस्कुरा रहे हों। मैं चलभाष से सभी ड्राइवर हेल्पर को शुभकामनाऐं प्रेषित किया और आगे चल कर कुछ बेहतर व्यवस्था बनाने की उम्मीद भी दिये। सरकार के दिशा निदेर्शों, उइरए के मानक अनुरूप बसों में सी सी टी वी कैमरा,जी पी एस लगा हुआ अत्याधुनिक तकनीक से परिपूर्ण सभी बसें है जिसे बच्चे हमेशा सुरक्षित महसूस करते हैं और समय को भी बचाते हैं। चाहें तो अभिभावक हर समय का मुआयना कर सकते हैं कि हमारा बच्चा अभी कहाँ पहुँचा और क्या कर रहा है। हम बेहतर शिक्षा के दिशा में हर सुविधा प्रदान करने के लिए ततपर हैं। मेरा मकशद है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उत्तम संस्कार से बच्चों के भविष्य निर्माण।



## घाटशिला के होटल आनंदिता पैलेस में भाजपा पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती के अध्यक्षता में जिला के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक सम्पन्न हुई

दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला प्रभारी नंदजी प्रसाद,वरिष्ठ नेता लखन मार्डी।

पूर्वी सिंहभूम झारखंड 08 अप्रैल 2023 - इस बैठक मे हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ, आंदोलन के तहत भाजपा झारखण्ड द्वारा आगामी 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री सचिवालय घेराव कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम जिला के कार्यकताओं की भागीदारी के संबंध में चर्चा की गई।जिसमे जिला के सभी मंडलों के प्रत्येक पंचायत से लोगो का जाना सुनिश्चित की गई जिसका नेतृत्व पंचायत के कार्यकर्ता करेंगे।

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा वर्तमान सरकार ने सिर्फ युवाओं को सपने दिखाने का काम किया है 5 लाख नौकरी , बेरोजगारी भत्ता और न जाने क्या क्या हकीकत इसके परे है प्रदर्शन कर रहे छात्र नेताओं पर डंडे बरसा कर अपने बर्बरता को दशार्या है। झारखंड के युवा के साथ भारतीय जनता पार्टी हमेशा साथ थी और आगे भी रहेगी इसी आश्वासन के साथ 11 तारिक को सफल बनाने के लिए युवा वर्ग हमारे साथ है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ गोस्वामी ने कहा रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगने, प्राकृतिक संसाधन की लूट-खसोट, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, तुष्टिकरण की नीति,भष्टाचार एवं सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रांची के सड़को में भाजपा के एक एक कार्यकर्ता उतरकर इस अहंकारी सरकार को उखाड़ फेंकने की नीव रखेंगे।

पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने कहा हेमंत सरकार से जनता त्रस्त है,विकास ठप है,युवा बेरोजगारी से परेशान है,महिलाए असुरक्षित है,भ्रष्टाचार चरम पर है और जनता त्राहिमाम कर रही है।

जिला प्रभारी नंदजी प्रसाद ने कहा 11 अप्रैल सचिवालय घेराव कार्यक्रम में प्रत्येक पंचायत से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता एवं आम जन मानस भाग लेंगे।

मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश साव,चंडीचरण साव,सरोज महापात्र,किसान मोर्चा कोल्हान प्रभारी बबलू प्रसाद, जिला महामंत्री हराधन सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रंगलाल महतो,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माला दे,एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष महादेव बैठा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नौशाद अहमद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामदेव हेंब्रम, सुरेश माहली, रोहित सिंह परमार, लक्ष्मण राव,संजय तिवारी, बिनोद सिंह, चंचल दास, राजकुमार कर, शतदल महतो,

दिलीप पुराण, आशीष महापात्र, मुकेश भकत,बिमल कालिंदी, अमरदीप शर्मा, पोल्टु सरदार, दीपेश शर्मा, विजय पांडेय मनोज प्रताप सिंह, गौर पत्रो, राजीव महापात्र, सुखेन दास उपस्थित थे।



## रांची में बंद का असर शुरू

### सड़कों पर उतरे आदिवासी संगठन, रांची प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी, समाज जागरण**

दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,रांची (झारखंड ) 08 अप्रैल 2023:- राजधानी रांची में कई आदिवासी संगठनों के लोग शनिवार की सुबह से रांची बंद कराने में लग गये हैं. सरना झंडा के अपमान के विरोध में सड़कों पर जहां-तहां पारंपरिक हथियारों, लाठियां लेकर आवागमन बाधित कर रहे हैं. बिरसा चौक पर चारों ओर से घेराबंदी कर दी है और टायर जलाए जा रहे है. रातू रोड-बिरसा चौक बायपास रोड को भी डिस्टर्ब कर रखा है. इससे इस रूट पर स्थित डीपीएस स्कूल सहित अन्य स्कूलों, संस्थानों में आने जाने वाले स्टूडेंट्स और अन्य लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है. इसी तरह राजधानी के अन्य हिस्सों में भी परिवहन सेवाओं पर असर पड़ा है. इधर, रांची जिला प्रशासन ने सीएम आवास, सचिवालय की 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगा रखी है. डीसी और एसएसपी 7 अप्रैल को संयुक्त आदेश जारी कर इस संबंध में चेतावनी जारी कर दी थी. इसका उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही थी. सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को 1500 जवानों की मदद शहर भर में ली गई है.झारखंड प्रदेश पाहन महासंघ के जगदीश पाहन, चंदन पाहन और अन्य पिछले कुछ दिनों से मांग करते आ रहे हैं कि सरना झंडा का जहाँ तहाँ अपमान हुआ है. ऐसा करने वालों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए. ऐसा नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन होगा. इसके बाद 7 अप्रैल को मशाल जुलूस निकाला गया. अब शनिवार को संगठनों के लोग रांची बंद के लिए सड़कों पर उतर गये हैं.



## मुसाबनी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती सीमा कुमारी द्वारा कुईलीसुता पंचायत का औचक निरीक्षण किया

**समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन प्रखंड संवाददाता मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),8अप्रैल 2023:- आज दिनांक 08.04.2023 को मुसाबनी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती सीमा कुमारी द्वारा कुईलीसुता पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मनरेगा योजना से क्रियान्वयन योजना, आम बागवानी, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित कर्मचारियों को आवश्कता अनुसार दिशा-निर्देश भी दी गई। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा मनरेगा के तहत चल रहे दीदी बाड़ी योजना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत संचालित आम बागवानी का निरीक्षण किया। लाभुको द्वारा आम बागवानी पर किए गए मेहनत से काफी संतुष्ट दिखे और उसे आम के सिचाई के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद पास में ही मनरेगा योजना के तहत डोभा एवं तालाब में काम कर रहे मजदूरों से बात चीत कि गई। तथा सभी मजदूरों से अपिल की गई कि किसी भी प्रकार से कोई परेशानी होती है तो तत्काल प्रखंड कार्यालय में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेग या फिर हमको सूचित करें। कार्य स्थल में जॉब कार्ड, मजदूरों के लिए पानी, दवाई किट आदि का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत आवास योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाभुकों को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द ससमय आवास को पुनः करे ताकि गृह प्रवेश कराया जा सके तथा संबंधित पंचायत सचिव को निर्देश दी गई किसी भी प्रकार से कोई परेशानी होती है तो तत्काल सूचित करेगें। ऑगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया केन्द्र में बहुत कम ही बच्चे उपस्थित है इसपर सेविकाओं निर्देशित किया गया कि किस परिस्थिति में कम बच्चे उपस्थित हुए है आपके द्वारा गांव में जागुरूकता अभियांन चलाया जाए ताकि अधिक से अधिक बच्चे उपस्थित हो सकें। इसके बाद बच्चों के लिए बनाया जा रहा भोजन के गुणवक्ता की जांच की गई और सेविकाओं को आवश्कता अनुसार दिशा-निर्देश दी गई।



## चौथे दिन कुड़मी समर्थकों को रेलवे लाइन से हटाने की है योजना

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),8अप्रैल 2023:- कुड़मी को आदिवासी का दर्जा देने की मांग को लेकर कुड़मी समर्थकों का चौथे दिन भी रेल चक्का जाम खेलासुली स्टेशन पर जारी है. रेल चक्का जाम से रेलवे को भारी राजस्व की क्षति हो रही है. इसको ध्यान में रखते हुये चौथे दिन कुड़मी समर्थकों को रेलवे लाइन से हटाने की योजना बनायी गयी है. मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को भेजा गया है. शाम तक आवागमन सामान्य करने की कवायद चल रही है.चारों तरफ से कई राज्यों से भेजा गया फोर्स कुड़मी समर्थकों को रेलवे लाइन से हटाने के लिये कई राज्यों से पुलिस फोर्स को मौके पर भेजा गया है. वे किसी से बात भी नहीं कर रहे हैं. ऐसे में समस्या का समाधान होता नहीं दिख रहा है. रेल चक्का जाम की जानकारी पीएम मोदी को पहले दिन ही मिल गयी थी, लेकिन यह घाव अब ठीक होने के बजाये नासुर बनता जा रहा है. बलपूर्वक हटाने की कवायद रेलवे की ओर से कुड़मी समर्थकों को खेलमासुली स्टेशन से बलपूर्वक हटाने की योजना बनायी गयी है. रेलवे की यह योजना कितनी कारगर साबित होती है यह समय ही बतायेगा. देश को झकझोर दिया है रेल चक्का जाम ने कुड़मियों का रेल चक्का जाम का प्रभाव सिर्फ झारखंड, बंगाल या ओड़िशा पर ही नहीं पड़ा है बल्कि इसका असर पूरे देश में पड़ रहा है. चर्चा यही हो रही है कि क्या केंद्र सरकार भी इस समस्या का समाधान कर पाने में सक्षम नहीं है. इसके पहले भी रेल चक्का जाम स्टेशनों पर किया जाता रहा है, लेकिन लगातार चार दिनों तक नहीं पहुंचता था. कुड़मियों का रेल चक्का जाम से पूरी अर्थव्यवस्था ही चरमराती दिख रही है.



## कुड़मी / कुरमी जनजाति को एसपी में शामिल करने की मांग को लेकर रेल और हाईवे का चक्का जाम से जानता हल्कापन, ट्रेनें रद्द, सामानों की ढुलाई प्रभावित, कीमतों में बढ़ोतरी

**दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) 08 अप्रैल 2023 - कुड़मी / कुरमी जनजाति को एसटी में शामिल करने और कुड़मी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने की मांग को लेकर रेल चक्का जाम अब हाईवे तक पहुंच चुका है, आज शनिवार है। और लगातार चौथे दिन भी जाम बदस्तूर जारी है, जिसके कारण सामान्य जन - जीवन अस्त - व्यस्त सा हो गया है, पश्चिम बंगाल के खेमाशूली में जाम का नजारा देखने लायक है, अब तो इस आंदोलन में भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल हो चुकी है, ज्ञात हो कि कुड़मी नेता राजेश महतो के नेतृत्व मैं विगत 4 अप्रैल से हाईवे छोटी 49 को जाम रखा गया है वही 5 अप्रैल से रेलवे लाइन को जाम कर सभी आंदोलनकारी पटरी पर डेरा डाल कर बैठ गया मालवाहक और पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह से ठप पड़ गया है, जिसके कारण एक और जहां जानता के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवागमन मुश्किल हो गया है वही रोजना जरूरत के सामानों की धुलाई भी बंद है जिसके कारण सब्जी फलों समेत दूसरी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है, गरीबों की थाली से सब्जियां गायब हो रही है ट्रेन में सामान बेचकर आजीविका चलाने वाले वेंडरों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हुई है कुल मिलाकर इस आंदोलन में स्थिति और भी विकट होती जा रही है, मगर सरकार के स्तर से इस दिशा में कोई भी पहल नहीं की जा रही है, जो गहन चिंता का विषय है इधर आंदोलनकारी 1 इंच भी पीछे हटने के लिए तैयार नहीं दिखते



आदिवासी कुड़मी समाज के नेताओं ने साफ कर दिया है कि जब तक उसकी मांगे मानी नहीं जाएगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

कुड़मी/ कुरमी जाति के लोग क्यों कर रहे हैं आंदोलनः

झारखंड में कुड़मी / कुरमी जाति की बहुलता है, इनकी जमीन सीएनटी के दायरे में आती है, झारखंड से लगे पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के सीमावर्ती इलाकों में भी कुड़मी / कुरमी जाति के लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं, उनकी लंबे समय से मांग है कि उन्हें एसटी यानी अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिलना चाहिए, समाज की तरफ से कुरमाली भाषा को भी आठवीं सूची में शामिल करने की मांग की जा रही है,

किस के बैनर तले हो रहा है आंदोलनः

कुड़मी / कुरमी जाति को एसटी का दर्जा नहीं देने की मांग को लेकर तीन राज्यों में आंदोलन चल रहा है, इसकी शुरूआत पश्चिम बंगाल के कुड़मी समाज और आदिवासी कुड़मी समाज की ओर से किया गया है इसका समर्थन झारखंड के कुड़मी / कुरमी विकास मोर्चा और कुड़मी संस्कृति विकास समिति कर रही है, इस आंदोलन को ओडिशा की कुड़मी सेना भी समर्थन प्राप्त है आंदोलन में एकजुटता बनाए रखने के लिए रात के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होता है।

## राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका को नम आंखों से दी गई विदाई

**दैनिक सामाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सरायकेला**

(झारखण्ड)8 अप्रेल- उत्क्रमित उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित शिक्षिका संध्या प्रधान के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया. शनिवार को स्कूल परिसर में शिक्षक और स्कूली बच्चों शुभेक्षा समारोह का आयोजन किया गया. इसमें संध्या प्रधान को नम आंखों से विदाई दी गई. शुभेच्छा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुब्रता महतो विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह मौजूद रहे. सम्मान पत्र समेत उपहार देकर किया गया सम्मानित मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षिका संध्या प्रधान को सम्मानित किया. वही स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें सम्मान पत्र समेत उपहार से सम्मानित किया. कार्यक्रम में बच्चों ने ह्गुरुवर ना जाओ छोड़कर यह कहती है धड़कनह्न गीत प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया. सेवानिवृत शिक्षिका संध्या प्रधान ने कहा कि भले ही स्कूली पठन-पाठन कार्य से सेवानिवृत्त हुई है. लेकिन शिक्षा और बच्चों से दूर नहीं है. स्कूल में रहकर जो कार्य शिक्षा के लिए नहीं कर पाई वह अब सेवानिवृत्त होकर करेंगी. प्रधान ने कहा कि यह स्कूल इन के लिए रणक्षेत्र से कम नहीं था जिसे एक मुकाम तक पहुंचाया है. कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरेंद्र नारायण सिंह ने संध्या प्रधान के शिक्षा जगत में अतुलनीय योगदान की सराहना की. कार्यक्रम में वार्ड पार्षद नथुनी सिंह, सिंहभूम बंगीय एसोसिएशन के संरक्षक पीके नंदी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे